दैनिक
# नव प्रदेश
प्रदेश के साथ पूरा देश...

RNI NO.CHHIN/2012/41806 रायपुर, बुधवार 8 दिसंबर 2021, कृष्ण पक्ष तृतीया, विक्रम संवत-2077 वर्ष-10 अंक-290 पृष्ठ-08 मूल्य-3 रुपए रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित www.navpradesh.com


## रेडी टू ईट फूड निर्माण व वितरण पर 12 जनवरी को सुनवाई, महिला स्व सहायता समूह को झटका

**बिलासपुर/नवप्रदेश।** महिला स्व सहायता समूहों के द्वारा लगाई गई याचिका पर मंगलवार को हुई सुनवाई में राज्य सरकार का पक्ष हाईकोर्ट ने मांगा है। ऐसे में अब अगली सुनवाई 12 जनवरी को होगी। सुनवाई आगे बढ़ने से महिला स्व सहायता समूह हाईकोर्ट से निराशा हाथ लगी है।

गौरतलब है कि रेडी टू ईट मामले में पांच स्व सहायता समूहों ने हाईकोर्ट में याचिका दायर करते हुए छत्तीसगढ़ सरकार के फैसले को चुनौती दी थी। समूह का कहना है कि छत्तीसगढ़ सरकार के रेडी-टू-ईट संबंधी नए फैसले से प्रदेश की हजारों स्व सहायता समूह प्रभावित हो रहे हैं। इन समूहों से लाखों महिलाएं जुड़ी हुई हैं। दरअसल, कैबिनेट की बैठक में निर्णय लिया है कि अब आंगनबाड़ी केन्द्रों में वितरण किए जाने वाले रेडी टू ईट का निर्माण स्व सहायता समूह नहीं करेंगीं। सरकार ने इसके गुणवत्ता पूर्ण

निर्माण के लिए अलग सरकारी एजेंसी तय कर दी है। अब स्व सहायता समूहों की भूमिका केवल वितरण में रहेगी।

प्रकरण में संपूर्ण सुनवाई के बाद है कोर्ट ने व्यवस्था देते हुए कहा कि राज्य शासन इस योजना को 4 फरवरी 2022 से लागू करेगा तब तक किसी भी स्व सहायता समूह को राज्य शासन बाहर नहीं कर रही है और उन्हें तब तक कार्य करने की अनुमति शासन के निर्देशानुसार प्रदान की जाती है। इसके साथ ही यदि शासन चाहे तो राज्य शासन एवं स्व सहायता समूहों के बीच जो अनुबंध हुए है, उन्हें अनुबंधों की शर्तों अनुसार ही उसे समाप्त कर सकता है, ऐसे में राज्य सरकार के उक्त निर्णय पर न्यायालय ने किसी भी प्रकार से रोक नही लगाया है।

राज्य सरकार की ओर से महाधिकता सतीश चन्द्र वर्मा ने न्यायालय को यह अवगत कराया है कि महिला समूहों को जो उनका मूल कार्य है जिसमें रेडी टू ईट फूड को गरम पकाना, बच्चों को वितरीत करना, ट्रांसपोर्ट करना अर्थात जो मूल कार्य है वह करने की अनुमति राज्य सरकार पूर्व में ही दे चुका है और उनके हितों की रक्षा राज्य सरकार कर रही है।

अतएव उपरोक्त तारतम्य में किस भी अंतरिम आदेश की आवश्यकता महिला स्व सहायता समूह के लोगों के पक्ष में देने की आवश्यकता नहीं है। मामले को राज्य शासन के जवाब के बाद 12 जनवरी 2022 को सुनवाई के लिए तय किया गया है।

### आज बेबाक

उत्तर प्रदेश के मतदाताओं की बल्ले-बल्ले होने जा रही है। चुनाव आचार संहिता लागू होने के पहले वहां राज्य और केन्द्र सरकार अरबों रूपए के सौगातों की बौछार कर रही है। वहीं विपक्षी पार्टियों ने लोक लुभावन चुनावी वादों का पिटारा खोल दिया है। जिन राजनीतिक दलों को पता है कि उनकी सरकार बननी ही नहीं है वे तो ऐसे-ऐसे वादे कर रहे है कि बस आसमान से चांद तारे तोड़कर लाने की ही कसर बाकी रह गई है। वोट कबाड़ने के लिए राजनीतिक पार्टियों के बीच प्रलोकभन परोसने की जो होड़ लगी है वह वाकई हैरतअंगेज है।

### सूर्योदय
उदय : 7.00 प्रात:
अस्त : 5:37 संध्या

### जनसंख्या
विश्व : 7,911,749,900
भारत : 1,399,779,690

### बाजार
सेंसेक्स : 57,633.35
निफ्टी : 17,176.70
गोल्ड : 46,910 प्रति 10 ग्राम
चांदी : 61,200 प्रति किग्रा
अण्डा दर : 4.96 प्रति नग

### दिवस
इस दिन की मत्वपूर्ण घटनाएं- 1863- चीली की राजधानी सेंटियागो स्थित जेसूइट गिरजाघर में आग लगने से ढाई हजार लोगों की मौत। 1881- यूरोपीय देश ऑस्ट्रिया की राजधानी विएना में थियेटर में आग लगने से 800 से ज्यादा लोगों की मौत। 1923- जर्मनी और अमेरिका के बीच मित्रता संधि पर हस्ताक्षर किए गये। 1941- अमेरिका और ब्रिटेन ने जापान के खिलाफयुद्ध की घोषणा की। 1956- ऑस्ट्रेलिया के मेलबर्न शहर में सोलहवें ओलंपिक खेल का समापन। 1967- पहले पनडुब्बी आईएनएस कालवरी को सेना में शामिल किया गया।

# लाल टोपी वाले यूपी के लिए रेड अलर्ट हैं इन्हें सिर्फ लालबत्ती से मतलब : मोदी

**गोरखपुर।** पीएम नरेंद्र मोदी ने गोरखपुर में एम्स अस्पताल और खाद कारखाने समेत कई परियजनाओं का उद्घाटन कर पूर्वांचल को एक बार फिर से सौगात दी है। 10,000 करोड़ रुपये की परियोजनाओं को पीएम नरेंद्र मोदी ने देश को सौंपा। इसके साथ ही उन्होंने गोरखपुर से समाजवादी पार्टी पर भी जमकर निशाना साधा। बिना किसी का नाम लेते हुए पीएम नरेंद्र मोदी ने गहरा तंज कसते हुए कहा कि लाल टोपी वाले यूपी के लिए रेड अलर्ट हैं। इन्हें सिर्फ लाल बत्ती के लिए सत्ता चाहिए। पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा, 'आज पूरा यूपी जानता है कि लाल टोपी वालों को सिर्फ लाल बत्ती से मतलब रहा है। इन्हें माफियाओं को छूट देने के लिए, जमीन कब्जाने के लिए और आतंकियों को जेल से छुड़ाने के लिए सरकार चाहिए।'

**मोदी बोले- इस सदी की शुरुआत में था सिर्फ 1 एम्स, अब बन रहे हैं 16**

उन्होंने कहा कि एम्स और आईसीएमआर रिसर्च सेंटर बनने से अब इंसेफलाइटिस से मुक्त के अभियान को और मजबूती मिलेगी। इसके अलावा दूसरी बीमारियों से बचाव में भी यूपी को बहुत मदद मिलेगी। किसी भी देश को आगे बढ़ने के लिए बहुत जरूरी है कि उसकी स्वास्थ्य सेवाएं सुलभ और सस्ती हों। पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि आज यूपी 17 करोड़ कोरोना टीकों के पड़ाव पर पहुंच रहा है। देश भर में 16 नए एम्स बन रहे हैं।

पीएम मोदी ने कहा कि यूपी का गन्ना किसान नहीं भूल सकता है कि इससे पहले की सरकारों ने कैसे भुगतान के लिए रुला दिया था। पहले की सरकारों में हमने वह दिन भी देखे हैं, जब अनाज होते हुए भी गरीबों को नहीं मिलता था। अब हमारी सरकार ने गरीबों को राशन देने के लिए गोदाम खोल दिए हैं। उन्होंने कहा, 'आज पहले की सरकारों ■ शेष पृष्ठ 6 पर

### बताया कैसे भाजपा सरकार ने दूर किया खाद की कमी का संकट

खाद संकट दूर करने के लिए सरकार के उपायों की भी पीएम नरेंद्र मोदी ने जानकारी दी। उन्होंने कहा कि हमने खाद के संकट को रोकने के लिए तीन सूत्रीय रणनीति बनाई। यूरिया का गलत इस्तेमाल रोका और नीम कोटिंग की। इसके अलावा किसानों को सॉइल हेल्थ कार्ड दिए। तीसरी रणनीति यह थी कि हमने यूरिया उत्पादन केंद्रों को फिर से शुरू करने पर जोर दिया। इस अभियान के तहत हमने गोरखपुर में खाद कारखाना तैयार करने का फैसला लिया। ऐसे ही 4 और कारखाने देश के अन्य हिस्सों में बन रहे हैं। गोरखपुर खाद कारखाने को शुरू कराने के लिए एक और भगीरथ काम हुआ है। इसके लिए ऊर्जा गंगा परियोजना को लाया गया है ताकि उत्पादन प्रभावित न हो। इससे यूपी के कई जिलों में पाइप से सस्ती गैस भी मिलने लगी है।

## आतंकी फंडिंग के फरार आरोपी को रायपुर पुलिस ने दबोचा

**8 साल से दुर्गापुर में काट रहा था फरारी**

**रायपुर/नवप्रदेश।** पाकिस्तान के आतंकी संगठन से फंडिंग लेने वाला फरार आरोपी रायपुर पुलिस के हत्थे चढ़ गया है। आरोपी को दुर्गापुर के एक प्लांट एरिया से पकड़ा गया है। जिसके बाद रायपुर पुलिस की टीम आरोपी को लेकर मंगलवार को रायपुर पहुंची है। रायपुर आने के बाद आरोपी से मामले में कड़ी पूछताछ की जा रही है।

रायपुर पुलिस को 8 साल से आतंकी फंडिंग का फरार आरोपी राजू खान उर्फ राजू सिंह की तलाश थी। जैसे ही पुलिस को मुखबीर से सुचना मिली की आरोपी दुर्गापुर इस्पात संयंत्र में पहले काम करता था और अब इसी क्षेत्र में निवास कर रहा है। रायपुर पुलिस ने तत्काल दुर्गापुर पुलिस को जानकारी दे कर पहुंची। आरोपी को दुर्गापुर नगरी के बी-जोन क्वाटर से गिरफ्तार किया गया। ■ शेष पृष्ठ 6 पर

## स्पाइसजेट को मद्रास हाईकोर्ट से बड़ा झटका

**कामकाज समेट कर बकाया वसूलने का आदेश**

**नई दिल्ली।** देश की दिग्गज एयरलाइन स्पाइसजेट के खिलाफ मद्रास हाईकोर्ट ने बेहद सख्त आदेश दिया है. एक विदेशी कंपनी के बकाया मामले में कोर्ट ने कहा है कि अगर एयरलाइन बकाया नहीं चुकाती है तो उसका कामकाज बंद कर और उसके एसेट को बेचकर पैसा जुटाया जाए.

हालांकि हाईकोर्ट ने एयरलाइन को ऊपरी अदालत में अपील के लिए मोहलत भी दी है. स्विट्जरलैंड के बैंक Credit Suisse AG ने इस मामले में मद्रास हाईकोर्ट में एक याचिका दायर की थी.

### क्या है मामला

SpiceJet ने स्विट्जरलैंड की कंपनी SR Technics के साथ 10 साल के लिए मेंटेनेंस, रिपेयरिंग और ओवरहॉलिंग (MRO) सेवाओं के लिए समझौता किया था, जो नवंबर 2021 में समाप्त हो गया. अब SR Technics का कहना है कि स्पाइसजेट उसका 2.1 करोड़ डॉलर (करीब 158 करोड़ रुपये) बकाया का भुगतान नहीं कर रही.

### क्या कहा कोर्ट ने

आदेश में कहा गया है कि यदि स्पाइसजेट नोटिस के तीन हफ्ते के भीतर कर्ज चुकाने में विफल रहती है तो कंपनी एक्ट के सेक्शन 434 का इस्तेमाल करते हुए उसके कामकाज को बंद कर दिया जाए, अगर वह यह नहीं साबित कर पाती कि इस बकाये में वाजिब विवाद है.

## विजय मार्च निकाल आज आंदोलन खत्म करेंगे किसान

**मोदी सरकार की नरमी से बनी बात**

**नई दिल्ली।** बीते एक साल से ज्यादा वक्त से चला आ रहा किसान आंदोलन बुधवार को समाप्त हो सकता है। मंगलवार को सिंघु बॉर्डर पर संयुक्त किसान मोर्चा की बैठक में इसे लेकर संकेत मिले हैं। केंद्र सरकार की ओर से लंबित मुद्दों के समाधान के लिए ड्राफ्ट सौंपे जाने के बाद इस पर सहमति बनती दिखी है। आंदोलन कर रहे किसानों की मुख्य मांगें तीनों कानूनों को वापस लेने की थी। केंद्र सरकार ने उनकी मांगों को मानते हुए तीनों कानूनों को संसद के जरिए वापस ले लिया। इसके अलावा भी किसानों की कई मांगें लंबित थे। उनमें

आंदोलन के दौरान दर्ज मामलों को वापस लेने और एमएसपी पर गारंटी देने की मांग प्रमुख थी।

अब केंद्र सरकार की ओर से किसानों को एक ड्राफ्ट भेजा गया है। इस ड्राफ्ट में ■ शेष पृष्ठ 6 पर

## ओमिक्रॉन को मात देने के बाद फिर से कोरोना की चपेट में आए एक डॉक्टर

**बेंगलुरु।** कर्नाटक के बेंगलुरु में ओमिक्रॉन वैरिएंट से संक्रमित डॉक्टर की कोरोना रिपोर्ट दोबारा पॉजिटिव आई है। यह डॉक्टर भारत में ओमिक्रॉन के मिले पहले दो लोगों में से एक है। रिपोर्ट के मुताबिक डॉक्टर ने ओमिक्रॉन वैरिएंट को शिकस्त देते हुए ठीक भी हो चुके थे, लेकिन अब उनकी रिपोर्ट फिर से कोविड-19 पॉजिटिव आई है। हालांकि, अभी तक यह साफ नहीं हो पाया है कि दोबारा भी ओमिक्रॉन वैरिएंट है या फिर कोई और है। 46 साल के इस डॉक्टर का अंतरराष्ट्रीय यात्रा कोई इतिहास नहीं है। भारत में पहली बार जब ओमिक्रॉन के दो मामलों की पुष्टि हुई तब इनके अलावा एक दक्षिण अफ्रीकी नागरिक था। हालांकि, बाद में वह दुबई निकल गया। पुलिस ने दक्षिण अफ्रीकी नागरिक के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

## हरभजन सिंह क्रिकेट से लेंगे रिटायरमेंट

**नई दिल्ली।** भारत के पूर्व ऑफ स्पिनर हरभजन सिंह अगले साल इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2022 में एक बड़ी टीम के साथ सपोर्ट स्टाफ के अहम सदस्य के रूप में नजर आएंगे। हरभजन ने आईपीएल 2021 के पहले चरण में कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) की ओर से कुछ मुकाबले खेले थे लेकिन यूएई लेग में एक भी मैच नहीं खेले थे। उम्मीद है कि हरभजन अगले हफ्ते क्रिकेट से आधिकारिक रूप से संन्यास की घोषणा करेंगे और इसके बाद उनके कुछ फ्रेंचाइजी के सपोर्ट स्टाफ से जुड़ने की पेशकश में से किसी एक को स्वीकार करने की उम्मीद है। आईपीएल के एक सूत्र ने नाम जाहिर नहीं करने की शर्त पर समाचार एजेंसी पीटीआई से कहा, 'यह भूमिका सलाहकार, मार्गदर्शक या सलाहकार समूह का हिस्सा बनने की हो सकती है लेकिन वह जिस फ्रेंचाइजी से बात कर रहा है वह उसके अनुभव का इस्तेमाल करना चाहती है।

**IPL की बड़ी टीम में कोचिंग स्टाफके रूप में होंगे शामिल**

## स्विटजरलैंड ने 'सुसाइड मशीन' को दी मंजूरी, बिना दर्द एक मिनट में होगी मौत

**नई दिल्ली।** आत्महत्या को लेकर दुनियाभर में हमेशा तमाम बातें होती रहती हैं। इसी बीच यूरोपीय देश स्विटजरलैंड ने आत्महत्या करने में मदद देने वाली मशीन को कानूनी मंजूरी दे दी है। यह मशीन सिर्फ मिनट में आत्महत्या की प्रक्रिया को पूरी कर देती है। इससे इंसान बिना दर्द के हमेशा के लिए मौत की नींद सो सकता है। इसके बाद इस मशीन को लेकर पूरी दुनिया में चर्चा शुरू हो गई है।

दरअसल, यह मशीन एक ताबूत के आकार की बनी हुई है। 'द इंडिपेंडेंट' की

एक ऑनलाइन रिपोर्ट के मुताबिक, इस मशीन के माध्यम से ऑक्सीजन का स्तर धीरे-धीरे कम करके हाइपोक्सिया और हाइपोकेनिया के माध्यम से मौत दी जाती है।

## गोवा में कांग्रेस को बड़ा झटका विधायक रवि नाइक ने दिया इस्तीफा

**■ बच गए सिर्फ 3 एमएलए**

**पणजी।** गोवा में कांग्रेस पार्टी को फिर बड़ा झटका लगा है। पूर्व मुख्यमंत्री एवं कांग्रेस नेता रवि नाइक ने मंगलवार को राज्य विधानसभा की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया। वह पोंडा सीट से विधायक बने थे। उन्होंने विधानसभा अध्यक्ष राजेश पाटनेकर को त्यागपत्र सौंपा। नाइक के त्यागपत्र देने के बाद 40 सदस्यीय विधानसभा में अब 37 विधायक ही बचे हैं। इनमें कांग्रेस के सिर्फतीन शेष रह गए हैं।

आपको बता दें कि इससे पहले दो विधायकों हाल ही में त्यागपत्र दे दिया है। नाइक के भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल होने की संभावना है। गौरतलब है कि राज्य में अगले साल विधानसभा चुनाव होने हैं।

इससे पहले, गोवा के पूर्व मुख्यमंत्री लुइज़िन्हो फलेरियो ने इस साल सितंबर में कांग्रेस विधायक के रूप में इस्तीफा दे दिया था। उन्होंने बाद में ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली तृणमूल कांग्रेस का दामन थामा। उन्होंने अगले ■ शेष पृष्ठ 6 पर

# निकाय चुनाव में अंर्तकलह से जूझते राष्ट्रीय राजनीतिक दल

## महापौर की दावेदारी एक -दूसरे को निपटाने की तैयारी

**भिलाई नव प्रदेश।** भिलाई शहर का सेक्टर 5 एरिया राजनीतिक रूप से बहुत महत्वपूर्ण होने जा रहा है भाजपा से निर्वाचित दुर्ग लोकसभा के भाजपा सांसद सेक्टर 5 में रहते है। भिलाई नगर से कांग्रेस के विधायक सेक्टर 5 में रहते है और इसी सेक्टर-5 से इस बार भिलाई नगर का मेयर भी चुने जाने की संभावना है। सेक्टर 5 एरिया से पार्षद का चुनाव लड़ रहे दो पार्षद एकांश बंछोर एवं नीरज पाल दोनों ही विधायक के बहुत करीबी माने जाते है और दोनों ही महापौर की दौड़ में शामिल है इसके अलावा कांग्रेस की ओर से लक्ष्मीपति राजू, सीजू एन्थोनी, राजेन्द्र अरोरा और

सुभद्रा सिंह भी महापौर बनने की लाइन में है। लेकिन इन सबके बीच निपटने निपटाने का खेल भी जारी है और इनके समर्थक अंदरूनी तौर पर ऐसी साठगांठ भी कर रहे है कि कुछ महापौर के प्रत्याशी पार्षद का ही चुनाव हार जाए ताकि इनका रास्ता साफहो जाए। कांग्रेस को इस बात से वाकिफ और सावधान दोनों होना चाहिए।

राज्य में सत्तासीन होने के बाद लगभग सभी नगरीय निकाय के चुनावों में कांग्रेस ने सफलता प्राप्त की थी और जहां उसके पार्षद कम चुनकर आए थे वहां पर भी सत्ता के दम पर महापौर और अध्यक्ष बनाने में सफलता हासिल कर ली थी।

दुर्ग जिलें के चारों नगरीय निकाय में टिकट वितरण से उपजे असंतोष के बाद राजनीतिक ■ शेष पृष्ठ 6 पर

## अनुशासित पार्टी में बदहवासी, अफवाहों का बाजार गर्म

**भिलाई, नव प्रदेश।** भिलाई निकाय चुनाव के पूर्व पूरे भिलाई में हिन्दु जागरण कर रहे भाजपा के लोग कवर्धा में हिन्दु जागरण के सबसे बड़े शौर्य दिवस में शामिल नहीं हुए। जिसकी नगर में बड़ी चर्चा रही क्योंकि जिन हिन्दुओं को भिलाई में भाजपा जगा रही थी वह इतने ज्यादा जाग गये है कि कार्यालयों में कुर्सियां तोड़ रहे और पूर्व मंत्री के खिलाफ जान से मार देने का भय व्यक्त कर रहे हैं और लगभग 70 वार्डों में दो या तीन पार्टी से बगावत कर चुनाव लड़ रहें है। इस चुनाव के लिए भारतीय जनता पार्टी के प्रभारी बनाए गए राजनांदगांव के सांसद संतोष पाण्डे के लिए भी यह अफवाह गर्म है कि उन्होंने भिलाई नगर में गैर भाजपा के लोगों को तथा बिल्डर्स और पूंजीपतियों को टिकट बेचकर अपने यहां संपन्न हुये विवाह का खर्च निकाल लिया है।

भिलाई नगर के नगर निगम बनने के पश्चात यह दूसरी बार हुआ है कि भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी ने नाम वापस लेकर सबको चौका दिया है निगम के पहले चुनाव में भी भाजपा के कद्दावर नेता प्रभुनाथ मिश्रा को टिकट नहीं मिलने पर उन्होंने निर्दलीय दावेदारी की थी तब भी उनके सामने भाजपा के प्रत्याशी ने नाम वापस ले लिया था और प्रभुनाथ मिश्रा को निर्विरोध पहला पार्षद होने का गौरव हासिल हुआ उस समय भी भाजपा विपक्ष में थी इस समय भी भाजपा विपक्ष में है इसका साफ मतलब यह है कि सत्ता ■ शेष पृष्ठ 6 पर

# एसआर हॉस्पिटल में स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का समापन, 500 मितानिनों का सम्मान

## मुख्य अतिथि विजय बघेल बोले- मानव सेवा को समर्पित है एसआर हॉस्पिटल

नव प्रदेश संवाददाता

**भिलाई।** एसआर हॉस्पिटल धमधा रोड चिखली दुर्ग में आयोजित तीन दिवसीय निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का मंगलवार को समापन हुआ। समापन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सांसद विजय बघेल उपस्थित हुए। इस मौके पर पूर्व विधायक भजन सिंह निरंकारी, डॉ अशोक त्रिपाठी, नीता लोधी, अमीर चंद अरोरा, गुरमीत सिंह, डॉ राकेश गुप्ता, चेयरमेन संजय तिवारी की मां कनक तिवारी आदि उपिस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत में मितानिनों द्वारा अतिथियों का करतल ध्वनि से स्वागत किया गया वही इस दौरान 500 स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं वह कोरोनावायरस सहित पत्रकारों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम का संचालन सुमन कन्नौजे ने किया।

इससे पहले शिविर स्थल पहुंचे सांसद विजय बघेल ने पूरे परिसर का निरीक्षण किया इस दौरान उन्होंने विधिवत कोपर्डी फॉर्म भरा और और अपना स्वास्थ्य परीक्षण कराया कार्यक्रम में पहुंचे मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी गंभीर सिंह ठाकुर ने भी शिविर स्थल का निरीक्षण किया और इस स्वास्थ्य शिविर के लिए एसआर हॉस्पिटल के चेयरमैन संजय तिवारी का आभार व्यक्त किया। स्वागत भाषण बाल एवं शिशु रोग विभाग से डॉ एस.पी केशरवानी ने दिया इस दौरान उन्होंने सभी अतिथियों का स्वागत किया साथ ही शिविर के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारियां दी उन्होंने कहा कि शिविर में आए मरीजों में से 100 मरीजों का चयन किया है जिनके ऑपरेशन कल से क्रमानुसार किए जाएंगे।

कार्यक्रम के दौरान सांसद विजय बघेल ने कहा कि एसआर हॉस्पिटल एवं रिसर्च सेंटर आसपास के गांव के लिए संजीवनी के समान है। शहरी क्षेत्र में तो अस्पतालों की उपलब्धता है लेकिन जिस स्थल पर एसआर हॉस्पिटल स्थापित है वहां आसपास के सैकड़ों गांव के लोग इससे लाभान्वित हो रहे हैं। सांसद बघेल ने कहा कि स्वास्थ्य परीक्षण शिविर में हर तरह के स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं का निशुल्क चिकित्सा परामर्श किया गया साथ ही आवश्यकता अनुसार दवाएं भी उपलब्ध कराई गई जो सराहनीय है। सांसद बघेल ने कहा कि कोरोना महामारी जब अपने चरम पर थी तब एसआर हॉस्पिटल प्रबंधन ने मानव सेवा की मिसाल पेश की। सांसद बघेल ने कहा कि एसआर हॉस्पिटल ने पिछले 4 वर्षों में बहुत सारी उपलब्धियां हासिल की है। मानव सेवा के क्षेत्र में एसआर हॉस्पिटल ने समर्पण और सेवा भाव का परिचय दिया है उसके लिए हॉस्पिटल के चेयरमैन संजय तिवारी बधाई के पात्र हैं। कार्यक्रम के दौरान एसआर हॉस्पिटल के चेयरमेन संजय तिवारी ने कहा कि पहले मैंने सोचा कि यह बहुत बड़ी जिम्मेदारी वाला काम है लेकिन जब इस फील्ड में आया तो समझ में आया ईश्वर ने कुछ सोच समझकर ही यह जिम्मेदारी दी है। संजय तिवारी ने कहा कि जिले में जब डेंगू की दस्तक हुई थी तब ऐसा कोई अस्पताल नहीं मिला जहां सुरक्षित तरीके से इलाज किया जा सके। तब प्रशासन ने एसआर हॉस्पिटल की तरफ देखा और हमें सेवा का मौका मिला। तत्कालीन कलेक्टर ने अस्पताल का निरीक्षण किया।

## सेल के स्वतंत्र निदेशकों ने बीएसपी का किया दौरा

**भिलाई (नव प्रदेश)।** सेल के स्वतंत्र निदेशक, कृष्ण कुमार गुप्ता और एन शंकरप्पा ने 07 दिसंबर को सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के कोक ओवन बैटरी 10 का कोल्ड रिपेयर के बाद उद्घाटन किया। इस अवसर पर भिलाई इस्पात संयंत्र के निदेशक प्रभारी अनिर्बान दासगुप्ता, कार्यकारी कार्यपालक निदेशक (वर्क्स) एसएन आबिदी एवं संयंत्र के वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित थे। इससे पहले सेफ्टी एक्सीलेंस सेंटर में सुरक्षा ब्रीफिंग के बाद सेल के स्वतंत्र निदेशकों कृष्ण गुप्ता और एन शंकरप्पा ने भिलाई की मॉडेक्स इकाइयों का दौरा किया।

# सीएसवीटीयू शिक्षण विभाग में प्रवेश के लिए स्पॉट राउंड प्रारंभ

नवप्रदेश संवाददाता

**भिलाई।** छत्तीसगढ़ स्वामी विवेकानंद तकनीकी विश्वविद्यालय, भिलाई के विश्वविद्यालय शैक्षणिक विभाग के डिप्लोमा, इंजीनियरिंग और एमटेक में प्रवेश के लिए स्पॉट कॉउंसलिंग के लिए 7 से 10 दिसम्बर तक की तिथि विश्वविद्यालय द्वारा जारी कर दी है ढ्ढ जिसकी विस्तृत जानकारी विश्विद्यालय के वेबसाइट पर उपलब्ध है।सीएसवीटीयू शिक्षण विभाग (यूटीडी) भिलाई ने सत्र 2021-22 से छत्तीसगढ़ प्रदेश और मध्य भारत का प्रथम बीटेक आनर्स प्रोग्राम क्रमशः आर्टिफि शल इंटेलिजंस व डाटा साइंस इंजीनियरिंग तथा प्रदेश का प्रथम और एकमात्र त्रिवर्षीय रोजगारोन्मुखी डिप्लोमा पाठ्यक्रम इंडस्ट्रियल एंड फ ायर सेफ्टी इंजीनियरिंग की शुरुआत कर रही है साथ ही साथ माइनिंग मे डिप्लोमा इंजीनियरिंग की शुरुवात भी इस वर्ष से हो रही है ढ्ढ इसके अतिरिक्त 6 विषयों क्रमशः स्ट्रक्चरल, बायोमेडिकल, एनर्जी एंड इनवायरमेंट, वीएलएसआई, एम प्लान तथा वाटर रिसोर्स इंजीनियरिंग मे एम टेक पाठ्यक्रम संचालित है। सीएसवीटयू ने प्रथम वर्ष में प्रवेश ले रहे विद्यार्थियों के लिए हास्टल और बस सुविधा की व्यवस्था की है , साथ ही शासन के नियमानुसार केटेगरी वर्ग के अभ्यर्थियों के लिए छात्रवृत्ति का भी प्रावधान है।

---

### न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
### उद्घोषणा

पंजी. नं. 202112100400046

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदिका उषा यादव पति महेन्द्र यादव निवासी गौरा चौक शंकर नगर दुर्ग द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम उरला प.ह.न. 17/7 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 83/13 रकबा 0.017 हें/ 1800 वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 03.12.2021 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)

### न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
### उद्घोषणा

पंजी. नं. 202111100400269

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक पी.तारकेश्वर रेड्डी आ. श्री राजू रेड्डी निवासी इंदिरा नगर उतई तह. व जिला दुर्ग द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम उतई प.ह.न. 42 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 204/14 रकबा 0.010 हें/ 800 वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 25.11.2021 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)

### न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
### उद्घोषणा

पंजी. नं. 202112100400073

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक जसबीर सिंह भवाल आ. अजायब सिंह भवाल निवासी आदर्श नगर दुर्ग दुर्ग द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम सिकोला प.ह.न. 17/8 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 32/173 रकबा 0.360 हें/ 3900 वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 04.12.2021 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)

### न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
### उद्घोषणा

पंजी. नं. 202112100400045

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि हेमलता वर्मा पति स्व. अशोक वर्मा निवासी न्यू पंचशील नगर नयापारा दुर्ग द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम उरला प.ह.न. 17/7 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 83/15 रकबा 0.011 हें/ 1200 वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 03.12.2021 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)

### न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार भिलाई के न्यायालय में मामला

क्रमांक: 202112101000015/202112101000015
विषय: अ-6 सन्- 2020-2021

**मामले की श्रेणी-राजस्व**

कोहका प.ह.न. 00019 (हे.), पक्षकारों का विवरण- आवेदक पक्षकार- शबनूर निशा (अन्य-3) /, अनावेदक पक्षकार- छ.ग. शासन

### ईश्तहार

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक शबनूर निशा (अन्य 3) पति स्व. तवहिद अहमद पता तालपुरी, पोस्ट भिलाई द्वारा ग्राम कोहका प.ह.नं 19 रा.नि.मं. कोहका तह. व जिला दुर्ग स्थित भूमिस्वामी हक की भूमि ख.न 5243/3 रकबा 0.03 हे. है जो आवेदिका के पति स्व. तवहिद अहदम पिता महोम्मद शफीक के नाम पर दर्ज है। भूमिस्वामी तवहिद अहमद पिता मोहम्मद शफीक की मृत्यु दिनांक 22.01.2011 को हो जाने के कारण मृतक का नाम खाते से विलोपित कर उसके वैध वारिसानों का नाम दर्ज किए जाने हेतु फौती नामांतरण बाबत् आवेदन पत्र मय खसरा बी-1, मृत्यु प्रमाण पत्र की छाया की प्रति प्रस्तुत किया है।

उपरोक्त भूमि का नामांतरण किए जाने पर जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को उजर दावा हो सुनवाई तिथि दिनांक 15.12.2021 तक या उसकेपूर्व स्वयं या अपने मान्य अधिवक्तागण के साथ उपस्थित होकर अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा । यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 1.12.2021 को जारी किया जाता है।

अति. तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

### न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार भिलाई के न्यायालय में मामला

क्रमांक: 202112101000055/202112101000055
विषय: अ-6 सन्- 2020-2021

**मामले की श्रेणी-राजस्व**

कोहका प.ह.न. 00019 (हे.), पक्षकारों का विवरण- आवेदक पक्षकार- राकेश कुमार / अनावेदक पक्षकार- आम जनता

### ईश्तहार

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक राकेश कुमार पिता स्व. रामसजीवन निवासी रूआबांधा सेक्टर भिलाई जिला दुर्ग द्वारा ग्राम कोहका प.ह.नं 19 रा.नि.मं. कोहका तह. व जिला दुर्ग स्थित भूमिस्वामी हक की भूमि ख.न 7763/2 रकबा 0.01 हे. भूमि महरानी देवी पति स्व. रामसजीवन अन्य के नाम पर सामिलात खाते में दर्ज है। जिसमें भूमिस्वामी महरानी देवी पति स्व. रामसजीवन की मृत्यु दिनांक 26.08.2021 को फौत हो जाने के कारण मृतक का नाम खाते से विलोपित कर शेष खातेदारों का नाम राजस्व अभिलेख में यथावत रखे जाने एवं उसके वैध वारिसानों का नाम दर्ज किए जाने बबात फौती नामांतरण बाबत् आवेदन पत्र मय खसरा बी-1, मृत्यु प्रमाण पत्र की छाया की प्रति प्रस्तुत किया है।

उपरोक्त भूमि का नामांतरण किए जाने पर जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को उजर दावा हो सुनवाई तिथि दिनांक 21.12.2021 तक या उसकेपूर्व स्वयं या अपने मान्य अधिवक्तागण के साथ उपस्थित होकर अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा । यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 4.12.2021 को जारी किया जाता है।

अति. तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

### न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
### उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र- 202112101200005//अ-74/वर्ष 2020-21

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदक / आवेदिका शोभा राम यदु पिता/पति आर.एस.यदु निवासी सुभाष नगर कसारीडीह के द्वारा आवेदन पेश किया गया है कि उनके भूमि स्वामी हक की भूमि मौजा ग्राम कुथरेल प.ह.नं. 37 रा.नि.मं. अण्डा तह. व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 17, 994, 997/2 रकबा 0.5300, 0.1100, 0.2900 हे. भूमि दर्ज है। उक्त भूमि का मूल ऋण पुस्तिका गुम हो गया है जिसका द्वितीय प्रति में ऋण पुस्तिका प्राप्त करने हेतु आवेदन इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतएव उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति या उजर दावा हो तो सुनवाई तिथि दिनांक 21.12.2021 तक या उसके पुर्व स्वयं या अपने मान्य अधिवक्तागण के साथ उपस्थित होकर अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद में प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 01.12.2021 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुहर के साथ जारी किया गया।

मुहर — अतिरिक्त तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

### न्यायालय नजूल जांच अधिकारी दुर्ग (छ.ग.)
### उद्घोषणा

आवेदिका शकील अब्बास कामदार पिता अबूल हसन निवासी मोहन नगर दुर्ग तह. दुर्ग जिला दुर्ग छ.ग. को नजूल भूमि शीट क्रमांक 09 भूखण्ड क्रमांक 3/8 रकबा 4000 वर्गफीट भूमि को स्थाई पट्टे पर आवासीय प्रयोजन हेतु आबंटित किया गया है। पट्टाधारक की मृत्यु हो जाने से उक्त भूखण्ड को वारिसान हक में आवेदक के नाम दर्ज करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतएव् एतद द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति अथवा संस्था को आपत्तिया दावा हो प्रकरण की सुनवाई 15/12/21 या इसके पूर्व इस न्यायालय में स्वतः उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति दावा या उजर प्रस्तुत कर सकते है। बाद में प्राप्त आपत्ति आवेदन पर कोई कार्यवाही नही किया जावेगा।

आज दिनांक 15.11.2021 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पद मुद्रा से प्रकाशन हेतु जारी किया जाता है।

मुहर — नजूल अधिकारी, दुर्ग (छ.ग.)

### न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
### ईश्तहार

रा.प्र.क्र- 202112104100003/अ-06/ वर्ष 2020-21

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक रामलाल साहू आ. स्व. फिरतू साहू निवासी ग्राम व पोस्ट अंजोरा तह. व जिला दुर्ग के द्वारा मौजा साकिन अंजोरा प.ह.नं. 27 रा.नि.मं. दुर्ग-01 स्थित भूमि खसरा नं. 75 रकबा 0.22 हे. भूमि राजस्व अभिलेख में दर्ज है। जिसे विक्रेता भगवंतिन ध.प. स्व. फिरतू साहू निवासी ग्राम व पोस्ट अंजोरा तह. व जिला दुर्ग से दिनांक 15/01/2015 को क्रय किया है। जिसे अपने नाम पर नामांतरण करवाना चाहता है। जिसका प्रमाणिकरण हेतु आवेदन इस न्यायालय में पेश किया है। जो इस न्यायालय के समक्ष विचाराधीन है।

अतएव उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा/आपत्ति करना हो तो नियत पेशी दिनांक 17.12.2021 अथवा प्रकाशन तिथि से 15 दिवस तक स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से कार्यालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 02.12.2021 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुहर के साथ जारी किया गया।

मुहर — अति. तहसीलदार, दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

### न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)
### ईश्तहार

(धारा 178 प्रारूप)
रा.प्र.क्र.//अ-27/वर्ष 2020-21

क्योंकि मौजा अरसनारा तह. व जिला दुर्ग के सह भूमि स्वामी लेखराम साहू आ. स्व. नरोत्तम साहू साकिन अरसनारा तह. व जिला दुर्ग ने निम्नांकित अनुसूचि में निर्दिष्ट खाते के अपने भाग के विभाजन के लिए आवेदन किया है एवं क्यों कि उक्त खाते का बंटवारा किया जाना प्रस्तावित हुआ है एवं सुनवाई का दिनांक 24/12/2021 स्थान तह. कार्यालय दुर्ग पर दिन 11:00 बजे नियत किया गया है। उक्त खाते में हित रखने वाले सभी व्यक्तियों को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वे निश्चित दिनांक को या तो स्वतः अथवा किसी अभिभाषक अथवा प्रतिनिधि द्वारा हाजिर हों एवं अपने आक्षेपों यदि कोई हो तो पेश करें। उपरोक्त तिथि एवं स्थान पर हाजिर नहीं होने पर एवं आक्षेपों को पेश नहीं कर पाने की स्थिति में आक्षेपों पर विचार नहीं किया जावेगा।

**(खाते का विवरण):** खसरा नं. 563, 586, 701, 840, 877, रकबा 0.6200, 0.3700, 0.0400, 0.0400, 0.3400

आज दिनांक 06/12/21 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुहर के साथ जारी किया गया।

अतिरिक्त तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

### न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
### ईश्तहार

रा.प्र.क्र- 202112100700005//अ-27/वर्ष 2020-21

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता आवेदकगण विश्वास कसेर एवं बिरेश कसेर दोनों पिता स्व. विष्णुप्रसाद एवं दोनों निवासी बजरंग नगर चौक दुर्ग तह. व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम दुर्ग प.ह.न. 24 स्थित भूमि खसरा नंबर 46/20 रकबा 0.004 हे. लगान 0.004 रू. जो कि आवेदकगण के नाम पर राजस्व अभिलेख में दर्ज है। नेशनल लोक अदालत खण्डपीठ क्रमांक 01 नेशनल लोक अदालत दिनांक 11.09.2021 प्री-लिटिगेशन प्रकरण क्रमांक 1069/2021 में पारित अधिनिर्णय दिनांक 11.09.21 को संलग्न अनुसूचि अनुसार आवेदकगण के मध्य खाता विभाजन किए जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को आपत्ति या उजर दावा हो तो सुनवाई तिथि दिनांक 24.12.2021 तक या उसके पुर्व स्वयं या अपने मान्य अधिवक्तागण के साथ उपस्थित होकर अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद में प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 02.12.2021 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुहर के साथ जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

### न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला - दुर्ग (छ.ग.)
### उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र. पक्षकार का नाम ऑनलाईन ई-कोर्ट चौहान हाउसिंग कं. द्वारा श्री अजय चौहान रजिस्ट्रेशन नं.- 202111100400242

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक चौहान हाउसिंग कं. द्वारा श्री अजय चौहान पिता श्री विपत उर्फ दीपेश्वर चौहान निवासी चौहान स्टेट जी.ई. रोड सुपेला भिलाई तह. व जिला दुर्ग छ.ग.द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन/पुर्ननिर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 सहपठित धारा 59 (2)(5) तहत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया हैं, जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन हैं।

**अनुसूची**

| ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है | खसरा नंबर | रकबा | प्रयोजन |
|---|---|---|---|
| ग्राम खम्हरिया प.ह.न. 21 तह. व जिला दुर्ग | 488/1 489/2 | 0.140 हें ........ वर्गफीट | होटल (वाणिज्यिक) प्रयोजनार्थ |

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार की कोई दावा/ आपत्ति हो तो प्रकरण उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 24.11.2021 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, दुर्ग, जिला दुर्ग

### न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला - दुर्ग (छ.ग.)
### उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र. पक्षकार का नाम ऑनलाईन ई-कोर्ट चौहान हाउसिंग प्रा. लि. द्वारा श्री अजय चौहान रजिस्ट्रेशन नं.- 202111100400244

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक चौहान हाउसिंग प्रा. लि. द्वारा श्री अजय चौहान पिता श्री विपत उर्फ दीपेश्वर चौहान निवासी चौहान स्टेट जी.ई. रोड सुपेला भिलाई तह. व जिला दुर्ग छ.ग.द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन/पुर्ननिर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 सहपठित धारा 59 (2)(5) तहत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया हैं, जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन हैं।

**अनुसूची**

| ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है | खसरा नंबर | रकबा | प्रयोजन |
|---|---|---|---|
| ग्राम खम्हरिया प.ह.न. 21 तह. व जिला दुर्ग | 499/1 497/3 498/1 | 0.740 हें ........ वर्गफीट | वाणिज्यिक प्रयोजनार्थ |

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार की कोई दावा/ आपत्ति हो तो प्रकरण उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 24.11.2021 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, दुर्ग, जिला दुर्ग

### न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला - दुर्ग (छ.ग.)
### उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र. पक्षकार का नाम ऑनलाईन ई-कोर्ट चौहान हाउसिंग प्रा. लि. द्वारा श्री अजय चौहान रजिस्ट्रेशन नं.- 202111100400244

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक चौहान हाउसिंग प्रा. लि. द्वारा श्री अजय चौहान पिता श्री विपत उर्फ दीपेश्वर चौहान निवासी चौहान स्टेट जी.ई. रोड सुपेला भिलाई तह. व जिला दुर्ग छ.ग.द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन/पुर्ननिर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 सहपठित धारा 59 (2)(5) तहत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया हैं, जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन हैं।

**अनुसूची**

| ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है | खसरा नंबर | रकबा | प्रयोजन |
|---|---|---|---|
| ग्राम खम्हरिया प.ह.न. 21 तह. व जिला दुर्ग | 499/1 505 507/5 | 1.870 हे. में से 0.5257 हे. | वाणिज्यिक प्रयोजनार्थ |

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार की कोई दावा/ आपत्ति हो तो प्रकरण उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 03.12.2021 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, दुर्ग, जिला दुर्ग

### न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला - दुर्ग (छ.ग.)
### उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र. पक्षकार का नाम ऑनलाईन ई-कोर्ट चौहान हाउसिंग प्रा. लि. द्वारा श्री अजय चौहान रजिस्ट्रेशन नं.- 202111100400244

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक चौहान हाउसिंग प्रा. लि. द्वारा श्री अजय चौहान पिता श्री विपत उर्फ दीपेश्वर चौहान निवासी चौहान स्टेट जी.ई. रोड सुपेला भिलाई तह. व जिला दुर्ग छ.ग.द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन/पुर्ननिर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 सहपठित धारा 59 (2)(5) तहत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया हैं, जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन हैं।

**अनुसूची**

| ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है | खसरा नंबर | रकबा | प्रयोजन |
|---|---|---|---|
| ग्राम खम्हरिया प.ह.न. 21 तह. व जिला दुर्ग | 498/1 | 0.233 हे. | वाणिज्यिक प्रयोजनार्थ |

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार की कोई दावा/ आपत्ति हो तो प्रकरण उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 24.11.2021 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, दुर्ग, जिला दुर्ग

### न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग -1 (छ.ग.)
### उद्घोषणा

रा.प्र.क्र./अ-6/ वर्ष 2020-21

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक/आवेदिका राजेन्द्र कुमार आ. अनंदराम साकिन बोरीगारका के द्वारा ग्राम बोरीगारका प.ह.न 43 रा.नि.मं. उतई तह. व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नं. 750/36 का टुकड़ा 2400 वर्गफीट हे. भूमि टहल प्रसाद/श्याम लाल से रजिस्टर्ड बैनामा दिनांक 15/9/17 को क्रय किया गया है। उक्त आवेदित भूमि को क्रेता के नाम पर प्रमाणिकरण किए जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायाालय में प्रस्तुत किया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत दिनांक 16.12.2021 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 23.11.2021 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — नायब तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

### न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग -1 (छ.ग.)
### उद्घोषणा

रा.प्र.क्र./अ-6/ वर्ष 2020-21

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक/आवेदिका श्रीमती रश्मि साहू पति नरेश साहू साकिन उतई के द्वारा ग्राम उतई प.ह.न 42 रा.नि.मं. अण्डा तह. व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नं. 1266/14रकबा 0.0105 हे. भूमि जगदेव राम साहू आ. दशरू राम से रजिस्टर्ड बैनामा दिनांक 2/12/21 को क्रय किया गया है। उक्त आवेदित भूमि को क्रेता के नाम पर प्रमाणिकरण किए जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायाालय में प्रस्तुत किया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत दिनांक 17.12.2021 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 03.12.2021 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — नायब तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

### न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग -1 (छ.ग.)
### उद्घोषणा

रा.प्र.क्र./अ-6/ वर्ष 2020-21

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक/आवेदिका अशोक कुमार विश्वकर्मा आ. टेकराम विश्वकर्मा साकिन बोरसी के द्वारा ग्राम पुरई प.ह.न 40 रा.नि.मं. उतई तह. व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नं. 445/4 रकबा 1800 वर्गफीट हे. भूमि लक्ष्मी सिंह राजपूत/ स्व. लेखन सिंह से रजिस्टर्ड बैनामा दिनांक 26/07/21 को क्रय किया गया है। उक्त आवेदित भूमि को क्रेता के नाम पर प्रमाणिकरण किए जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायाालय में प्रस्तुत किया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत दिनांक 08.12.2021 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 24.11.2021 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — नायब तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

### न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग -1 (छ.ग.)
### उद्घोषणा

रा.प्र.क्र./अ-6/ वर्ष 2020-21

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक/आवेदिका उमेश वर्मा आ./पति अवदेश वर्मा साकिन दुर्ग के द्वारा ग्राम पुरई प.ह.न 40 रा.नि.मं. उतई तह. व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नं. 445/4 रकबा 3380 वर्गफीट हे. भूमि लक्ष्मी सिंह राजपूत/ स्व. लेखन सिंह से रजिस्टर्ड बैनामा दिनांक 26/08/21 को क्रय किया गया है। उक्त आवेदित भूमि को क्रेता के नाम पर प्रमाणिकरण किए जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायाालय में प्रस्तुत किया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत दिनांक 09.12.2021 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 26.11.2021 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — नायब तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

### न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
### उद्घोषणा

रा.प्र.क्र.//अ-06/वर्ष 2021-22

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक विनीत अग्रवाल स्व. कृष्णकांत अग्रवाल निवासी ग्राम कन्हैयापुरी सुभाष नगर दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम पोटियाकला तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 369/25, 372/3, 369/26, 372/4 का टुकड़ा रकबा 0.010 हे. भूमि को विक्रेता पार्टनर विश्वास गुप्ता पिता अशोक गुप्ता निवासी ग्राम पोटियारोड बोरसी दुर्ग से रजिस्टर्ड बैनामा दिनांक 01.12.2021 को क्रय किया गया है। उक्त आवेदित भूमि को रजिस्टर्ड बैनामा के आधार पर क्रेता के पक्ष में प्रमाणीकरण किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 22.12.2021 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 06.12.2021 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

### न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
### उद्घोषणा

रा.प्र.क्र- 202112101200012//अ-06/वर्ष 2021-22

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका गोदावरी शर्मा पिता/पति राकेश शर्मा निवासी एल.आई.जी. 77 कोलिहापुरी मौजा चंदखुरी प.ह.नं. 29 रा.नि.मं. अण्डा तह. व जिला दुर्ग में स्थिति भूमि खसरा नं 1610/8 रकबा 0.008 हे. भूमि को विक्रेता/ आममुख्तयार मोगेश शर्मा पिता/पति राजेश शर्मा से दिनांक 24/11/21 को क्रय कर रजिस्ट्री बैनामा निष्पादित किया है। आवेदक द्वारा उक्त बैनामा के आधार पर नामांतरण करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 20.12.2021 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 02.12.2021 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — नायब तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

### न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग 03 जिला दुर्ग (छ.ग.)
### उद्घोषणा

रा.प्र.क्र- 202111103300128/अ-06/ वर्ष 2020-21

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती राधिका सिन्हा पिता/पति दिलेश्वर प्रसाद सिन्हा निवासी मकान नं. 325 सड़क 5 ए कसारीडीह दुर्ग मौजा बघेरा प.ह.नं. 48 रा.नि.मं. दुर्ग-2 तह. व जिला दुर्ग में स्थित भूमि खसरा नंबर 295/32 रकबा 1700 वर्गफीट भूमि को विक्रेता/आममुख्तयार संतोष कुमार पिता राम कुमार से दिनांक 24/11/21 को क्रय कर रजिस्ट्री बैनामा निष्पादित किया है आवेदक द्वारा उक्त बैनामा के आधार पर नामांतरण करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है।

अतएव उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा/आपत्ति करना हो तो नियत पेशी दिनांक 17.12.2021 अथवा प्रकाशन तिथि से 15 दिवस तक स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से कार्यालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 29.11.2021 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुहर के साथ जारी किया गया।

मुहर — अतिरिक्त तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

### न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
### ईश्तहार

रा.प्र.क्र-/अ-06 (अ)/ वर्ष 2021-22

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक नागेश टांक आ. हीरजी टांक साकिन जेवरा द्वारा ग्राम जेवरा प.ह.नं. 13 रा.नि.मं. दुर्ग तह. व जिला दुर्ग स्थित भूमि स्वामि हक की भूमि खसरा नं. 130/1, 131/1, 133/1, 135/1 रकबा 0.70, 0.25, 0.30, 0.15 को रजिस्टर्ड बैनाम के माध्यम से क्रय किया था जिसके आधार काबिज है, परन्तु वर्तमान राजस्व अभिलेख में कब्जा के अनुसार नक्शा दुरूस्त नहीं किया गया है, के सुधार के संबंध में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। जिस पर प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः उपरोक्त भूमि को रजिस्टर्ड बैनामा/कब्जा के आधार पर नक्शा में सुधार किए जाने पर जिस किसी व्यक्ति को उजर या दावा/आपत्ति हो तो नियत पेशी दिनांक 24/12/21 तक या उसके पूर्व स्वयं या अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से कार्यालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 6.12.2021 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुहर के साथ जारी किया गया।

मुहर — अति. तहसीलदार, दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

### न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
### ईश्तहार

रा.प्र.क्र-/अ-06 (अ)/ वर्ष 2021-22

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक पियुष कुमार आ. कांतिलाल साकिन जेवरा द्वारा ग्राम जेवरा प.ह.नं. 13 रा.नि.मं. दुर्ग तह. व जिला दुर्ग स्थित भूमि स्वामि हक की भूमि खसरा नं. 130/1, 131/6 रकबा 0.40, 0.32 को रजिस्टर्ड बैनाम के माध्यम से क्रय किया था जिसके आधार काबिज है, परन्तु वर्तमान राजस्व अभिलेख में कब्जा के अनुसार नक्शा दुरूस्त नहीं किया गया है, के सुधार के संबंध में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। जिस पर प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः उपरोक्त भूमि को रजिस्टर्ड बैनामा/कब्जा के आधार पर नक्शा में सुधार किए जाने पर जिस किसी व्यक्ति को उजर या दावा/आपत्ति हो तो नियत पेशी दिनांक 24/12/21 तक या उसके पूर्व स्वयं या अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से कार्यालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 6.12.2021 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुहर के साथ जारी किया गया।

मुहर — अति. तहसीलदार, दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

### न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
### ईश्तहार

रा.प्र.क्र-/अ-06 (अ)/ वर्ष 2021-22

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक केशवलाल चौहान आ. प्रेमजी चौहान साकिन जेवरा द्वारा ग्राम जेवरा प.ह.नं. 13 रा.नि.मं. दुर्ग तह. व जिला दुर्ग स्थित भूमि स्वामि हक की भूमि खसरा नं. 133/2, 135/2, 136/2 रकबा 1.00 हे. को रजिस्टर्ड बैनाम के माध्यम से क्रय किया था जिसके आधार काबिज है, परन्तु वर्तमान राजस्व अभिलेख में कब्जा के अनुसार नक्शा दुरूस्त नहीं किया गया है, के सुधार के संबंध में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। जिस पर प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः उपरोक्त भूमि को रजिस्टर्ड बैनामा/कब्जा के आधार पर नक्शा में सुधार किए जाने पर जिस किसी व्यक्ति को उजर या दावा/आपत्ति हो तो नियत पेशी दिनांक 24/12/21 तक या उसके पूर्व स्वयं या अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से कार्यालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 6.12.2021 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुहर के साथ जारी किया गया।

मुहर — अति. तहसीलदार, दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

### न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
### ईश्तहार

रा.प्र.क्र-/अ-06 (अ)/ वर्ष 2021-22

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक सतीश कुमार आ. नंदकुमार साकिन जेवरा द्वारा ग्राम जेवरा प.ह.नं. 13 रा.नि.मं. दुर्ग तह. व जिला दुर्ग स्थित भूमि स्वामि हक की भूमि खसरा नं. 133/11, 135/6, 136/8 रकबा 2.39 हे. को रजिस्टर्ड बैनाम के माध्यम से क्रय किया था जिसके आधार काबिज है, परन्तु वर्तमान राजस्व अभिलेख में कब्जा के अनुसार नक्शा दुरूस्त नहीं किया गया है, के सुधार के संबंध में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। जिस पर प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः उपरोक्त भूमि को रजिस्टर्ड बैनामा/कब्जा के आधार पर नक्शा में सुधार किए जाने पर जिस किसी व्यक्ति को उजर या दावा/आपत्ति हो तो नियत पेशी दिनांक 24/12/21 तक या उसके पूर्व स्वयं या अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से कार्यालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 6.12.2021 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुहर के साथ जारी किया गया।

मुहर — अति. तहसीलदार, दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

### न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
### ईश्तहार

रा.प्र.क्र-/अ-06 (अ)/ वर्ष 2021-22

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक सुरेन्द्र कुमार आ. नंदकुमार साकिन जेवरा द्वारा ग्राम जेवरा प.ह.नं. 13 रा.नि.मं. दुर्ग तह. व जिला दुर्ग स्थित भूमि स्वामि हक की भूमि खसरा नं. 130/3, 136/4, रकबा 1.48 हे. को रजिस्टर्ड बैनाम के माध्यम से क्रय किया था जिसके आधार काबिज है, परन्तु वर्तमान राजस्व अभिलेख में कब्जा के अनुसार नक्शा दुरूस्त नहीं किया गया है, के सुधार के संबंध में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। जिस पर प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः उपरोक्त भूमि को रजिस्टर्ड बैनामा/कब्जा के आधार पर नक्शा में सुधार किए जाने पर जिस किसी व्यक्ति को उजर या दावा/आपत्ति हो तो नियत पेशी दिनांक 24/12/21 तक या उसके पूर्व स्वयं या अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से कार्यालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 6.12.2021 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुहर के साथ जारी किया गया।

मुहर — अति. तहसीलदार, दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

### न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
### ईश्तहार

रा.प्र.क्र-/अ-06 (अ)/ वर्ष 2021-22

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक कांतिलाल चौहान आ. प्रेम जी चौहान साकिन जेवरा द्वारा ग्राम जेवरा प.ह.नं. 13 रा.नि.मं. दुर्ग तह. व जिला दुर्ग स्थित भूमि स्वामि हक की भूमि खसरा नं. 129/4, 130/3, 130/7, 131/3, 131/7, 133/3 रकबा 0.40, 0.50, 0.25, 0.40, 0.15, 0.10 हे. को रजिस्टर्ड बैनाम के माध्यम से क्रय किया था जिसके आधार काबिज है, परन्तु वर्तमान राजस्व अभिलेख में कब्जा के अनुसार नक्शा दुरूस्त नहीं किया गया है, के सुधार के संबंध में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। जिस पर प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः उपरोक्त भूमि को रजिस्टर्ड बैनामा/कब्जा के आधार पर नक्शा में सुधार किए जाने पर जिस किसी व्यक्ति को उजर या दावा/आपत्ति हो तो नियत पेशी दिनांक 24/12/21 तक या उसके पूर्व स्वयं या अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से कार्यालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 6.12.2021 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुहर के साथ जारी किया गया।

मुहर — अति. तहसीलदार, दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

# भाजपा के असहयोग भ्रम के बावजूद धान खरीदी जोरों पर : मरकाम

■ **किसान अपना धान बिना किसी परेशानी के बेच रहे**

**रायपुर/नवप्रदेश।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम ने कहा कि मोदी भाजपा सरकार के षड्यंत्र के बावजूद छत्तीसगढ़ में धान खरीदी सुचारू रूप से हो रही है छत्तीसगढ़ भाजपा के नेता आज भी धान खरीदी में बाधा उत्पन्न करने के लिए किसानों को बरगलाने के लिए झूठ फरेब की राजनीति कर रहे है। राज्य भर के धान खरीदी केन्द्रों में धान खरीदी निर्बध रूप से चल रही है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के निर्देश पर यह सुनिश्चित किया गया है कि खरीदी केन्द्रो पर किसानों को कोई परेशानी नही है। प्रदेश के सभी 2463 खरीदी केन्द्रों पर सारी व्यवस्था चाक चौबंद की गयी है। किसानों को धान बेचने मे बारदाने की समस्या न आये इसलिये पुराने बारदानों की कीमत कांग्रेस सरकार ने बढ़ा कर 18 रू. से 25 रू. कर दिया है। यह भी सुनिश्चित किया गया है कि किसानों को धान बेचने के बाद उनका पैसा भी शीघ्र उनके खातों में ट्रांसफर कर दिया जाये।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम ने कहा है कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की सरकार छत्तीसगढ़ राज्य निर्माण के बाद सबसे ज्यादा किसानों से लगभग 22लाख 66 किसानों से 1 करोड़ 5लाख मिट्रिक टन धान खरीदने का लक्ष्य रखी है और केंद्र में बैठी मोदी भाजपा की सरकार छत्तीसगढ़ में धान खरीदी पर बाधा पैदा करने में लगी है और छत्तीसगढ़ भाजपा के नेता जो खुद को किसानों हितेषी बताते हैं वह भी मोदी सरकार के किसान विरोधी नीतियों के समर्थन में खड़ी हुई है भाजपा नेताओं के किसान विरोधी चेहरा को छत्तीसगढ की जनता पहचान ली।

भारतीय जनता पार्टी धान खरीदी के मामले में केवल झूठी बयानबाजी कर भ्रम फैलाने का काम कर रही तथा छत्तीसगढ़ के भाजपा के नेता अपनी केन्द्र सरकार से बोलकर छत्तीसगढ़ की धान खरीदी में बाधा पहुंचाने का काम भी कर रहे है। आखिर क्या कारण है कि केन्द्र सरकार छत्तीसगढ़ से उसना चावल नहीं ले रही है।

मरकाम ने कहा है कि भाजपा की केन्द्र सरकार छत्तीसगढ़ को बारदाना देने में भी असहयोग कर रही है। राज्य को धान खरीदी के लिये 5.25 लाख गठान बारदानें की आवश्यकता है। इस वर्ष केन्द्र ने 2.14 लाख गठान बारदानों की स्वीकृति दी है। जिसका एडवांस पैसा जमा करने के बाद भी छत्तीसगढ़ को अभी मात्र 86856 गठान बारदाने ही दिये गये है।

# भाजपा के सांप्रदायिक एजेंडे को कवर्धा की जनता ने नकार दिया : कांग्रेस

■ **कवर्धा में विहिप भाजपा की रैली फेल**

**रायपुर/नवप्रदेश।** कवर्धा में विहिप भाजपा के द्वारा किये गये सभा भाजपा की डूबती राजनैतिक नैय्या को बचाने की कवायद है। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि कवर्धा की जनता ने भाजपा ने सांप्रदायिक एजेंडे को खारिज कर दिया। भाजपा और आरएसएस विहिप के द्वारा दावा किया गया था कि कवर्धा में एक लाख से अधिक लोग एकत्रित होंगे, पूरी ताकत लगाने के बाद दो से तीन हजार लोग ही इकट्ठा कर पाये। भाजपा, आरएसएस के द्वारा पूरी ताकत लगाने तथा रमन सिंह के भ्रष्टाचार के लाखों रूपये खर्च करने के बावजूद लोंगो ने भाजपा के धर्म से धर्म को लड़ाने के प्रयास एक बार फिर से विफल कर दिया।हिंदुओ ने कवर्धा में यह भी जता दिया कि विहिप उनकी ठेकेदार नही है। छत्तीसगढ़ में भाजपा लगातार धार्मिक सद्भाव को बिगाड़ने की कुचेष्टा में लगी है। कभी धर्मांतरण के नाम पर कभी सांप्रदायिकता के नाम पर भाजपा नेता भ्रम फैलाने की कोशिशें करते है। जनता भाजपा के चरित्र को समझ चुकी है इसिलिये लोग भाजपा के बहकावे में नहीं आ रहे और हर बार भाजपा को सांप्रदायिक एजेंडे की हवा निकल जाती है।

संचार प्रमुख शुक्ला ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का इतिहास साम्प्रदायिक सद्भाव बिगाड़ कर अपनी राजनीति को चमकाने का रहा है। कवर्धा में युवकों के दो छोटे समूह के आपसी झगड़े को भाजपा ने सांप्रदायिक रंग देने का प्रयास किया। धार्मिक सद्भाव खराब करने का षडयंत्र भाजपा आरएसएस विहिप द्वारा रचा गया। कवर्धा के बाहर से भाजपा और आरएसएस के कार्यकर्ताओं को बुलाकर रमन सिंह के पुत्र पूर्व सांसद अभिषेक सिंह और वर्तमान सांसद संतोष पाण्डेय ने सारी राजनैतिक मर्यादाओं को ताक के रखकर महौल को खराब करने असमाजिक तत्वों का नेतृत्व कर रैली निकाल कर तनाव को बढ़ाया। किसी भी भाजपा नेता ने कवर्धा में शांति बनाने की अपील नहीं किया। छोटा बड़ा हर नेता चाहता था सांप्रदायिक तनाव बढ़े ताकि भाजपा उसका राजनैतिक फायदा उठा सके।

प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि भाजपा खुद को धर्म का सबसे बड़ा ठेकेदार बताने में लगी हुई है जबकि सच्चाई यह है कि भाजपा धर्म के नाम से सिर्फ चंदा चकारी करती है वोट बटोर ती है और सत्ता मिलने के बाद उन्हीं लोगों का तिरस्कार करती है उन्हीं लोगों को प्रताड़ित करती है जिन्होंने उनको चंदा दिया और वोट दिया है। छत्तीसगढ़ में भाजपा सत्ता हाथ जाने के बाद तडफ रही है, उसके पास जनहित के मुद्दों पर बोलने को कुछ है नही तो वह धर्म की आड़ में छुप रही है।

## ■ न्यूज गैलरी

## जिला स्तरीय सांस्कृतिक प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने दीं आकर्षक प्रस्तुतियां

**रायपुर/नवप्रदेश।** छत्तीसगढ़ सरकार की स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय योजनांतर्गत संचालित अंग्रेजी माध्यम स्कूलों के बीच जिला स्तरीय सांस्कृतिक प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में आरडी तिवारी, बीपी पुजारी, अभनपुर, भटगांव सहित अन्य विद्यालय के विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। प्रतिभागियों के बीच नृत्य, नाटक, गायन की प्रतियोगिताएं कराई गईं। जिनमें विद्यार्थियों की मनमोहक प्रस्तुतियां दर्शकों के बीच आकर्षण का केंद्र बनी रहीं। इस अवसर पर कार्यक्रम में बतौर अतिथि खण्ड शिक्षा अधिकारी एसपी गोस्वामी सम्मिलित होकर विद्यार्थियों का उत्साह वर्धन किए।

## कलेक्टर ने अधिकारियों के कार्य विभाजन में किया आंशिक संशोधन

**रायपुर/नवप्रदेश।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी सौरभ कुमार ने पूर्व में जारी अधिकारियों के कार्यविभाजन आदेश में आंशिक संशोधन किया है। जिसके तहत गोपल वर्मा (आईएएस) अपर कलेक्टर को अनुविभाग आरंग के लिए अपर कलेक्टर, बीसी साहू अपर कलेक्टर को नेशनल लोक अदालत के कार्य संपादन हेतु नोडल अधिकारी, यूएस अग्रवाल को नोडल अधिकारी आरओडब्ल्यू (राइट आफ वे) शाखा की जिम्मेदारी सौंपी है। इसी तरह निधी साहू संयुक्त कलेक्टर को जन शिकायत निवारण प्रकोष्ठ, जन समस्या निवारण शिविर, आवक-जावक तथा डॉ दिप्ती वर्मा डिप्टी कलेक्टर को भू-आबंटन शाखा की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

## विधानसभा अध्यक्ष डॉ महंत ने हिन्द की चादर किताब का किया विमोचन

**रायपुर/नवप्रदेश।** छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ चरणदास महंत ने श्री गुरु तेग बहादुर जी के 401 शहीद दिवस की पूर्व संध्या पर लेखक देवेंद्र सिंह सिब्बल की हिन्द की चादर नामक पुस्तक का विमोचन किया। इस अवसर पर राज्य मंत्री जयसिंह अग्रवाल, धमतरी पूर्व विधायक गुरमुख सिंह होरा, सन्नी अरोरा, सतवंत सिंह, जसवीर सिंह तथा किताब के लेखक देवेंद्र सिंह सिब्बल उपस्थित थे।

## सहायक जिला लोक अभियोजन की परीक्षा 12 दिसम्बर को

**रायपुर/नवप्रदेश।** छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकारी (गृह विभाग ) परीक्षा 12 दिसम्बर रविवार को सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक आयोग द्वारा निर्धारित रायपुर शहर स्थित (17) परीक्षा केन्द्रों में संचालित किया जाएगा। इस परीक्षा के सुचारू रूप से संचालन व्यवस्था सुनिश्चित किये जाने हेतु संयुक्त कलेक्टर निधि साहू को नोडल अधिकारी तथा समन्वयक राजीव गांधी शिक्षा मिशन श्री केएस पटले को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। परीक्षा के दौरान सभी परीक्षार्थियों एवं अधिकारियों-कर्मचारियों को कोविड-19 महामारी के दिशानिर्देशानुसार सोशल डिस्टेसिंग, सेनेटाईजेशन, मास्क पहनना एवं अन्य सभी दिशा निर्देशो का पालन करना अनिवार्य हैं।

## कलेक्टर ने सुनी जनदर्शन में समस्याएं

**रायपुर/नवप्रदेश।** कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित साप्ताहिक कलेक्टर जनदर्शन में जिले के विभिन्न विकासखंडों के लोगों ने अपनी समस्याएं कलेक्टर को अवगत कराते हुए उन्हें आवेदन दिया। कलेक्टर सौरभ कुमार ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को उनके आवेदन पर नियमानुसार निराकरण कर उन्हें लाभांवित करने निर्देशित किया। अमलेश्वर हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी की शोभा रानी राठौर ने ऋण पुस्तिका प्राप्त करने बाबत, ग्राम पचेड़ा थाना विधानसभा से आए महेतरु राम रात्रे ने रंगमंच में आवश्यक कार्य करवाने बाबत, अन्नपूर्णा देवी अग्रवाल ने स्वयं की स्वामित्व की रजिस्ट्री शुदा जमीन को भुइयां सॉफ्टवेयर में ऑनलाइन दर्ज कराने बाबत, ग्राम सातपारा विकासखंड अभनपुर के निवासी ने मनरेगा योजना अंतर्गत ग्राम के निस्तारी तालाबों में आवश्यक कार्य एवम पचरी निर्माण हेतु इसी तरह अन्यो ने राशन कार्ड बनवाने, अवैध प्लाटिंग रुकवाने सहित अन्य समस्याओं को लेकर कलेक्टर से मुलाकात की। उल्लेखनीय है कि प्रत्येक मंगलवार को समय-सीमा की बैठक के उपरांत कलेक्टोरेट सभाकक्ष में जनदर्शन आयोजित किया जा रहा है।

# 1 दिसम्बर से लागू मंडी एवं कृषक कल्याण शुल्क में छूट प्रदान करने कृषि मंत्री को सौंपा ज्ञापन

**रायपुर/नवप्रदेश।** छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी, महामंत्री अजय भसीन, कोषाध्यक्ष उत्तमचंद गोलछा, कार्यकारी अध्यक्ष राजेंद्र जग्गी, विक्रम सिंहदेव, राम मंधान, मनमोहन अग्रवाल ने बताया कि 06 दिसम्बर को चेम्बर का एक प्रतिनिधि मंडल ने कृषि मंत्री रविन्द्र चौबे ी से मिलकर कृषि उपज मंडी शुल्क एवं कृषक कल्याण शुल्क में छूट प्रदान करने हेतु ज्ञापन सौंपा।

चेम्बर प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी ने बताया कि पोहा उद्योगों पर पूर्व में 1: की दर से मंडी-शुल्क लगता था, परंतु छत्तीसगढ़ शासन की अधिसूचना क्र. 5923/ डी-15/ 116/ पार्ट-2 /2004/14-2 दिनांक 30.11.2021 छत्तीसगढ़ कृषि उपज मंडी ( संशोधन ) अधिनियम 2020 में किये गये संशोधन के अनुसार अधिसूचित कृषि उपज की कीमत के प्रत्येक 100 रूपये पर मंडी शुल्क 3 रू. एवं कृषक कल्याण शुल्क 2 रू.की दर से दिनांक 01.12.2021 से आगामी आदेश तक प्रभावशील कर दी गई है। इसी प्रकार उपरोक्त अधिसूचना में किराना एवं दलहन पर 0.5: की दर से कृषक कल्याण शुल्क एवं मंडी शुल्क 1: प्रभावशील कर दी गई है।

पारवानी ने कहा कि कृषि क्षेत्र को प्रोत्साहन देने हेतु आपकी 19-24 उद्योग नीति में खाद्य प्रसंस्करण को विशेष बढ़ावा दिया गया है, जिससे प्रोत्साहित होकर किसान, उद्योगपति एवं व्यापारियों का व्यवसाय सुचारू एवं सरलता से चल रहा है जिससे रोजगार के अवसरों में उत्तरोत्तर वृद्धि हो रही है।

वर्तमान अधिसूचना के आधार पर यदि मंडी शुल्क में वृद्धि होती है तो छत्तीसगढ़ राज्य के समस्त पोहा, दलहन उद्योग एवं किराना व्यवसाय अन्य समीपवर्ती राज्यों के समक्ष प्रतिस्पर्धा में खड़े नहीं हो पायेंगे जिससे प्रदेश के पोहा, दलहन उद्योगों एवं उसमें कार्यरत श्रमिक बेरोजगार हो जायेंगे एवं किराना व्यवसाय पर विपरीत प्रभाव पड़ेगा।

चेम्बर प्रदेश अध्यक्ष श्री अमर पारवानी ने कहा कि छत्तीसगढ़ प्रदेश में पोहा मुरमुरा के लगभग 300 लघु उद्योग एवं दलहन उद्योग में लगभग 400 लघु उद्योग स्थापित हैं जिनमें प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष रूप से लगभग 50000 लोगों को रोजगार प्राप्त होता है और 100: स्थानीय लोगों को ही रोजगार मिला हुआ है, इससे स्थानीय लोगों को परिवार के भरण-पोषण में परेशानी का सामना करना पड़ सकता है।

पारवानी ने कृषि मंत्री से अनुरोध किया कि पोहा, मुरमुरा,दलहन प्रसंस्करणकर्ताओं, एवं किराना, दलहन व्यवसाय को उपरोक्त मंडी शुल्क एवं कृषक कल्याण शुल्क से पूर्णतः मुक्त रखा जावे जिससे छत्तीसगढ़ शासन की उन्नति में सहभागी बने रहें एवं कार्यरत हजारों लोगों का रोजगार भी सलामत रहे।

प्रतिनिधि मंडल में चेम्बर प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी, कार्यकारी अध्यक्ष राजेन्द्र जग्गी, विक्रम सिंहदेव, राम मंधान, मंत्री-नीलेश मूंधड़ा, शंकर बजाज, जवाहर थौरानी, सुनील मलानी, रायपुर दाल मिल एसोसियेशन के अध्यक्ष संजीत गोयल, महामंत्री नानक तनवानी, कोषाध्यक्ष हरीमल सचदेव, उपाध्यक्ष-श्यामसुंदर गोयल, छत्तीसगढ़ पोहा मुरमुरा उत्पादक मासंघ के अध्यक्ष कमलेश कुकरेजा, राजेश थारानी, प्रेम गोविंदानी, अशोक थारानी, पोहा मुरमुरा संघ भाटापारा के संरक्षक- अनिल रोचलानी, अध्यक्ष-रंजीत दावानी, रूपेश किंगरानी, राकेश मंधान, संजय सबलानी, अजय मंधानी, प्रहलादराय मंधानी, नंद हबलानी, संतोष पारप्यानी, जयराम काछेला, अमित थारानी, गुरमुख गंगवानी, अनिल गंगवानी, शंकर किंगरानी, अनिल किंगरानी, गोलू थारानी, राजनांदगांव पोहा मिल एसोसियेशन के अध्यक्ष विकास अग्रवाल, सूरज खंडेलवाल, नितेश लोहिया, बसंत चितलांग्या, अनुराग खंडेलवाल आदि प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

# सशस्त्र सेना झंडा दिवस शहीद के परिवारों का सम्मान करने का पर्व : सुश्री उइके

**रायपुर/नवप्रदेश।** राज्यपाल सुश्री अनुसुईया उइके ने सशस्त्र सेना झण्डा दिवस के अवसर पर राजभवन में आयोजित समारोह में वीर नारियों एवं माताओं, भूतपूर्व सैनिकों एवं शहीद सैनिकों के परिजनों को सम्मानित किया और उन्हें सम्मान निधि की। साथ ही महत्वपूर्ण दानदाताओं को भी सम्मानित किया। इस अवसर पर राज्यपाल ने कहा कि सशस्त्र सेना झंडा दिवस शहीद के परिवारों का सम्मान करने का पर्व है। राज्यपाल ने हाल ही में शहीद हुए कर्नल विप्लव त्रिपाठी के माता-पिता को भी सम्मानित किया और सम्मान निधि प्रदान की। कार्यक्रम के प्रारंभ में शहीदों को श्रद्धांजलि देने के लिए दो मिनट का मौन भी रखा गया। राज्यपाल ने शहीद कर्नल विप्लव त्रिपाठी के माता-पिता को नमन करते हुए कहा कि वे अपने आप को अकेला न समझें। पूरा प्रदेश उनके साथ है। जब भी कभी आवश्यकता होगी, शासन उनके साथ खड़ा रहेगा। राज्यपाल ने सशस्त्र सेना झंडा दिवस के अवसर पर पूरे देश सहित छत्तीसगढ़ के सभी शहीदों को नमन किया।

सुश्री उइके ने कहा कि हमारा देश जब से आजाद हुआ है तब से हमारी सेना के बहादुर जवानो ने समय-समय पर अपनी जान की बाजी लगाकर देश की रक्षा की है एवं बलिदान दिया है। हमारी सेना की वजह से सन् 1948 में पाकिस्तान से लोहा लिया एवं उन्हें दांतों तले चने चबवाये। सन् 1971 के युद्ध में पाकिस्तान को न केवल हराया बल्कि उनके 93,000 सैनिकों को कैद किया एवं बांग्लादेश एक नया देश अस्तित्व में आया। कश्मीर एवं नागालैंड एवं अन्य राज्यों में विषम परिस्थितियों में भी दिन-रात देश की रक्षा के लिए डटे रहें एवं अपने प्राणों का बलिदान देते रहें। राज्यपाल ने कहा कि पिछले दिनों गलवान घाटी में पड़ोसी देश चीन ने अतिक्रमण का प्रयास किया और हमारे देश की तरफ आंखे तरेरी, जिसका हमारे सैनिकों ने मजबूती से जवाब दिया। वे वहां पर तैनात रहे और चीन को अपने पैर पीछे खींचने पड़े। कोरोना के समय भी अलग-अलग तरीकों से भारतीय सेना ने अपना योगदान दिया और आमजनों की जान की रक्षा की।

# संभाग स्तरीय प्रतियोगिता में शहीद स्मारक के विद्यार्थियों ने मारी बाजी

**रायपुर/नवप्रदेश।** स्वामी आत्मानंद शहीद स्मारक अंग्रेजी माध्यम स्कूल फाफाडीह के छात्रों ने संभाग स्तरीय संस्कृतिक प्रतियोगिता में प्रथम स्थान दर्ज कर शाला को गौरवान्वित किया। स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम संभाग स्तरीय सांस्कृतिक प्रतियोगिता में नाटक और वाद्य यंत्र श्रेणी में विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए यह उपलब्धि हासिल की। विद्यालय के'युवराज'समूह ने सोशल मीडिया के प्रभाव और दुष्प्रभाव विषय पर नाटक का मंचन किया। वहीं वाद्य यंत्र श्रेणी में वैभव शर्मा ने अपनी मनमोहक प्रस्तुति से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। छात्रों के इस शानदार प्रदर्शन के लिए विद्यालय परिवार खुशी व्यक्त करते हुए विद्यार्थियों के कठिन परिश्रम और निरंतर अभ्यास का फल बताया और सभी को शुभकामनाएं प्रदान कीं।

## राज्य में तेजी से जारी है दलहनी फसलों की बुआई

**रायपुर/नवप्रदेश।** राज्य में रबी सीजन की अन्य फसलों के साथ-साथ दलहनी फसलों की बुआई तेजी से जारी है। राज्य में इस साल रबी सीजन में 8 लाख 73 हजार 430 हेक्टेयर में दलहनी फसलों की बोनी के लक्ष्य के विरूद्ध अब तक 4 लाख 20 हजार 620 हेक्टेयर में विभिन्न प्रकार की दलहनी फसलों की बोनी की जा चुकी है, जिसमें सर्वाधिक 2 लाख 28 हजार 340 हेक्टेयर रकबा तिवड़ा की बोनी का शामिल है।

कृषि विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार राज्य में अब तक चना की बोनी एक लाख 31 हजार 970 हेक्टेयर में, मटर की 17 हजार 510 हेक्टेयर में, मसूर की 12 हजार 380 हेक्टेयर में, मूंग की 2 हजार 840 हेक्टेयर में, उड़द की 2 हजार 800 हेक्टेयर में, तिवड़ा की 2 लाख 28 हजार 340 हेक्टेयर में, कुल्थी की 16 हजार 880 हेक्टेयर में तथा अन्य दलहनी फसलों की 7 हजार 900 हेक्टेयर में बुआई हो चुकी है, जो कि इस साल बुआई के लक्ष्य का 48 प्रतिशत है।

# धान खरीदी केन्द्रों का सतत् रूप से निरीक्षण करने के दिए निर्देश

■ **चारागाह विकास में प्रगति लाना सुनिशिचत करें**

**रायपुर/नवप्रदेश।** लेक्टर श्री सौरभ कुमार ने आज यहां कलेक्टोरेट परिसर स्थित रेडक्रॉस सभाकक्ष में समय-सीमा की बैठक ली। उन्होंने अधिकारियों से लंबित प्रकरणों के शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने नगरीय निकाय निर्वाचन बिरगांव एवं गोबरा-नवापारा में उप निर्वाचन के व्यवस्थित संचालन के हेतु संबंधित अधिकारियों को दी गई जिम्मेदारी कुशलतापूर्वक करने कहा। उन्होंने अधिकारियों से मतदान केन्द्रों में पेंटिग, फर्नीचर, बिजली, पानी, शौचालय सहित अन्य सभी व्यवस्थाए सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्ट्रांग रूम की सुरक्षा, मतपत्र प्रिटिंग, मतगणना दलों एवं सेक्टर अधिकारियों का प्रशिक्षण सहित अन्य निर्वाचन संबंधी विषयों पर चर्चा करते हुए प्राथमिकता से कार्य करने कहां।

उन्होंने धान खरीदी कार्य में किसी भी प्रकार के अव्यवस्था ना हो इसका विशेष रूप से ध्यान रखने को कहा। कलेक्टर ने समितिवार बनाए गए सेक्टर अधिकारियों को धान खरीदी केन्द्रों का सतत् रूप से निरिक्षण करने के निर्देश दिए। उन्होंने मिलर द्वारा धान उठाव की जानकारी ली।

कलेक्टर ने सभी एसडीएम को निर्देशित किया कि सप्ताह में कम से कम एक बार क्षेत्र के सी.एम.ओ और मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत की बैठक आवश्यक रूप से लें ताकि अन्य विभागों से समन्वय कर क्षेत्र की समस्याओं का निराकरण किया जा सके। कलेक्टर ने चारागाह विकास की जानकारी लेकर कार्य में प्रगति लाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने प्रत्येक विकासखंडो में गरीबों के आवास आवंटन के लिए जमीन के संबंध में सभी एस.डी.एम को निर्देशित किया। उन्होंने कोविड 19 से मृतक के परिजनों को शासन द्वारा दी जाने वाली राशि के संबंध में समीक्षा भी की तथा शीघ्र भुगतान करने कहा। उन्होंने मुख्यमंत्री जन चौपाल एवं लोक सेवा गारंटी के आवेदनों का प्रमुखता से निराकरण के निर्देश दिए। इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी मयंक चतुर्वेदी, अपर कलेक्टर गोपाल वर्मा, एन आर साहू, बी बी पंचभाई, बीसी साहू, अनुविभागीय दण्डाधिकारी राजस्व, संयुक्त कलेक्टर, डिप्टी कलेक्टर एवं विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

## मंत्री डॉ. डहरिया ने जनदर्शन में लोगों से की भेंट

**रायपुर/नवप्रदेश।** छत्तीसगढ़ शासन के नगरीय प्रशासन विकास एवं श्रम मंत्री डॉ.शिवकुमार डहरिया ने अपने शासकीय आवास पर जनदर्शन कार्यक्रम में आमजनों से भेंट की। डॉ.डहरिया को लोगों ने विभिन्न कार्यों, मांग एवं समस्याओं के संबंध में बताया तथा आवेदन भी दिए। डॉ.डहरिया ने लोगों से उनकी समस्याओं के बारे में गंभीरता से बात की और निराकरण का भरोसा दिलाया। गौरतलब है कि डॉ.डहरिया के साप्ताहिक जनदर्शन कार्यक्रम में प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों से जनप्रतिनिधि एवं आमजन मिलने आते हैं एवं अपने क्षेत्र के विकास कार्यों, समस्याओं के बारे में उन्हें अवगत कराते हैं तथा आवेदन भी देते हैं।

# भाजपा ने अपने शासनकाल में मंडी टैक्स समाप्त क्यों नहीं किया

**रायपुर/नवप्रदेश।** भाजपा की प्रेसवार्ता पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता धनंजय सिंह ने कहा कि भाजपा मंडी शुल्क के नाम से मात्र किसानों के बीच भ्रम फैलाने की राजनीति कर रही है। छत्तीसगढ़ में किसान अभी सोसायटी के माध्यम से समर्थन मूल्य के अतिरिक्त 600 रूपये प्रति क्विंटल इनपुट सब्सिडी मिलाकर 2540 रु एवं 2560 रु क्विंटल की कीमत में धान बेच रहे है। किसान मंडी में जाकर धान नही बेच रहे है। भाजपा नेताओं में नैतिकता है तो किसानो के द्वारा केन्द्र सरकार से मांगी जा रही एमएसपी की गारंटी वाली कानून का समर्थन कर केन्द्र सरकार से एमएसपी की गारंटी वाली कानून पास करवाये। ताकि प्रदेश एवं देश भर के किसानों को सरकारी खरीदी के अलावा अन्य स्थानों पर भी उपज का एमएसपी मिल सके। मंडी शुल्क का भुगतान खरीददार व्यापारी करता है किसान तो मंडी में धान के बेचने जाते हैं, मंडी शुल्क में वृद्धि मंडी में धान बेचने वाले किसानों को सुविधा प्रदान करने मंडी के व्यवस्थाओं को आधुनिकरण बेहतर करने के लिए किया गया है। भाजपा मंडी शुल्क का विरोध कर एक प्रकार से किसानों के हितों का विरोध कर रही है मंडी के व्यवस्थाओं को सुधारने के खिलाफ है। यह वही भाजपा है जिसकी केंद्र सरकार तीन काला कृषि कानून लाकर मंडी व्यवस्थाओं को ही ध्वस्त करने में लगी थी किसानों को चंदपूंजीपतियों के गुलाम बनाने की साजिश कर रही थी।

प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने भाजपा से सवाल किया रमन सरकार थी तब मंडी टैक्स का भुगतान व्यापारी करता था? कि किसान? मंडी टैक्स का विरोध कर रही भाजपा 15 साल में मंडी टैक्स को समाप्त क्यों नहीं किया? रमन सरकार ने वादानुसार किसानों से धान 2100 रु प्रति क्विंटल की दर से क्यो नहीं खरीदा? 300रु प्रति क्विंटल बोनस क्यो नहीं दिया? वर्तमान में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की सरकार किसानों को धान की कीमत एकमुश्त 2500 रू. प्रति क्विंटल दे रही थी तब यही भाजपा की केन्द्र सरकार विरोध कर रही थी। मोदी सरकार धान ख़रीदी में नियम शर्ते क्यों लगा रही है? किसानों के नाम से घड़ियाली आंसू बहाने वाले भाजपा नेता छत्तीसगढ़ में किसानों के धान खरीदी में अवरोध बाधा उत्पन्न करने का षड्यंत्र रच रहे हैं। मोदी सरकार के किसान विरोधी कृत्य पर पर्दा डाल रहे हैं।

# संपादकीय

## ये कैसी अभिव्यक्ति की आजादी

हमारे देश में अभिव्यक्ति की आजादी के नाम पर देश विरोधी नारे लगना भी आम बात हो गई है। देश के सबसे बड़े शिक्षण संस्थानों में से एक जवाहर लाल नेहरू युनिवर्सिटी में छह दिसम्बर को एक बार फिर छात्रों के एक गुट ने विवादास्पद नारेबाजी की। इन छात्रों ने यूनिवर्सिटी के भीतर एक मार्च निकाला और अयोध्या में फिर से बावरी मस्जिद बनाने के पक्ष में जमकर नारेबाजी की। यह वही जेएमयू है जहां कभी भारत तेरे टुकड़ें टुकड़ें होंगे इंशाअल्लाह इंशाअल्लाह के नारे लगे थे और स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा को अपमानित किया गया था। इसके अलावा भी जेएनयू में समय समय पर अभिव्यक्ति की आजादी के नाम पर देश विरोधी गतिविधियां संचालित होती रही है। अब जबकि सुप्रीम कोर्ट ने लंबी कानूनी लड़ाई के बाद अयोध्या में राम मंदिर बनाए जाने के पक्ष में फैसला दे दिया है उसके बाद भी जेएनयू में बावरी मस्जिद के समर्थन में नारे लगना सुप्रीम कोर्ट की भी अवमानना है। इसे स्वयं सुप्रीम कोर्ट को संज्ञान में लेना चाहिए और इस तरह की विवादास्पद नारेबाजी करने वाले टुकड़े टुकड़े गैंग के खिलाफ कड़ी कार्यवाही के लिए सरकार को निर्देश देने चाहिए ताकि अभिव्यक्ति की आजादी का कुछ सिरफिरे लोग नाजायज फायदा उठाने की जुर्रत न करें। वैसे भी हमारे देश में अभिव्यक्ति की आजादी का कुछ अराजक तत्व अनुचित लाभ उठाते रहे है और देश के सांप्रदायिक सद्भावना के माहौल को खराब करने की कोशिश करते रहे है। अभी उत्तर प्रदेश सहित पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव होने जा रहे है इसी वजह से सांप्रदायिकता का जहर फैलाकर नोटों का ध्रुवीकरण करने की कोशिश की जा रही है जिसपर लगाम लगनी चाहिए। गौरतलब है कि उत्तर प्रदेश में भी एक समाजवादी पार्टी के सांसद ने बावरी को लेकर हाल ही में विवादास्पद बयान दिया था। असउद्दीन ओवैसी भी बावरी मस्जिद को लेकर बयानबाजी कर चुके है। इस तरह की बयानबाजी जिससे माहौल खराब हो उसपर रोक लगनी जरूरी है।

# विचार

## पाकिस्तान अपनी तौहीन क्यों करा रहा?

डॉ. वेदप्रताप वैदिक

'तहरीके-लबायक पाकिस्तान' नामक इस्लामी संगठन ने इस्लाम और पाकिस्तान, दोनों की छवि तार-तार कर दी है। पिछले हफ्ते उसके उकसाने के कारण सियालकोट के एक कारखाने में मेनेजर का वर्षों से काम कर रहे श्रीलंका के प्रियंत दिव्यवदन नामक व्यक्ति की नृशंस हत्या कर दी गई। दिव्यवदन के बदन का, उसकी हड्डियों का चूरा-चूरा कर दिया गया और उसके शव को फूंक दिया गया। इस कुकृत्य की निंदा पाकिस्तान के लगभग सारे नेता और अखबार कर रहे हैं और सैकड़ों लोगों को गिरफ्तार भी कर लिया गया है। उसी कारखाने के दूसरे मेनेजर मलिक अदनान ने प्रियंत को बचाने की भरसक कोशिश की लेकिन भीड़ ने प्रियंत की हत्या कर ही डाली। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री इमरान खान को दाद देनी पड़ेगी कि उन्होंने मलिक अदनान की तहे-दिल से तारीफ की और उन्हें 'तमगा-ए-शुजात' देने की घोषणा भी की है।

'तहरीक' ने प्रियंत पर यह आरोप लगाया कि उसने तौहीन-अल्लाह की है। काफिराना हरकत की है। इसीलिए उसे उन्होंने सजा-ए-मौत दी है। प्रियंत ने तहरीके-लबायक के एक पोस्टर को अपने कारखाने की दीवार से इसलिए हटवा दिया था कि उस पर पुताई होनी थी। हमलावरों का कहना है कि उस पोस्टर पर कुरान की आयत छपी हुई थी। इन हमलावरों से कोई पूछे कि उस श्रीलंकाई बौद्ध व्यक्ति को क्या पता रहा होगा कि उस पोस्टर पर अरबी भाषा में क्या लिखा होगा? मान लें कि उसे पता भी हो तो भी कोई पोस्टर या कोई ग्रंथ या कोई मंदिर या मस्जिद वास्तव में क्या है? ये तो बेजान चीजें हैं। आप इनके बहाने किसी की हत्या करते हैं तो उसका अर्थ क्या हुआ? क्या यह नहीं कि आप बुतपरस्त हैं, मूर्तिपूजक हैं, जड़पूजक हैं? क्या इस्लाम बुतपरस्ती की इजाजत देता है? क्या अल्लाह या ईश्वर या गॉड या जिहोवा इतना छुई-मुई है कि किसी के पोस्टर फाड़ देने, निंदा या आलोचना करने, किसी धर्मग्रंथ को उठाकर पटक देने से वह नाराज़ हो जाता है? ईश्वर या अल्लाह को तो किसने देखा है लेकिन इंसान अपनी नाराजी को ईश्वरीय नाराजी का रुप दे देता है। यह उसके अपने अहंकार और दीमागी जड़ता का प्रमाण है। इसका अर्थ यह नहीं कि दूसरों की धार्मिक भावनाओं को चोट पहुंचाना उचित है।

पाकिस्तान का यह दुर्भाग्य है कि उसके संस्थापक मोहम्मद अली जिन्ना की चेतावनी पर उसके उग्रवादी लोग बिल्कुल भी ध्यान नहीं देते। जिन्ना पाकिस्तान को एक सहनशील राष्ट्र बनाना चाहते थे लेकिन पाकिस्तान दुनिया का सबसे असहिष्णु इस्लामी राष्ट्र बन गया है। कभी वहां मंदिरों, कभी गुरुद्वारों और कभी गिरजाघरों पर हमलों की खबरें आती रहती हैं। कभी कादियानियों पर हमले होते हैं। 2011 में लाहौर में राज्यपाल सलमान तासीर की हत्या इसलिए कर दी गई थी कि उन्होंने आसिया बीबी नामक एक महिला का समर्थन कर दिया था। आसिया बीबी पर तौहीन-ए-अल्लाह का मुकदमा चल रहा था। सलमान तासीर अच्छे खासे पढ़े-लिखे मुसलमान थे। वे मेरे मित्र थे। उनकी हत्या पर गजब का हंगामा हुआ लेकिन यह सिलसिला अभी भी ज्यों का त्यों जारी है। इस सिलसिले को रोकने के लिए इमरान सरकार की सी सख्ती तो चाहिए ही लेकिन उससे भी ज्यादा जिम्मेदारी मजहबी मौलानाओं की है। ईश्वर और अल्लाह को अपनी तारीफ या तौहीन से कोई फर्क नहीं पड़ता लेकिन उसके कारण पाकिस्तान की तौहीन क्यों हो?

# नागालैंड में अशांति के मंडराते बादल!

राजेश माहेश्वरी

*उग्रवाद के एक हत्यारे दौर के बाद 1997 में एनएससीएन (आई-एम) और सुरक्षा बलों के दरमियान युद्धविराम का एक महत्त्वपूर्ण समझौता किया गया था। कई विरोधाभासों और उतार-चढ़ाव के बावजूद वह करार किया गया, क्योंकि सभी पक्ष नगालैंड और आसपास के इलाकों में शांति के पक्षधर थे। नगा उग्रवाद करीब 7 दशक पुराना है। उसके समूल खात्मे के लिए बातचीत काफी निर्णायक स्तर पर मानी जाती रही है, लिहाजा 2015 में एक फ्रेमवर्क समझौते पर भारत सरकार और एनएससीएन ने हस्ताक्षर किए थे। अब यह कांड शांति-प्रक्रिया और युद्धविराम को पटरी से न उतार दे, लिहाजा उसके मद्देनजर बहुत तेजी से फैसले किए जा रहे हैं। सेना के हमले की आलोचना भी हो रही है, क्योंकि पूर्वोत्तर के दूसरे राज्यों में चुनावी और राजनीतिक सरगर्मियां जारी हैं। नगालैंड में गुस्से और उदासी का माहौल है। सुरक्षा बल, राजनीतिक नेतृत्व, सामाजिक समुदाय और शेष अन्य समूह हिंसा कांड से परेशान और विक्षुब्ध हैं।*

पूर्वोत्तर की शांति को लगता है किसी की नजर लग गई है। पिछले कुछ समय से पूर्वोत्तर के राज्यों से ऐसी खबरे सामने आ रही हैं जो चिंता बढ़ाने वाली हैं। इतिहास के पन्ने पलटकर देखे तो पूर्वोत्तर के कई उग्रवादी गुटों और सरकार के बीच कई दौर की शांति वार्ताओं और संवाद के माध्यम से स्थिति बदली थी। संवाद और शांति प्रयासों का ही नतीजा था कि कई आतंकी चेहरे राजनीति के जरिए मुख्यधारा में आए और विधायक, सांसद तक चुने गए, लेकिन अचानक नागालैंड में एक हिंसक कांड, मौतों की त्रासदी और स्थानीय लोगों के पलटवार ने शांति को भंग कर दिया है।

वास्तव में अनिश्चित शांति के एक दशक के बाद, एक समय में बहुत परेशान रहने वाला उत्तर-पूर्वी राज्य, नागालैंड विकास के कई परिणामों पर भारत के सबसे समृद्ध राज्यों की तुलना में बेहतर प्रदर्शन कर रहा है। यह जानकारी 10 राज्यों के 20 सामाजिक-आर्थिक और स्वास्थ्य सूचकों पर इंडियास्पेंड के विश्लेषण में दो वर्ष पूर्व सामने आई थी। हालांकि, राज्य में खराब बुनियादी ढांचे और कभी-कभी अशांति अभी भी समस्या है। म्यांमार की सीमा के निकट भारत के पूर्वी किनारे पर स्थित, नागालैंड लगभग कुवैत के आकार है और यहां 2 मिलियन लोग रहते हैं, जो इंदौर शहर की आबादी के बराबर है। राज्य में 16 प्रमुख जनजातियां और 20 उप-जनजातियां हैं। प्रत्येक को अलग कपड़ों और आभूषणों द्वारा चिह्नित किया जा सकता है। 87.93 फीसदी आबादी ईसाई है। अंग्रेजी आधिकारिक भाषा हो सकती है, लेकिन राज्य में 30 से अधिक भाषाएं और बोलियां बोली जाती हैं।

नागा विद्रोही गुटों और राज्य सशस्त्र बलों के बीच हिंसक झड़पों से 2007 तक लगभग आधी सदी के लिए नागालैंड विकास से दूर रहा। जब से सबसे बड़े विद्रोही समूह ने भारत सरकार के साथ एक अनिश्चित युद्धविराम में प्रवेश किया, तब से, राज्य ने कई सामाजिक-आर्थिक संकेतकों पर महत्वपूर्ण प्रगति की है। 1963 में नागालैंड के अस्तित्व के बाद पहली बार, केंद्र में सत्ताधारी गठबंधन के प्रमुख भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) राज्य और पूर्वोत्तर के बाकी हिस्सों में अपनी उपस्थिति दर्ज करा चुकी है।

बीते माह मणिपुर में उग्रवादियों ने जिस तरह असम राइफल्स के कमांडिंग अफसर, उनकी पत्नी और बेटे, चार सैनिकों की एक साथ हत्या की थी, उसके बाद नगालैंड में यह हिंसक कांड हुआ है। ताजा घटनाक्रम में सेना की गोलीबारी में 13 मासूम मौतें हो गईं। पलट हिंसा में 4 और जानें चली गईं। कई सैन्य वाहन फूंक दिए गए। करीब 100-150 ग्रामीणों ने असम राइफल्स के सैनिकों पर हमला बोल दिया, लिहाजा आत्मरक्षा में जवानों को गोली चलानी पड़ी। उसमें भी कुछ घायल हुए हैं। इस बीच केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का संसद में दिया गया वक्तव्य भी सामने आया है। उन्होंने कहा कि यह गलत पहचान का मामला है। सेना का पक्ष है कि उसे उग्रवादी गतिविधियों की सूचना मिली थी, लिहाजा उसे ऑपरेशन चलाना पड़ा। फिलहाल यह जांच का विषय है कि ऑपरेशन का निर्णय सही था अथवा गलत, लेकिन चैतरफा गुस्साई प्रतिक्रियाओं के दबाव में सेना ने खेद व्यक्त किया है। कई स्तरों पर जांच के आदेश दिए गए हैं।

> नगालैंड देश की आजादी के बाद से ही उग्रवादी आंदोलनों के लिए कुख्यात रहा है। राज्य के नगा गुटों ने खुद को कभी भारत का हिस्सा समझा ही नहीं। दशकों लंबे चले उग्रवाद के बाद केंद्र सरकार ने 1997 के आखिर में इस समस्या को खत्म कर इलाके में शांति की बहाली के लिए नागा संगठनों के साथ शांति प्रक्रिया शुरू की थी। नागालैंड की दशकों से चली आ रही इंसरजेंसी का अंत करने के लिए नागा शांति समझौते की पेशकश की गई है। इसके बारे में हम 2018 से सुनते आ रहे हैं, लेकिन अब तक शांति समझौता मुकम्मल नहीं हो पाया है। मोदी सरकार 2.0 में केंद्र और नागा सशस्त्र बलों के बीच बात आगे बढ़ी। अक्टूबर, 2019 में प्रमुख अलगाववादी दल नेशनल सोशलिस्ट काउंसिल ऑफनागालैंड-इसाक मुइवाह (एनएससीएन-आईएम) की दिल्ली में केंद्र के साथ बैठक भी हुई।

म्यांमार उनके लिए अभयारण्य साबित होता रहा है। लिहाजा सीमावर्ती जिलों में अपेक्षाकृत ज्यादा निगरानी और सावधानी की जरूरत है और यह काम असम राइफल्स जैसे सैन्य संगठन ही कर सकते हैं। अत्यधिक दबावों के बावजूद सेना और सुरक्षा बलों को स्थानीय आबादी के प्रति ज्यादा संवेदनशील होना पड़ेगा। खुफिया एजेंसियों को भी ठोस और पुष्ट 'लीड्स के लिए अतिरिक्त परिश्रम करना पड़ेगा। पड़ोसी देश म्यांमार में बेचैनी, अराजकता और विद्रोहों के कारण मणिपुर और नगा उग्रवादी गुटों को अपनी प्राथमिकताएं बदलनी पड़ी हैं।

नगालैंड देश की आजादी के बाद से ही उग्रवादी आंदोलनों के लिए कुख्यात रहा है। राज्य के नगा गुटों ने खुद को कभी भारत का हिस्सा समझा ही नहीं। दशकों लंबे चले उग्रवाद के बाद केंद्र सरकार ने 1997 के आखिर में इस समस्या को खत्म कर इलाके में शांति की बहाली के लिए नागा संगठनों के साथ शांति प्रक्रिया शुरू की थी। नागालैंड की दशकों से चली आ रही इंसरजेंसी का अंत करने के लिए नागा शांति समझौते की पेशकश की गई है। इसके बारे में हम 2018 से सुनते आ रहे हैं, लेकिन अब तक शांति समझौता मुकम्मल नहीं हो पाया है। मोदी सरकार 2.0 में केंद्र और नागा सशस्त्र बलों के बीच बात आगे बढ़ी। अक्टूबर, 2019 में प्रमुख अलगाववादी दल नेशनल सोशलिस्ट काउंसिल ऑफ नागालैंड-इसाक मुइवाह (एनएससीएन-आईएम) की दिल्ली में केंद्र के साथ बैठक भी हुई। केंद्र सरकार ने उनकी तीन में से दो मांगों को मान लिया। पहली मांग, अरुणाचल, मणिपुर और असम की तरह नागा समुदाय की सामाजिक-सांस्कृतिक मान्यताओं को संरक्षण देना। दूसरी मांग, समुदाय के राजनीतिक प्रतिनिधित्व को बढ़ावा देना। लेकिन बात तीसरी मांग पर अटक गई। नागालैंड के अलग झंडे और अलग संविधान की मांग। फिलहाल गतिरोधों का अंत करने की कोशिश जारी है।

इसमें कोई दो राय नहीं है कि पूर्वोत्तर शुरूआती दौर से ही बेहद संवेदनशील क्षेत्र रहा है। कई विभिन्नताओं के कारण उग्रवाद के लिए वह अनुकूल भूखंड रहा है। चूंकि अब उग्रवाद अंतिम सांसें ले रहा है, लिहाजा उसे किसी भी तरह की 'प्राण-वायु प्रदान न की जाए, जिससे वह दोबारा उभर सके। राज्य की एजेंसियों और स्थानीय नगा आबादी के बीच, त्रासदी के बावजूद, भरोसे को नए सिरे से कायम करने की कोशिशें तेज होनी चाहिए। ताजा घटनाक्रम के बाद नगा जनजाति ने त्वरित और सख्त कदम उठाए जाने से जुड़ी मांगों का पांच-सूत्रीय ज्ञापन जारी किया है। ज्ञापन में कहा गया है कि इस घटना के लिए जिम्मेदार सेना कर्मियों के खिलाफतुरंत कार्रवाई हो और राज्य में सेना और सुरक्षा बलों को दी गई विशेष शक्तियों को वापस लिया जाए। सेना ने संदिग्ध समझकर फायरिंग की। फिर भी मामले की जांच तो होनी ही चाहिए।

# घरेलू हवाई यात्राओं पर कुछ खास असर नहीं पड़ने वाला

नरविजय यादव

*अंतर्राष्ट्रीय उड़ानें जरूर प्रभावित होंगी, लेकिन सरकार ने तो विदेशी उड़ानों की आवाजाही पहले ही अनिश्चित काल के लिए स्थगित कर दी है। इसलिए घरेलू उड़ानें अप्रभावित रहेंगी। यदि कोरोना के ओमिक्रोन वेरिएंट के चलते यात्री कम हुए भी तो कुछ ही समय ऐसा रहेगा। पिछली दो लहरों के दौरान भी घरेलू उड़ानों की संख्या कम हुई थी, लेकिन एयरलाइनों की आवाजाही पर रोक नहीं लगी थी। इस बार भी अगर रुकावट आयी भी तो 2022 की पहली तिमाही में ही बिजनेस फिर से रफ्तार पकड़ लेगा, ऐसा एविएशन विशेषज्ञों का अनुमान है। डायरेक्टर जनरल ऑफ सिविल एविएशन के अनुसार, जनवरी से अक्टूबर 2021 तक घरेलू एयरलाइनों से जाने वाले यात्रियों की संख्या 6.2 करोड़ से अधिक रही, जबकि साल दर साल की तुलना में यह 4.93 करोड़ अधिक थी।*

सात दिसंबर का दिन हर साल अंतर्राष्ट्रीय नागरिक उड्?डयन दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस बार सिविल एविएशन डे की थीम है ङ्क वैश्विक एविएशन के विकास के लिए नयी सोच। अगले दो वर्षों तक यही थीम रहेगी। महामारी के कारण पिछले डेढ़ साल का वक्त अन्य सब उद्योगों की तरह सिविल एविएशन इंडस्ट्री के लिए भी कठिनाई भरा रहा। अब फिर से वायरस का नया वेरिएंट खलबली मचा रहा है। हालांकि इंडस्ट्री से जुड़े विशेषज्ञों का मत है कि इस बार घरेलू एयरलाइनों के बिजनेस पर कुछ खास प्रभाव नहीं पड़ेगा।

अंतर्राष्ट्रीय उड़ानें जरूर प्रभावित होंगी, लेकिन सरकार ने तो विदेशी उड़ानों की आवाजाही पहले ही अनिश्चित काल के लिए स्थगित कर दी है। इसलिए घरेलू उड़ानें अप्रभावित रहेंगी। यदि कोरोना के ओमिक्रोन वेरिएंट के चलते यात्री कम हुए भी तो कुछ ही समय ऐसा रहेगा। पिछली दो लहरों के दौरान भी घरेलू उड़ानों की संख्या कम हुई थी, लेकिन एयरलाइनों की आवाजाही पर रोक नहीं लगी थी। इस बार भी अगर रुकावट आयी भी तो 2022 की पहली तिमाही में ही बिजनेस फिर से रफ्तार पकड़ लेगा, ऐसा एविएशन विशेषज्ञों का अनुमान है। डायरेक्टर जनरल ऑफसिविल एविएशन के अनुसार, जनवरी से अक्टूबर 2021 तक घरेलू एयरलाइनों से जाने वाले यात्रियों की संख्या 6.2 करोड़ से अधिक रही, जबकि साल दर साल की तुलना में यह 4.93 करोड़ अधिक थी। इसने क्रमशः 25.88 प्रतिशत साल दर साल और 70.46 प्रतिशत माह दर माह की वृद्धि का संकेत दिया। दूसरी लहर के बाद लागू पाबंदियों में 18 अक्टूबर को छूट मिली और एयरलाइनों को घरेलू मार्गों पर 100 प्रतिशत क्षमता के साथ संचालन की अनुमति मिल गयी। पिछली दो तिमाहियों में घरेलू विमान सेवाओं में बहुत सुधार दिखायी दिया है। चालू माह और जनवरी के लिए हवाई यात्राओं की बुकिंग उम्मीद से अच्छी चल रही है। दो वर्षों में पहली बार ऐसी स्थिति बनी है कि कुछ रूट्स पर तो टिकट की कीमत भी ऊंची जा रही है। केंद्रीय नागरिक उड्डयन राज्य मंत्री वीके सिंह ने अगस्त में मानसून सत्र के दौरान संसद को बताया था कि वित्त वर्ष 2020-21 के दौरान महामारी के कारण, भारतीय एयरलाइनों को लगभग 19,000 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ, जबकि भारतीय हवाई अड्डों को करीब 3,400 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ। घरेलू हवाई यात्रियों की संख्या में 2019-20 में 0.3 प्रतिशत और 2021 में 61.7 प्रतिशत की गिरावट दर्ज हुई।

> पिछली दो तिमाहियों में घरेलू विमान सेवाओं में बहुत सुधार दिखायी दिया है। चालू माह और जनवरी के लिए हवाई यात्राओं की बुकिंग उम्मीद से अच्छी चल रही है। दो वर्षों में पहली बार ऐसी स्थिति बनी है कि कुछ रूट्स पर तो टिकट की कीमत भी ऊंची जा रही है। केंद्रीय नागरिक उड्डयन राज्य मंत्री वीके सिंह ने अगस्त में मानसून सत्र के दौरान संसद को बताया था कि वित्त वर्ष 2020-21 के दौरान महामारी के कारण, भारतीय एयरलाइनों को लगभग 19,000 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ, जबकि भारतीय हवाई अड्डों को करीब 3,400 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ। घरेलू हवाई यात्रियों की संख्या में 2019-20 में 0.3 प्रतिशत और 2021 में 61.7 प्रतिशत की गिरावट दर्ज हुई। पिछले दिनों सरकार ने कर्ज में डूबी एयर इंडिया को टाटा संस के हाथों में सौंपा। शेयर बाजार के अमिताभ बच्चन यानी राकेश झुनझुनवाला की अकासा एयर और जेट एयरवेज को लेकर भी एविएशन इंडस्ट्री में उत्साह का माहौल है।

पिछले दिनों सरकार ने कर्ज में डूबी एयर इंडिया को टाटा संस के हाथों में सौंपा। शेयर बाजार के अमिताभ बच्चन यानी राकेश झुनझुनवाला की अकासा एयर और जेट एयरवेज को लेकर भी एविएशन इंडस्ट्री में उत्साह का माहौल है। एक और एयरलाइन, इंडियावन एयर भी जल्द ही आसमान में नजर आयेगी। जेट एयरवेज करीब 100 नये हवाई जहाज खरीदने के लिए बोइंग और एयरबस जैसी विमान निर्माता कंपनियों के साथ बात कर रही है। अकासा को भी विमानों का बेड़ा खरीदना है। इस बीच, भारतीय शेयर बाजारों में सूचीबद्ध एयरलाइन कंपनियों का प्रदर्शन मिलाजुला रहा है। जनवरी-दिसंबर की अवधि में, बाजार हिस्सेदारी के हिसाब से देश की सबसे बड़ी यात्री एयरलाइन इंडिगो के संचालक इंटरग्लोब एविएशन के शेयरों में साल-दर-साल 10 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है, जबकि दूसरी बड़ी कंपनी स्पाइसजेट के शेयरों में 23 प्रतिशत गिरावट रही।

# पाठकों की बात — पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

## प्रेम तब सबसे

प्रेम तब सबसे सर्वोच्च है जब आप अपने गुस्से में, बेकसी में, बेक़ाबूपन में, बदलते मूड़ में भी सामने वाले से सिर्फ़प्रेम ही करें वरना निरे सुख के सुरूर में गोते लगाने को तो अज़नबी भी तैयार हो जाएं। गर सामने वाला आपसे बदलती परिस्थितियों में प्रेम करना छोड़ दे तो वो प्रेम नहीं महज़ जरूरत भर है, और जरूरतें प्रेम का सिलेबस कब हुई भला!

**– मोनिका भारद्वाज**

## चांद पाने की तमन्ना

चाँद पाने की तमन्ना में मचल कर देखें ! झील के जिस्म पे मदहोशी में चल कर देखें !! क्या पता रूह को तस्कीन कहीं मिल जाये, जिस्म की क़ैद से इक बार निकल कर देखें ! ऐन मुमकिन है कि मिट जाये क़दूरत दिल से , तुम भी तब्दील हो कुछ हम भी बदल कर देखें !

**– कविता सिंह**

## ख़ास पाती | बंगाल चुनाव में जिन कांगी

बंगाल चुनाव में जिन कांगी मित्रों ने ममता बैनर्जी को शेरनी प्रमोट किया था तथा दिल्ली में केजरीवाल के साथ थे आज ये दोनों देश कि पुरानी पार्टी के खिलाफ खुलकर मुखर हो गये और कांगरेड कि जमीन खा रहे पर मजाल है कोई कांगी मित्र इनके खिलाफ कुछ बोले !! दिल्ली में केजरीवाल कि तारीफ़ये इतने करते है कि अपने पूर्व शीला दीक्षित कि सरकार को बौना कर देते हैं। ये योगी जी हराने कि बात तो करते है पर सत्ता मे यूपी मे कौन आएगा इस पर अखिलेश कि तरफदेखते है! अगर देखा जाए तो भाजपा वाले राहुल जी प्रमोट करते रहते हैं। वरना् ये तो कभी ममता , केजरीवाल , तेजस्वी , अखिलेश और अभी टिकैत के सहारे है। बहरहाल जो भी जैसा भी एक बात तो तय है आएगा तो योगी ही।

**– अंबर अनिल दानी**

## देह को चाहिए होती है एक

देह को चाहिए होती है, एक देह, जो मन को समेटे हो, जिसमें तड़प हो, अपूर्णता की, जिसकी लहरों में हो, ज्वार के संग धीरज भी, मावस और पूरनमासी दोनों, भोगना सहज हो जिसके संग जो चन्द्रमा की कलाओं की तरह, तिल तिल बढ़ना और घटना जाने, स्वेद और अश्रु बँटवा सके जो आनंद हो जिसके साथ, गंतव्य के साथ मार्ग भी, एक देह वैसी, जिसका उद्गम मन हो।

**–वर्षा वर्षिता श्रीवास्तव**

## बेसबब ही कभी मुस्करा दीजिये

बेसबब ही कभी मुस्करा दीजिये । रंजो ग़म को न हर पल हवा दीजिये कुछ तो रिश्तों की गर्मी का अहसास हो , मेरे हिस्से की मुझको दुआ दीजिये।

**– राजेश श्रीवास्तव 'प्रखर'**

## लगतीं हैं जब नीरस -नीरस गुम

लगतीं हैं जब नीरस नीरस गुम सुम-गुमसुम सी संध्याएं! अक्सर गीत सुनातीं मुझको कोपल सी कोमल कविताएं मेरी नीरव नीरव रातें करती है मुझसे जब बातें दूर तलक घाटी गा उठती गा उठती तनहा छन्दाएं वो नीला आँचल लहरातीं आंसू पर भी गीत सजातीं नीरव स्वर लहरी पर गाती मेरी नव नूतन कल्पनाएं कितनी ही झीलें हैं ,नेहिल प्रेयसी सी कल्पनाएं प्रेमिल पार सरहदों के गातीं हैं पार मज़हबो की आशाएं।

**– अजय कुमार सिंह भदौरिया**

## थोड़ा सा मैंने मैं को तुम

थोड़ा सा मैंने मैं को तुम, होकर देखा और पूछा कितनी बची हो तुम मुझमे मैं..ने कहा जितना तुम छोड़ गए थे उससे कही ज्यादा बाकी हो तुम मुझमे मै ने पूछा फिक्र नही होती हमारी तुम ने कहा तुम जो हो सब संभाल लोगी खुद को भी और आने वाले समय को भी और फिर..मैं मुस्कुराते हुए तुम से मैं हो गई एक नए आत्मविश्वास के साथ।

**– सीमा नागर**

## देश की अखंडता को चूर चूर

देश की अखंडता को ,चूर चूर होता देख कवि दिनकर वाली ,कलम चलाई है भटक सके न अब ,युवा अपनी राह से इसीलिए राष्ट्रवादी ,कविता सुनाई है भेद भाव छोड़कर , जाति वाद तोड़कर नागरिकों में प्रेम की,ही गंगा बहाई है आततायों को अब ,जड़ से मिटाने हेतु शेखर आज़ाद वाली ,पिस्टल मंगाई है।

**– संजय कुमार गिरि**

## क्यों नही कोई आवाज उठाता

क्यों नही कोई आवाज उठाता मंहगाई बढ़ जाने पर जहाँ भूख से लाल कलपते , लड़ते जूठन खाने पर बस्ती में दुर्गन्ध बसी और? सीलन गन्दे पानी से वहाँ राह में फूल बिछे हैं ,नेताओं के आने पर।

**– शालिनी शर्मा**

# QUIZ TIME

1) इनमें से किसकी शिक्षा छत्तीसगढ़ में भी हुई? (मो.हिदायतुल्लाह / डॉ.जाकिर हुसेन / डॉ.राधाकृष्णन / डॉ. राजेन्द्र प्रसाद)
2) छत्तीसगढ़ी व्याकरण के सर्जक कौन थे?
3) छत्तीसगढ़ की पहली फीचर (फिल्म) कौन-सी है?
4) किस जिले को इफ्को जिला घोषित किया गया है?
5) गीतकार, कथाकार तथा समीक्षक का नाम बताइए?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) मो.हिदायतुल्लाह (2) हीरालाल जी चन्नाहू (3) कहि देबे संदेस (4) बेमेतरा (5) श्रीकांत वर्मा

# आज का इतिहास

**नई दिल्ली (वार्ता)।** 1721- मराठा साम्राज्य के पेशवा बालाजी बाजीराव का जन्म। 1863- चिली की राजधानी सेंटियागो स्थित जेसूइट गिरजाघर में आग लगने से 2500 लोगों की मौत हुई। 1881- यूरोपीय देश आस्ट्रिया की राजधानी विएना में थियेटर में आग लगने से 800 से ज्यादा लोगों की मौत हुई। 1914- फॉकलैंड का जल युद्ध एटलांटिक महासागर में इसी नाम के द्वीपों के आस पास ब्रिटेन और जर्मनी के बीच लड़ा गया। 1923- जर्मनी और अमेरिका ने मैत्री संधि पर हस्ताक्षर किये। 1931- दूरसंचार में उपयोग होने वाले कोएक्सिएल केबल का अमेरिका में पेटेंट कराया। 1934- इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया के बीच साप्ताहिक एयर मेल सेवा शुरू हुई। 1935- प्रसिद्ध फिल्म अभिनेता धर्मेंद्र का जन्म। 1941- अमेरिका और ब्रिटेन ने जापान के खिलाफयुद्ध की घोषणा की। 1943- वेरा का युद्ध मित्र देशों की जीत में समाप्त हुआ। 1967- पहेल आईएनएस पनडुब्बी कालवरी को सेना में शामिल किया गया। 1976- अमेरिका ने नेवादा में परमाणु परीक्षण किया। 1982- कोलंबिया के लेखक गैब्रिएल गार्सिया मार्केज को साहित्य का नोबेल पुरस्कार दिया गया। 1987- विश्व की दो महाशक्तियों अमरीका और तत्कालीन सोवियत रूस के नेताओं ने भूमि आधारित परमाणु हथियारों के जखीरे को कम करने के प्रावधान वाली संधि पर हस्ताक्षर किये। 1998- ओलंपिक के इतिहास में पहली बार महिला आइस हॉकी को शामिल किया गया। 2002- भारत की पारम्परिक जैव सम्पदा नीम, हल्दी और जामुन के बाद गौमूत्र का अमेरिका ने पेटेंट किया।

# मिस यूनिवर्स के पेजेंट में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगी उर्वशी रौतेला

**मुंबई (वार्ता)।** बॉलीवुड अभिनेत्री उर्वशी रौतेला इजराइल के इलियट में मिस यूनिवर्स 2021 में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगी।

उर्वशी रौतेला ने कहा, मैं इलियट, इजराइल में मिस यूनिवर्स 2021 पेजेंट का हिस्सा बनकर वास्तव में सम्मानित महसूस कर रही हूं। खुद पर भरोसा करके और अपनी आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए कड़ी मेहनत करके, इन सभी अद्भुत महिलाओं को पूरे देश से ग्लोब मिस यूनिवर्स संगठन के सिद्धांतों का प्रतिनिधित्व और प्रतीक है, और मैं इस महान वैश्विक मंच पर उन सभी के साथ इस महत्वपूर्ण अवसर का अनुभव करने के लिए इंतजार नहीं कर सकती। उर्वशी रौतेला एक बड़े बजट की सायंस-फ़िक्शन तमिल फिल्म के साथ अपना तमिल डेब्यू करेंगी, जिसमें वह एक माइक्रोबायोलॉजिस्ट और एक आईआईटीयन की भूमिका निभाएंगी। उर्वशी 'ब्लैक रोज़' के साथ-साथ थिरुतु पायले 2 के हिंदी रीमेक के साथ में दिखाई देंगी। उर्वशी रौतेला जियो स्टूडियो की वेब सीरीज 'इंस्पेक्टर अविनाश' में रणदीप हुड्डा के साथ मुख्य भूमिका निभा रही हैं, जो सुपर कॉप अविनाश मिश्रा और पूनम मिश्रा की सच्ची कहानी पर आधारित एक बायोपिक है।

# रणवीर सिंह की फिल्म 83 का लहरा दो गाना रिलीज

**मुंबई (वार्ता)।** बॉलीवुड अभिनेता रणवीर सिंह की आने वाली फिल्म 83 का पहला गाना लहरा दो रिलीज हो गया है।

रणवीर सिंह इन दिनों अपनी आने वाली फिल्म 83 को लेकर चर्चा में हैं। फिल्म का पहला गाना लहरा दो रिलीज कर गया है। यह गाना देशभक्ति की भावना से सराबोर है। लहरा दो गाना के जरिए वर्ष 1983 के वर्ल्ड कप के दौरान भारतीय टीम की विजयी यात्रा को दर्शाया गया है। इस गाने को ज़ी म्यूजिक कंपनी के आधिकारिक यूट्यूब चैनल पर रिलीज किया गया है। इस गाने को अरिजीत सिंह ने अपनी शानदार आवाज में गाया है।इस सॉन्ग के टीजर वीडियो को सोशल मीडिया पर शेयर कर रणवीर सिंह ने कैप्शन लिखा, गियर अप फॉर ग्लोरी।

गौरतलब है कि फिल्म 83 की कहानी भारतीय टीम की ऐतिहासिक विश्वकप जीत के इर्द-गिर्द घूमती है।कबीर खान निर्देशित फिल्म 83 साल 1983 विश्वकप विजेता भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कैप्टन कपिल देव की बायोपिक है, जिसमें रणवीर सिंह लीड कपिल देव का किरदार निभा रहे हैं और उनकी पत्नी दीपिका पादुकोण उनकी पत्नी रोमी देवी का किरदार निभा रही हैं। रणवीर सिंह और दीपिका पादुकोण के अलावा फिल्म में ताहिर राज भसीन, पंकज त्रिपाठी भी अहम किरदार में नजर आने वाले हैं। यह फिल्म हिंदी, तमिल, तेलुगु, कन्नड़ और मलयालम में 24 दिसंबर 2021 को सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है।

# वरूण धवन ने जुग जुग जियो के सेट से शेयर किया बीटीएस मूवमेंट

**मुंबई (वार्ता)।** बॉलीवुड अभिनेता वरूण धवन ने अपनी आने वाली फिल्म जुग जुग जियो के सेट से सोशल मीडिया पर बीटीएस मूवमेंट शेयर किया है।

वरुण धवन और कियारा आडवाणी इन दिनों फिल्म जुग जुग जियो की शूटिंग में व्यस्त हैं। दोनों इन दिनों रूस में फिल्म की शूटिंग कर रहे हैं। वरूण ने इस बीच फिल्म के सेट से मजेदार बीटीएस पलों को शेयर किया है।

वरूण ने बीटीएस पलों अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम स्टोरी पर शेयर किया है, जिसमें वह बात रहे हैं कि वह इन दिनों मास्को में हैं और वहां माइनस 5 डिग्री में फिल्म की शूटिंग कर रहे हैं। इसके बाद वह कियारा आडवाणी से रसियन भाषा में कुछ बोलते हैं। वरूण ने इसके साथ ही इंस्टाग्राम स्टोरी पर एक फोटो भी साझा किया है, जिसमें वह फिल्म के नाम का क्लैप बोर्ड लेकर पोज देते हुए दिख रहे हैं। यह फिल्म 24 जून, 2022 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

# 20 मई 2022 को रिलीज होगी रानी मुखर्जी की 'मिसज़ चैटर्जी वर्सेस नॉर्वे'

**मुंबई (वार्ता)।** बॉलीवुड अभिनेत्री रानी मुखर्जी की आने वाली फिल्म मिसज चैटर्जी वर्सेस नॉर्वे 20 मई 2022 को रिलीज होगी।

रानी मुखर्जी की मुख्य भूमिका वाली फिल्म 'मिसज़ चैटर्जी वर्सेस नॉर्वे' की रिलीज डेट तय हो चुकी है। इस फिल्म के निर्माताओं ने सोशल मीडिया अकाउंट से इसकी आधिकारिक घोषणा कर जानकारी दी है कि, आशिमा छिब्बर निर्देशित यह फिल्म 20 मई 2022 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

बताया जा रहा है कि मिसज़ चैटर्जी वर्सेस नॉर्वे की एक मां की प्रेरणादायक कहानी है, जो अपने बच्चे के लिए देश से लड़ती है। कोविड -19 सुरक्षा प्रोटोकॉल को ध्यान में रखते हुए फिल्म को एस्टोनिया में बड़े पैमाने पर शूट किया गया है।

## न्यूज गैलरी

### ओप्पो की आईआईटी दिल्ली के साथ साझेदारी

**नई दिल्ली (वार्ता)।** अत्याधुनिक स्मार्टफोन बनाने वाली कंपनी ओप्पो इंडिया ने आज जिनियस प्लस कार्यक्रम शुरू करते हुये इसके लिए आईआईटी दिल्ली के साथ साझेदारी की है। कंपनी ने आज यहां जारी बयान में कहा कि इसके तहत प्रमुख इंजीनियरिंग संस्थानों के पढ़ने वाले छात्रों का चयन किया जायेगा और उसे पूरे पाठ्यक्रम के दौरान चयनित छात्रों को पढ़ाई के व्यय की भरपाई कंपनी करेगी। इसके लिए आईआईटी दिल्ली के साथ साझेदारी की गयी है।

उसने कहा कि इसके साथ ही उद्योग के भविष्य के प्रौद्योगिकी नेतृत्वकर्ताओं को तैयार करने के वास्ते वह मास्टर और पीएचडी के छात्रों पर भी निवेश करेगी।

### संजीव मेहता होंगे फिक्की के अगले अध्यक्ष

**नई दिल्ली (वार्ता)।** हिन्दुस्तान यूनिलीवर के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक संजीव मेहता उद्योग एवं वाणिज्य महासंघ फिक्की के अगले अध्यक्ष होंगे। फिक्की ने आज यहां जारी बयान में कहा कि श्री मेहता अभी संगठन के वरिष्ठ उपाध्यक्ष हैं और 18 दिसंबर को संगठन की वार्षिक आम बैठक के बाद वर्तमान अध्यक्ष उदय शंकर का स्थान लेंगे। श्री मेहता अभी यूनिलीवर दक्षिण एशिया ( भारत, पाकिस्तान, बंगलादेश, श्रीलंका और नेपाल) के अध्यक्ष भी हैं। वह यूनिलीवर के ग्लोबल एक्जक्युटिव बोर्ड के भी सदस्य हैं।

### अंतरबैंकिंग मुद्रा बाजार में रुपया 28 पैसे टूटा

**मुंबई (वार्ता)।** दुनिया की प्रमुख मुद्राओं की तुलना में डॉलर पर बने दबाव और घरेलू स्तर पर शेयर बाजार में हुयी भारी बिकवाली के कारण अंतरबैंकिंग मुद्रा बाजार में आज रुपया 28 पैसे टूटकर 75/40 रुपये प्रति डॉलर पर रहा। पिछले दिवस रुपया 75/12 रुपये प्रति डॉलर पर रहा था। रुपया आज 10 पैसे फिसलकर 75/22 रुपये प्रति डॉलर पर खुला। इसके तुरंत बाद यह 75/19 रुपये प्रति डॉलर के उच्चतम स्तर तक चढ़ा लेकिन इसी दौरान रुपये पर दबाव बनने लगा जिससे यह 74/45 रुपये प्रति डॉलर के निचले स्तर तक फिसला। अंत में यह 28 पैसे टूटकर 75/40 रुपये प्रति डॉलर

# पेट्रोल और डीजल में 33वें दिन टिकाव

**नई दिल्ली (वार्ता)।** अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल में तेजी आने के बावजूद आज लगातार 33 वें दिन देश में पेट्रोल और डीजल की कीमतों में स्थिरता बनी रही। दिल्ली में गत दो दिसंबर को वैट में कमी किये जाने के कारण पेट्रोल की कीमतें करीब आठ रुपये प्रति लीटर कम हुआ था और उसके बाद से दिल्ली में पेट्रोल 95.41 रुपये प्रति लीटर पर और डीजल 86.67 रुपये प्रति लीटर पर स्थिर है।

सिगांपुर में आज कारोबार की शुरूआत बढ़त के साथ हुयी। लंदन ब्रेंट क्रूड 0.38 प्रतिशत बढ़कर 73.36 डॉलर प्रति बैरल पर और अमेरिकी क्रूड 0.53 प्रतिशत बढ़कर 69.86 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा है। केन्द्र सरकार द्वारा पेट्रोल और डीजल पर उत्पाद शुल्क में क्रमशः पांच रुपये तथा 10 रुपये प्रति लीटर की कमी करने से देश में इसकी कीमतों में कमी आयी थी। इसके बाद उत्तर प्रदेश, कर्नाटक सहित देश के 22 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों ने इन दोनों उत्पादों पर मूल्य वर्धित कर (वैट) में कमी की थी। कल दिल्ली सरकार ने भी पेट्रोल पंप मालिकों के बढ़ते दबाव में पेट्रोल पर वैट में 30 फीसदी की कटौती करने की घोषणा की जिससे आज दिल्ली में पेट्रोल 8.56 रुपये प्रति लीटर सस्ता हो गया। डीजल पर वैट में कोई कमी नहीं की गयी जिसके कारण यह पिछले दिवस के स्तर पर ही है। दिल्ली एनसीआर में उत्तर प्रदेश और हरियाणा द्वारा वैट कम किये जाने से पेट्रोल और डीजल दिल्ली से सस्ता हो गया था जिसके कारण राजधानी में इसकी बिक्री पर काफी असर पर रहा था। इसके कारण डीलरों ने सरकार पर वैट कम करने का दबाव बनाया था।

घरेलू बाजार में 33 वें दिन भी पेट्रोल और डीजल के दाम में कोई बदलाव नहीं हुआ। राजधानी दिल्ली में वैट कम किये जाने के कारण इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (आईओसीएल) के पंप पर पेट्रोल की कीमत 95.41 रुपये प्रति लीटर पर और डीजल के दाम 86.67 रुपये प्रति लीटर पर टिके रहे।

पेट्रोल-डीजल के मूल्यों की रोजाना समीक्षा होती है और उसके आधार पर हर दिन सुबह छह बजे से नयी कीमतें लागू की जाती हैं।

# ब्रिस्बेन में पहले एशेज टेस्ट में नहीं खेलेंगे जेम्स एंडरसन

**ब्रिस्बेन (वार्ता)।** इंग्लैंड के सर्वश्रेष्ठ तेज़ गेंदबाज़ जेम्स एंडरसन (39 साल) ब्रिस्बेन में होने वाले पहले एशेज टेस्ट में नहीं खेलेंगे। इंग्लिश टीम प्रबंधन ने ऐडिलेड में होने वाले डे-नाइट टेस्ट मैच में उन्हें तरोताज़ा रखने के लिए यह फ़ैसला किया है। एंडरसन ने पहले ही कहा था कि उनके लिए एशेज के सभी पांच मैच खेलना संभव नहीं होगा और वह श्रृंखला के सिर्फ़ तीन मैच खेलने पर ही नज़र बनाए हैं।

2019 में हुए एशेजमें भी चोट के कारण एंडरसन अधिकतर मैचों में नहीं खेल पाए थे। उन्हें एज़बेस्टन के पहले टेस्ट में चोट लगी थी और वह मैच के बीच से ही बाहर हो गए थे। इससे मैच में इंग्लैंड को एक गेंदबाज़ की कमी हो गई थी और वे टेस्ट मैच हार गए थे। इसके बाद कई लोगों ने एंडरसन को फिर से टीम में खेलने पर भी सवाल उठाए थे।

हालांकि एंडरसन ने इसके बाद वापसी करते हुए 17 टेस्ट में 57 विकेट झटके हैं। उन्होंने न्यूज़ीलैंड और इंग्लैंड के ख़िलाफ़ घरेलू सीरीज़ के सभी टेस्ट मैच खेले। वहीं एंडरसन का ब्रिस्बेन के गाबा में रिकॉर्ड कुछ ख़ास नहीं रहा है। वह यहां पर चार मैचों में 75.14 के ख़राब औसत से सिर्फ़सात विकेट ले पाए हैं, जबकि ऐडिलेड में उन्होंने 29.50 की बेहतरीन औसत से 16 विकेट झटके हैं।

इंग्लैंड क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) ने कहा, ÷जिमी (जेम्स एंडरसन) पूरी तरह फ़िट हैं, उन्हें कोई चोट नहीं है। छह सप्ताह में पांच टेस्ट खेलना आसान नहीं है।

# जमैका के घरेलू मैदान पर विदाई मैच खेलेंगे क्रिस गेल

**जमैका (वार्ता)।** अगले साल 8 जनवरी से 16 जनवरी के बीच वेस्टइंडीज़, आयरलैंड की मेज़बानी करेगा। इस सीरीज़ में तीन वनडे और एक टी20 अंतर्राष्ट्रीय मैच खेला जाएगा। माना जा रहा है कि यह क्रिस गेल का विदाई मैच होगा क्योंकि टी20 विश्व कप के समय गेल ने अपने घरेलू मैदान जमैका से ही क्रिकेट से विदाई लेने की इच्छा ज़ाहिर की थी।

हालांकि इस दौरान गेल वनडे सीरीज़ का हिस्सा नहीं होंगे। यह सीरीज़ विश्व कप सुपर लीग का हिस्सा होगी, जिसके अंकों के आधार पर 2023 वनडे विश्व कप की टीमें तय की जाएगी। क्रिकेट वेस्टइंडीज़ के मुख्य कार्यकारी अधिकारी जॉनी ग्रेव ने कहा, ÷हम लोगों को भी लगा कि उन्हें अपने घर से ही अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कहना चाहिए। आयरलैंड के ख़िलाफ़ सीरीज़ से हमें यह मौक़ा मिलेगा। क्रिस गेल जैसे महान कद के खिलाड़ी के लिए ऐसा करना बहुत ज़रूरी और उचित है कि वे अपने घरेलू समर्थकों के सामने उन्हें धन्यवाद देते हुए क्रिकेट से संन्यास लें। इससे पहले आयरलैंड ने 2020 में वेस्टइंडीज़ का दौरा किया था। तब टी20 सीरीज़ 1-1 से ड्रॉ हुई थी, जबकि वनडे सीरीज़ में वेस्टइंडीज़ 3-0 से जीता था। जमैका के ही सबाइना पार्क ग्राउंड में आयरलैंड ने 2007 विश्व कप में पाकिस्तान के ख़िलाफ़ ऐतिहासिक जीत हासिल की थी।

### 19 उच्च तीव्रता संकेतक कोविड के पहले के स्तर को किया पार

**नई दिल्ली (वार्ता)।** कोविड से प्रभावित अर्थव्यवस्था को पटरी पर आने से जुड़े 22 प्रमुख उच्च तीव्रता संकेतकों में से 19 कोविड से पहले के स्तर को भी पार कर गया है। उच्च पदस्थ सूत्रों ने यहा बताया कि इस कोविड की पहली लहर के बाद से ही अर्थव्यवस्था के पटरी पर लाने की निगरानी करने के लिए उच्च तीव्रता वाल 22 संकेतों की पहचान की गयी थी। इस वर्ष सितंबर, अक्टूबर और नवंबर में इन 22 संकेतकों में से 19 कोविड के पहले के स्तर को भी पार कर गया है। सूत्रों ने कहा कि कुछ ऐसे संकेतक भी हैं जिनका प्रदर्शन 100 प्रतिशत के स्तर को भी पार कर गया है। उनमें वॉल्यूम के आधार पर ई वे बिल , कोयला उत्पादन, रेल माल परिवहन, निर्यात आदि शामिल है। इन संकेतकों के शत प्रतिशत स्तर को पार करने से यह प्रतीत होता है कि नःन सिर्फअर्थव्यवस्था नःन सिर्फ पटरी पर लौट आयी।

# स्टेनलेस स्टील कारोबारी ने की 500 करोड़ की अघोषित लेनदेन

**नई दिल्ली (वार्ता)।** आयकर विभाग ने अहमदाबाद में मुख्य तौर पर स्टेनलेस स्टील और धातु के पाइपों का व्यापार करने वाले एक समूह के यहां छापेमारी की है जिसमें 1.80 करोड़ रुपये नकद और 8.30 करोड़ रुपये की कीमत के अघोषित आभूषणों को जब्त किया गया है। अब तक 18 बैंक लॉकरों को सील कर दिया गया है। तलाशी अभियान में 500 करोड़ रुपये से अधिक का अघोषित लेन-देन पकड़ा गया है।

विभाग ने आज यहां जारी बयान में बताया कि गत 23 नवंबर को इस समूह के अहमदाबाद और मुंबई स्थित 30 से अधिक परिसरों पर छापेमारी की गयी थी।

तलाशी अभियान के दौरान बड़े पैमाने पर आपत्तिजनक दस्तावेज, फुटकर कागजात, डिजिटल प्रमाण आदि बरामद हुये, जिन्हें जब्त कर लिया गया। इन सबूतों में समूह की अघोषित आय का पूरा हिसाब-किताब दर्ज है, जिस पर देय टैक्स नहीं दिया गया था। सबूतों के शुरूआती विश्लेषण से पता चला है कि समूह माल और स्क्रैप की नकदी बिक्री करता रहा है, जिसका कोई हिसाब नहीं रखा गया है। बही-खातों में इसे दर्ज नहीं किया गया है। इसके अलावा, अघोषित नकदी को कर्ज में देना और उस पर ब्याज वसूलना, नकदी खर्च, खर्च का जाली हिसाब, आदि का भी पता चला है।

### ईस्ट दिल्ली प्रीमियर लीग में गांधी नगर ग्लेडिएटर्स और पटपड़गंज पैंथर्स की जीत

**नई दिल्ली (वार्ता)।** अंकित नेगी (58 नाबाद) और शुभम चौधरी (57) के बीच हुई तीसरे विकेट के लिए 63 गेंदों पर 112 रनों की साझेदारी की बदौलत गांधी नगर ग्लेडिएटर्स ने यमुना स्पोर्ट्स काम्प्लेक्स पर चल रही ईस्ट दिल्ली प्रीमियर लीग में कृष्णा नगर रॉयल्स को सात विकेट से हराकर शानदार जीत हासिल की । पराजित टीम की ओर से संदीप सैनी ने 73 गेंदों पर तीन छक्कों और 10 चौकों की मदद से 100 रनों की नाबाद पारी खेली । मुख्य अतिथि राकेश गोयल ने मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार अंकित नेगी को प्रदान किया । संक्षिप्त स्कोरः कृष्णा नगर रॉयल्स 20 ओवरों में पांच विकेट पर 155 रन । गांधी नगर ग्लेडिएटर्स 17.3 ओवरों में तीन विकेट पर 156 रन (अंकित नेगी 58 नाबाद, शुभम चौधरी 57 व मयंक अरोड़ा 2/17) वहीं दिन के हुए दूसरे मुक़ाबले में पटपड़गंज पैंथर्स ने त्रिलोकपुरी स्टार्स को आठ विकेट से हराकर पूरे अंक हांसिल किये।

ऐलान

दक्षिण अफ्रीका का लक्ष्य आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के 2021-23 चक्र की सकारात्मक शुरुआत करना

# भारत टेस्ट सीरीज के लिए रबादा, डी कॉक और नॉर्त्जे की वापसी

**जोहान्सबर्ग (वार्ता)।** भारत के खिलाफइस महीने के अंत में शुरू होने वाले तीन मैचों की टेस्ट सीरीज के लिए स्टार खिलाड़ियों कैगिसो रबादा, क्विंटन डी कॉक और एनरिक नॉर्त्जे की दक्षिण अफ्रीका टेस्ट टीम में वापसी हुई है।

नीदरलैंड के खिलाफ वनडे सीरीज में आराम दिए जाने के बाद रबादा, डी कॉक और नॉर्त्जे को अब सभी महत्वपूर्ण श्रृंखलाओं में टीम बुलाया गया है, क्योंकि दक्षिण अफ्रीका का लक्ष्य आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के 2021-23 चक्र की सकारात्मक शुरुआत करना है।

क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका ने मंगलवार को 21 सदस्यीय टीम की घोषणा की, जिसमें तेज गेंदबाज डुआने ओलिवियर को शामिल किया गया है जो आखिरी बार 2019 में दक्षिण अफ्रीका के लिए टेस्ट मैच खेले थे। वहीं तेज गेंदबाज ग्लेनटन स्टुरमैन, ऑलराउंडर प्रेनेलन सुब्रायन और विकेटकीपर बल्लेबाज रयान रिकेल्टन को पहली बार राष्ट्रीय टीम में चुना गया है, जबकि एक वनडे और चार टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेल चुके सिसांदा मगला को पहली बार टेस्ट टीम में शामिल किया गया है। 2017 में अंतरराष्ट्रीय पदार्पण के बाद से दस टेस्ट मैच खेल चुके ओलिवियर कोलपैक खिलाड़ी के रूप में कार्यकाल खत्म करने के बाद इस साल की शुरुआत में दक्षिण अफ्रीका लौटे और इस सीजन शानदार फॉर्म में रहे। टेस्ट के शानदार खिलाड़ी डीन एल्गर टीम को टीम की कप्तानी सौंपी गई है, जबकि तेम्बा बावुमा उप कप्तान की जिम्मेदारी संभालेंगे।

दक्षिण अफ्रीका की 21 सदस्यीय टीम : डीन एल्गर (कप्तान), तेम्बा बावुमा (उप कप्तान), क्विंटन डी कॉक (विकेटकीपर), कैगिसो रबादा, सरेल इरवी, बेउरन हेंड्रिक्स, जॉर्ज लिंडे, केशव महाराज, लुंगी एनगिदी, एडेन मार्करम, वियान मल्डर, एनरिक नॉर्त्जे, कीगन पीटरसन, रैसी वैन डर डुसेन, काइल वेरेन, मार्को जेन्सन, ग्लेनटन स्टरमैन, प्रेनेलन सुब्रेयन, सिसांदा मगला, रयान रिकेल्टन, डुआने ओलिवियर। दक्षिण अफ्रीकाई टीम के चयनकर्ताओं के संयोजक विक्टर म्पित्सांग ने एक बयान में कहा, हम चयनकर्ता होने के नाते टेस्ट क्रिकेट की वापसी के लिए उत्साहित हैं। क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका के लिए यह प्रारूप बहुत महत्वपूर्ण है और इसे प्रासंगिक और जीवंत रखना संगठन की प्राथमिकताओं में से एक है। हम डीन एल्गर और उनके साथियों की वापसी का इंतजार कर रहे हैं। पिछले कुछ महीनों पहले वेस्ट इंडीज में हमने दक्षिण अफ्रीका टीम का दबदबा देखा था। हमने जिस टीम को चुना है हमें उस पर पूरा भरोसा है और पिछले कुछ सत्रों में हमने जो प्रतिभा खोजी है, हम उसका समर्थन करने में पूरी तरह से विश्वास करते हैं और खिलाड़ियों को वह सपोर्ट देते हैं।

# तमिलनाडु में दो समूहों पर छापेमारी, एक हजार करोड़ की बिक्री का हिसाब नहीं

**नई दिल्ली (वार्ता)।** आयकर विभाग ने तमिलनाडु के दो व्यापारिक समूहों के यहां छापेमारी की है जिसमें एक समूह के यहां एक हजार करोड़ रुपये से अधिक की बिक्री का हिसाब नहीं मिला है जबकि दूसरे समूह के यहां से 80 करोड़ रुपये की जाली रसीदें मिली हैं। इसके साथ ही दोनों समूहों की तलाशी में 10 करोड़ रुपये की नकदी और छह करोड़ रुपये के आभूषण तथा अन्य कीमती धातु पकड़ी गई।

विभाग ने आज यहां बताया कि गत एक दिसंबर को यह छापेमारी की गयी थी। दोनों समूह आभूषणों की खुदरा बिक्री, कपड़ा और घरेलू उपकरणों का व्यापार करते हैं। इनकी चेन्नई, कोयंबतूर, मदुरै और तिरुनेलवेली में लोकप्रिय स्टोरों की श्रृंखला है। कार्रवाई के दौरान कुल मिलाकर 37 परिसरों को खंगाला गया।

पहले समूह के मामले में तलाशी के दौरान कागजात और अन्य आपत्तिजनक दस्तावेज बरामद किये गये और उन्हें जब्त कर लिया गया। तलाशी में पता चला कि समूह बहुत होशियारी से बही-खातों में हेर-फेर करता है। कई वर्षों के दौरान एक हजार करोड़ रुपये से अधिक की बिक्री का हिसाब-किताब दबा लिया गया है। इसके अलावा यह भी पता लगा कि समूह ने पिछले पांच वर्षों के दौरान कपड़े और आभूषणों की लगभग 150 करोड़ रुपये की नकद खरीद की है, जिसका कोई हिसाब नहीं है।

# अपने वायदे से मूकर गया जिला प्रशासन, सड़क पर उतरे किसान

### मुआवजा नहीं मिलने से आक्रोशित किसान पूरी रात डटे रहे

**देवभोग/नवप्रदेश।** वर्षों से मुआवजा राशि के लिए के लिए दर-दर भटक रहे किसान प्रशासन के खिलाफ एक बार फिर मोर्चा खोल दिया है। प्रशासन अपने वायदे के मुताबिक एक महीने बाद भी मुआवजा राशि नहीं दिया तो किसान आक्रोशित हो गए और चक्काजाम कर दिया। महीने भर पहले किसानों ने आंदोलन किया था तो प्रशासन की तरफ से नायब तहसीलदार अभिषेक अग्रवाल द्वारा अक्टूबर माह तक मुआवजा राशि मिलने का आश्वासन देकर चक्काजाम समाप्त कराया था। लेकिन 1 माह से ज्यादा समय बीतने के बाद भी मुआवजा राशि नहीं मिल पाया है। जिससे नाराज किसानों ने प्रशासन के खिलाफ हल्ला बोल करते हुए चक्काजाम शुरू कर दिया। इस बीच नदी पार के सैकड़ों बच्चे स्कूल नहीं पहुंच पाए तो वहीं शासकीय उचित मूल्य दुकान पर चावल भी नहीं पहुंचा। उल्लेखनीय हो कि वर्ष 2011-12 के दौरान तेल नदी पर करोड़ों की लागत से ब्रिज निर्माण कराया गया जिसमें 30 किसानों की निजी भूमि अधिग्रहण हुआ। और मुआवजा का प्रकरण तैयार कर सरकार द्वारा मुआवजा राशि भी आवंटित कर दिया गया। मगर आज तक उक्त राशि किसानों के हाथ नहीं आयी। बल्कि तरह तरह की बहानेबाजी कर तीन से 4 हजार रुपए अनुदान की तरह लेने की बात कही जाती रही। ब्रिज निर्माण में कुमड़ाई कला कुमड़ाई खुर्द के 30 किसानों की भूमि अधिग्रहण किया गया। भू अर्जन अधिनियम के तहत भूमि अधिग्रहण की 63 लाख 25 हजार 74 रुपए अब तक किसानों को नहीं मिला है। जबकि इस राशि के लिए किसान एसडीएम से लेकर कलेक्टर तक अपनी गुहार लगा चुके हैं। बावजूद इसके किसानों के हाथ खाली हैं। जिससे खफा होकर शोभासुंदर, भोजो, भुनेश्वर सम्पूर्ण चंद, ध्रुवा, कुमदनी चरण बलभद्र लमैं बाई, खिरसिंधु चंपक लाल सहित 30 किसानों ने तेल नदी मुख्य मार्ग को बांस बल्ली से पूरी तरह नाकेबंदी कर परिजनों के साथ सुबह तड़के से चक्का जाम कर आंदोलन शुरू कर दिया। जिससे अवगत एसडीएम टीआर देवागन अपने दल बल के साथ मौके पर पहुंचकर किसानों को समझाने का भरपूर प्रयास किया साथ ही कागजी प्रक्रिया सहित पूरी स्थिति से अवगत कराया। लेकिन किसान अपनी मांग पर अड़े रहे। इस बीच पूर्व संसदीय सचिव गोवर्धन मांझी एवं युवा भाजपा मोर्चा अध्यक्ष योगीराज माखन भी किसानों के समर्थन में बैठकर प्रशासन के खिलाफ जमकर हमला बोला। गोवर्धन माझी ने कहा कि भूपेश सरकार किसान हितेषी होने का लाख दावा करती हैं मगर हकीकत में आज कांग्रेस सरकार के दौरान सबसे ज्यादा परेशान किसान ही है। माझी ने आगे प्रशासन पर आरोप लगाते हुए कहा कि भोले-भाले महिला पुरुष किसानों को भू अर्जन मुआवजा राशि के लिए शासन प्रशासन बीच कईयों का चक्कर लगाना पड़ा। और जब राशि जमा हो चुकी है तो तरह-तरह के व्यवधान पैदा कर किसानों को 3 से 4 हजार रुपए लेने की कहना दुर्भाग्यपूर्ण है।

## पी. दयानंद ने किया मारो का दौरा

**बेमेतरा/नवप्रदेश।** छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग, रायपुर द्वारा नगर पंचायत मारो में आम निर्वाचन तथा नगर पंचायत देवकर, थानखम्हरिया एवं नगर पालिका परिषद बेमेतरा में उप निर्वाचन 2021 हेतु पी. दयानंद संचालक समाज कल्याण विभाग रायपुर को सामान्य प्रेक्षक नियुक्त किया गया है। दयानंद ने नगर पंचायत मारो का दौरा कर आम निर्वाचन के लिए की जा रही तैयारियों का जायजा लिया। इस दौरान मतदान केन्द्र, स्ट्रांग रुम एवं मतगणना स्थल का मुआयना किया। ज्ञात हो कि नगर पंचायत मारो के आम निर्वाचन के लिए 15 वार्डों मे होने जा रहे, चुनाव के आज नाम वापसी का अंतिम दिन था। राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जारी कार्यक्रम के मुताबिक 20 दिसम्बर को मतदान होगा तथा मतों की गणना 23 दिसम्बर को होगी।

## 12 को होगा जुडो खिलाड़ियों का चयन

**भाटापारा/नवप्रदेश।** छत्तीसगढ़ प्रदेश जूडो संघ के तत्वाधान में बस्तर जिला जूडो संघ के द्वारा 20वें राज्य स्तरीय जूनियर व सीनियर जूडो स्पर्धा का आयोजन 28 से 30 दिसंबर को रखा गया है। जिला जूडो संघ बलौदा बाजार भाटापारा जिला स्तरीय सीनियर सिलेक्शन ट्रायल12 दिसंबर की सुबह 11 बजे माता देवालय मैदान में है। जो भी खिलाड़ी इस सिलेक्शन ट्रायल में भाग लेना चाहते हैं। वे अपना आधार कार्ड एवं पासपोर्ट साइज फोटो लेकर मौके पर पहुंच सकते हैं।

## विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का हुआ आयोजन

**कवर्धा/नवप्रदेश।** अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस के अवसर पर जिला कार्यालय समाज कल्याण में दिव्यांगजनों के लिए जागरूकता शिविर एवं सहायक उपकरण वितरण शिविर का आयोजन शासन द्वारा कोविड-19 के जारी दिशा-निर्देशों का पालन करते हुए किया गया। इस अवसर पर अपर कलेक्टर बीएस उइके ने उपस्थित सभी दिव्यांगजनों को समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की विस्तृत जानकारी एवं मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत मतदान के महत्व संबंध में जानकारी दी गई। उक्त शिविर में जिले के चयनित दिव्यांगजनों को 8 बैट्री चलित मोटराईज्ड ट्रायसायकल, 1 ट्रायसायकल, 6 श्रवण यंत्र एवं यूडीआईडी कार्ड, का वितरण किया गया साथ ही निःशक्तजन विवाह प्रोत्साहन योजनांतर्गत 9 दिव्यांग विवाहित दम्पत्तियों को 5 लाख 50 हजार रूपए का स्वीकृति प्रमाण-पत्र प्रदान किया गया। इसके साथ ही समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित शासकीय दृष्टि एवं श्रवण बाधितार्थ विद्यालय सिंघनपुरी में अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस समारोह पूर्वक मनाया गया।

# टीम के साथ लोगों के घर पहुंचे कलेक्टर, कहा-डरव झन हमर ऊपर भरोसा करव अउ कोविड टीका लगवाव

### कोरोना टीका विशेष महाअभियान में छूटे हुए लोगों को टीकाकरण के लिए किया प्रेरित

**कबीरधाम/नवप्रदेश।** कोविड-19 व इसके नए वैरिएंट ओमिक्रोन से बचाव के लिए कोविड टीकाकरण को ही कारगर माना जा रहा है। यही वजह है कि जिला प्रशासन द्वारा इस दिशा में अधिक संवेदनशील होकर लोगों को शत-प्रतिशत टीकाकृत करने के लिए हरसंभव प्रयास किए जा रहे हैं। जिले में दो दिन तक आयोजित कोरोना टीका विशेष महाअभियान के दौरान कलेक्टर अपनी टीम के साथ गांव-गांव ही नहीं बल्कि घर-घर तक पहुंचे और लोगों से कहा, हमन भी कोविड टीका लगवाए हन अउ स्वस्थ हन। आप मन भी डरव झनए हमर ऊपर भरोसा करव अउ कोविड टीका जरूर लगवावव।

जिला कलेक्टर रमेश शर्मा ने अपनी टीम के साथ पंडरिया के कुंडा सहित आसपास के गावों में घर-घर भ्रमण कर छूटे हुए लोगों को कोविड टीका लगवाने के लिए प्रेरित किया। कई घरों में जाकर उन्होंने छूटे हुए हितग्राहियों को अपने सामने टीकाकृत करवाया। कलेक्टर की इस प्रेरक शैली की लोगों में काफी सकारात्मक चर्चा है। कलेक्टर ने लोगों से अपना और अपनी टीम के सदस्यों का उदाहरण देकर कहा कि हम सबने कोविड का टीका लगवाया है और सभी आप लोगों के सामने स्वस्थ खड़े हैं, इसलिए आप लोग डरें नहीं, हम पर भरोसा करें और टीका जरूर लगवाएं। कलेक्टर की इस सहज शैली से प्रभावित होकर छूटे हुए हितग्राही भी टीका लगवाने के लिए राजी हो गए।

इसी तरह जिला प्रशासन के निर्देश पर जिले के सभी ग्रामों में कोरोना टीकाकरण का महाभियान चलाया गया। देवकर डीएसपी सहित कई विभागों के अधिकारियों की मौजूदगी में लोगों को टीकाकरण के प्रति जागरूक किया गया। पूर्ण वैक्सीनेशन के लिए कोरोना टीका विशेष महाअभियान के तहत जिले भर में दो दिन सुबह से लेकर रात 8 बजे तक टीकाकरण किया गया। देवकर व आसपास के ग्राम पंचायतों में इस महाभियान का व्यापक असर देखने को मिला। देवकर नगर में नगर पंचायत के अधिकारी-कर्मचारियों के साथ ही स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता व बेमेतरा के डीएसपी अपनी टीम के साथ मौजूद रहे। शुरुआत में आम लोगों में टीकाकरण को लेकर कई प्रकार की भ्रांतियों के चलते भय भी देखा जा रहा था, लेकिन स्वास्थ्य विभाग व अन्य विभाग के कर्मचारियों ने उन्हें टीकाकरण के फायदे बताए और टीका लगवाया गया। इस अभियान के तहत टीकाकरण में सम्मिलित सभी टीमों ने घर-घर दस्तक देकर जिन लोगों ने कोरोना का टीका नहीं लगाया था, उन्हें टीका लगाया। आसपास की ग्राम पंचायतों में पटवारी, सचिव, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता व स्वास्थ्य कार्यकर्ता घर-घर पहुंचे। इस संबंध में जिला पंचायत सीईओ व टीकाकरण के नोडल अधिकारी विजय दयाराम ने बताया, कबीरधाम जिले में अब तक कुल 81161 फीसदी लोगों को वैक्सीन का पहला और 43.68 फीसदी लोगों को दोनों डोज लगाए जा चुके हैं। नवंबर माह में ही 1,62,508 लोगों को टीके लगाए गए हैं।

**जहां गाड़ियां नहीं पहुंचती, वहां पैदल पहुंची टीम :**

वैश्विक महामारी के खिलाफ जंगल में टीकाकरण अभियान को हर गांव व घर तक पहुंचाने के लिए प्रशासन कोई कसर नहीं छोड़ रहा है। अभियान को पूरा करने के लिए दुर्गम इलाकों में जहां गाड़ियां नहीं पहुंचती, वहां मेडिकल टीम पैदल चलकर पहुंच रही है। घरों, सड़कों और खेत में पहुंचकर लोगों को टीके लगाए गए। इसी का नतीजा है कि कबीरधाम जिले के 202 गांव ऐसे हैं, जहां 100 फीसदी लोगों का पूर्ण हो चुका है।

**बैगा आदिवासियों को उन्हीं की बोली में किया जागरूक**

भ्रम के कारण जिले के लोग टीकाकरण से बच रहे थे। ऐसे में शत फीसदी टीकाकरण के लिए जागरूकता बहुत जरूरी थी, इसे गंभीरता से लेते हुए दुर्गम इलाकों में जहां जागरूकता की कमी थीए वहां समाज प्रमुखों की मदद ली गई। पंडरिया और बोड़ला ब्लॉक के कई दूरस्थ गांव ऐसे हैं जहां स्थानीय बैगा आदिवासियों को उन्हीं की बोली (भाषा) में जागरूक किया गया।

## खैरागढ़ में जनता कांग्रेस के विधायक प्रतिनिधि, सरपंच, पंच, कार्यकर्ता सहित 500 कांग्रेस में शामिल

**राजनांदगांव/नवप्रदेश।** जनता कांग्रेस के विधायक प्रतिनिधि, जनपद सदस्य, समाज प्रमुखों सहित सैकड़ों पंच, सरपंच और प्रमुख कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस प्रवेश कर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का आशीर्वाद प्राप्त किया। उन्होंने कहा यह प्रदेश का सौभाग्य है कि बघेल जैसा सशक्त मुख्यमंत्री मिला है। उनके नेतृत्व में छत्तीसगढ़ का गौरव वापस लौटा है। दिवंगत विधायक देवव्रत सिंह भी चाहते थे कि हम सब कांग्रेस में शामिल हों, आज उनकी इच्छा पूरी हो गई है। संभवत बाकी साथी भी घर वापसी करेंगे। कार्यकर्ताओं ने हाउसिंग बोर्ड के डायरेक्टर विनोद तिवारी के प्रति आभार जताया, जिनके सहयोग से यह कांग्रेस प्रवेश सुगम हो सका। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में आस्था जताते हुए कार्यकर्ताओं ने कहा कि वे कांग्रेस मूल के ही लोग हैं। कांग्रेस से कभी अलग महसूस ही नहीं किया। तत्कालीन राजनीतिक हालात की वजह से अपने नेता के साथ गए थे। जैसा सब जानते हैं कि स्वर्गीय देवव्रत सिंह ने कांग्रेस में आने की इच्छा जताई थी। हम सब उनकी अंतिम इच्छा को पूरी कर रहे हैं। खैरागढ़ की जनता प्रसन्न है और कांग्रेस के लिए मन से, वचन से और कर्म से कार्य करने का संकल्प लेती है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा स्व. देवव्रत सिंह भी घर वापसी चाहते थे, किंतु आज वो हमारे बीच नहीं रहे, उपस्थित जनता कांग्रेस के सभी साथियों की घर वापसी पर मैं बधाई शुभकामनाएं देता हूं, इससे निश्चित तौर पर कांग्रेस को मजबूती मिलेगी, आगे सभी को मिल कर एक साथ पार्टी की मजबूती के लिए कार्य करना है। कृषि मंत्री रवीन्द्र चौबे ने भी स्व. देवव्रत सिंह को स्मरण किया और बताया कि देवव्रत सिंह घर वापसी चाहते थे और हर जगह खुल कर कांग्रेस से पक्ष में अपना समर्थन भी व्यक्त करते थे। मरवाही में भी उन्होंने कांग्रेस के पक्ष में कार्य किया।

## सशस्त्र सेना झंडा दिवस पर शहीदों को याद किया

**कवर्धा/नवप्रदेश।** जिले में सशस्त्र सेना झंडा दिवस मनाया गया। कलेक्टर रमेश शर्मा सहित जिले के समस्त अधिकारी-कर्मचारियों ने देश के युद्ध योद्धाओं, वीरांगनाओं, सैनिकों की विधवाओं, भूतपूर्व सैनिक, युद्ध में अपंग हुए सैनिकों व उनके परिवार के कल्याण के लिए सशस्त्र सेना झंडा खरीद कर उन्हे याद किया। जिला कार्यालय में कलेक्टरके साथ संयुक्त कलेक्टर इन्द्रजीत बर्मन, डिप्टी कलेक्टर संदीप ठाकरु, डिप्टी कलेक्टर रेखा चन्द्रा, अधीक्षक राजेन्द्र कुमार धुर्वे व सभी अधिकारी-कर्मचारियों ने समय सीमा की बैठक में सशस्त्र सेना झंडा दिवस पर शहीदों को नमन भी किए। 07 दिसंबर, 1949 से सशस्त्र सेना झंडा दिवस मनाया जा रहा है। तत्कालिन सरकार ने सन 1949 से सशस्त्र सेना झंडा दिवस मनाने का निर्णय लिया। देश की सुरक्षा में शहीद हुए सैनिकों के आश्रितों के कल्याण के लिए सशस्त्र सेना झंडा दिवस मनाया जाता है। इस दिन झंडे की खरीद से होने वाली आय शहीद सैनिकों के आश्रितों के कल्याण में खर्च की जाती है। सशस्त्र सेना झंडा दिवस द्वारा इकट्ठा की गई राशि युद्ध वीरांगनाओं, सैनिकों की विधवाओं, भूतपूर्व सैनिक, युद्ध में अपंग हुए सैनिकों व उनके परिवार के कल्याण पर खर्च की जाती है। 7 दिसंबर, 1949 से शुरू हुआ यह सफर आज तक जारी है। आजादी के तुरंत बाद सरकार को लगने लगा कि सैनिकों के परिवार वालों की भी जरूरतों का ख्याल रखने की आवश्यकता है और इसलिए उसने 07 दिसंबर को झंडा दिवस के रूप में मनाने का निर्णय लिया। इसके पीछ सोच थी कि जनता में छोटे-छोटे झंडे बांट कर दान अर्जित किया जाएगा जिसका फायदा शहीद सैनिकों के आश्रितों को होगा. शुरूआत में इसे झंडा दिवस के रूप में मनाया जाता था, लेकिन 1993 से इसे सशस्त्र सेना झंडा दिवस का रूप दे दिया गया।

## प्रथम पृष्ठ का शेष...

**लाल टोपी वाले यूपी ...**

की बेरुखी याद आती है। सब जानते थे कि गोरखपुर का खाद कारखाना कितना जरूरी था, लेकिन पहले की सरकारों ने इसे शुरू कराने में कोई रुचि नहीं दिखाई। एम्स की जरूरत यहां हमेशा से थी, लेकिन 2017 से पहले जो सरकार चला रहे थे, उन्होंने इसके लिए जमीन देने के लिए भी तमाम बहाने बनाए। फिर बड़ी लंबी कवायद के बाद जमीन मिली है।'

प्रधानमंत्री ने कहा कि यह कार्यक्रम उन लोगों को भी करारा जवाब दे रहा है, जिन्हें टाइमिंग पर सवाल उठाने का बहुत शौक है। ऐसे प्रोजेक्ट्स के पीछे बरसों की मेहनत और दिन रात का परिश्रम होता है। ये लोग नहीं समझेंगे कि कोरोना काल में भी डबल इंजन की सरकार विकास में जुटी रही और काम रुकने नहीं दिया। योगी सरकार की तारीफकरते हुए पीएम ने कहा कि लंबे समय से गोरखपुर समेत बड़ा क्षेत्र सिर्फएक मेडिकल कॉलेज के भरोसे चल रहा था। ऐसे में लोगों को इलाज के लिए बनारस या लखनऊ जाना पड़ता था। योगी सरकार ने इस क्षेत्र में जो काम किया है, उसकी चर्चा अब अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी हो रही है।

**आतंकी फंडिंग का फरार...**

रविवार की रात दुर्गापुर के महिष्कापुर स्थित क्वार्टर में आरोपी छिपा हुआ था जहाँ से उसे रायपुर पुलिस ने गिरफ्तार किया। सोमवार को उसे दुर्गापुर कोर्ट में पेश किया गया और तीन दिन की ट्रांजिट रिमांड मिलने पर रायपुर पुलिस आरोपी को मंगलवार को लेकर पहुंची। पुलिस ने राजू को यूएपीए एक्ट, धोखाधड़ी, आइपीसी-419, 66 सी आइटी एक्ट के तहत गिरफ्तार किया है।

दरअसल, ये मामला वर्ष 2013 का है। इस मामले में आंतकी संगठन इंडियन मुजाहिद्दीन और सिमी को पाकिस्तान से आने वाले पैसे पहुंचाने वाले नेटवर्क में राजू खान शामिल था। इससे पहले 25 नवंबर को रायपुर कोर्ट ने नेटवर्क में शामिल 4 आरोपियों धीरज साव, जुबैर हुसैन, आयशा बानो और पप्पू मंडल को 10-10 साल की सजा सुनाई है। इस मामले में राजू के खाते में भी पैसे आते थे। रायपुर पुलिस अब इस आरोपी से विस्तृत पूछताछ करने की तैयारी में है। इस मामले में और संदिग्ध लोगों की गिरफ्तारी राजू खान के बायां के बाद संभव है।

**विजय मार्च निकाल आज ...**

सरकार ने पराली जलाने पर आपराधिक धाराएं खत्म करने की बात कही है। इसके अलावा हरियाणा और यूपी में किसान आंदोलन के दौरान दर्ज हुए सभी मामले वापस होंगे। दोनों राज्यों की सरकारों ने इस पर सहमति जताई है। यही नहीं केंद्र और केंद्र शासित प्रदेशों में भी किसानों पर दर्ज सभी केस वापस होंगे। केंद्र सरकार के इस रुख के बाद ही किसान आंदोलन समाप्त करने का फैसला ले सकते हैं। यही नहीं 8 दिसंबर को किसानों की ओर से विक्ट्री मार्च भी निकाला जा सकता है।

**गोवा में कांग्रेस ...**

साल की शुरुआत में होने वाले विधानसभा चुनाव लड़ने का फैसला किया है।

**महापौर की दावेदारी एक - दूसरे...**

समीक्षकों का मानना है कि कांग्रेस को चारों ही नगरीय निकायों में आसानी से विजय मिल जाएगी। इसे इस तरह भी समझा जा सकता है कि राज्य के मुख्यमंत्री, गृहमंत्री, ग्रामीण यांत्रिकी मंत्री के क्षेत्र में चुनाव हो रहे है और यह उनके प्रतिष्ठा से सीधे जुड़े हुए है इसलिए किसी भी कीमत पर चुनाव हारना नहीं चाहेंगे। अभी तक की तैयारी से ऐसा लगता भी है कि कांग्रेस बढ़त पर है। इसलिए महापौर की लड़ाई अभी से शुरू हो गई। यह भी सच है कि अंततः महापौर वहीं व्यक्ति बनेगा जिस पर मुख्यमंत्री का वरदहस्त होगा। इस लिहाज से यह माना जा सकता है कि इस बार कास्मोपॉलीटीन छबि वाले भिलाई में छत्तीसगढ़िया महापौर बनेगा। अब सभी दावेदारों को अपने आप को छत्तीसगढ़िया साबित करना है कि वे मंशा, वाचा, कर्मणा से किस तरह छत्तीसगढ़िया है या फिर जाति से छत्तीसगढ़िया होना ही काफी होगा।

**अनुशासित पार्टी में बदहवासी...**

की मलाई खा चुकी पार्टी विपक्ष में होना बर्दाश्त नहीं कर पा रही है। भीतरघात और अपनों को साध न पाने की वजह से ही भाजपा के दोनों बड़े नेता सरोज पाण्डे एवं प्रेमप्रकाश पाण्डे ने अपने परिवार के किसी सदस्य को चुनाव में नहीं उतारा है क्योंकि उन्हें भय है कि इस छोटे चुनाव में पार्टी की गुटबाजी हार का कारण न बन जाए। जबकि सरोज पाण्डे अपने भाई राकेश पाण्डे और भाभी चारूलता पाण्डे को राजनीतिक पद दिलवाने हेतु बहुत वर्षों से प्रयासरत है। वहीं प्रेम प्रकाश पाण्डे ने तो चुनाव पूर्व 15 दिनों तक अपने बेटे मनीष पाण्डे को श्री रामजन्मोत्सव समिति के बेनर तले गली-गली घुमवा दिया था और पूरे शहर में होर्डिंग और पोस्टर लगवाए थे।

**कार्यालय, नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)**
जोन आयुक्त, कार्यालय जोन क्रमांक-8 मोहबा बाजार रायपुर
**ईश्तहार/आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना**
नामांतरण प्र.क्र. 343/2021-22
वार्ड का नाम- शहीद भगत सिंह-21
एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि शहीद भगत सिंह-21 स्थित मकान/ भूमि भूखण्ड क्र. 8 कि निगम अभिलेख में श्री रामअवतार शर्मा s/o रामभुज शर्मा के नाम से दर्ज है, जिसको श्रीमती पेदलंका माधुरी पति सिवा नागेस्वर ने रजिस्ट्री/ लिखित द्वारा/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा समयावधि पश्चात किसी भी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी।
जोन आयुक्त
जोन क्रमांक- 8
नगर पालिक निगम, रायपुर

**कार्यालय, नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)**
जोन आयुक्त, कार्यालय जोन क्रमांक-8 मोहबा बाजार रायपुर
**ईश्तहार/आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना**
नामांतरण प्र.क्र. 342/2021-22
वार्ड का नाम- पं. जवाहरलाल नेहरू-2
एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि पं. जवाहरलाल नेहरू-2 स्थित मकान/ भूमि MIG DD-9 फेस-1 कबीर नगर कि निगम अभिलेख में श्री विजय शर्मा पिता स्व. चन्द्री प्रसाद शर्मा के नाम से दर्ज है, जिसको श्री मनु कुमार यादव पिता विजय पाल सिंह ने रजिस्ट्री/ लिखित द्वारा/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा समयावधि पश्चात किसी भी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी।
जोन आयुक्त
जोन क्रमांक- 8
नगर पालिक निगम, रायपुर

**कार्यालय, नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)**
जोन आयुक्त, कार्यालय जोन क्रमांक-8 मोहबा बाजार रायपुर
**ईश्तहार/आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना**
नामांतरण प्र.क्र. 344/2021-22
वार्ड का नाम- पं. जवाहरलाल नेहरू-2
एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि पं. जवाहरलाल नेहरू-2 स्थित मकान/ भूमि AP-D/503 अविनाश आशियाना कि निगम अभिलेख में श्री रमेश कुमार s/o ध्रुव नारायण के नाम से दर्ज है, जिसको श्रीमती शोभा तम्बोली w/o स्व. रमेश कुमार ने रजिस्ट्री/ लिखित द्वारा/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा समयावधि पश्चात किसी भी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी।
जोन आयुक्त
जोन क्रमांक- 8
नगर पालिक निगम, रायपुर

**न्यायालय नजूल अधिकारी, जिला-कबीरधाम (छ.ग.)**
**ईश्तहार**
रा.प्र.क्र. 202112082200002
अ/20 (4) वर्ष 2021-22
एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका खुशबू पति अंकित जैन साकिन कवर्धा, जिला कबीरधाम द्वारा नजूल नगर कवर्धा स्थित भूमि शीट क्र. 17, भूखंड क्र. 128/3 क्षेत्रफल 57.00 वर्गमीटर भूमि जो कि नजूल अभिलेख में धारक खुशबू जैन पति अंकित जैन कवर्धा के नाम पर दर्ज है। जिसमें से आवेदिका द्वारा क्षेत्रफल 39.08 वर्गमीटर पर ग्राउण्ड फ्लोर आवासीय प्रयोजन हेतु संलग्न नक्शे के अनुसार पक्का मकान (भवन) निर्माण किए जाने हेतु अनापत्ति प्रमाण पत्र प्रदान करने की मांग किया है।
अतः इस अनापत्ति प्रमाण पत्र के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति, संस्था को उजर अथवा आपत्ति हो वे इस न्यायालय में दिनांक 07/01/2022 तक स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से आपत्ति पेश कर सकते हैं। अतः आज दिनांक 07/12/2021 को इस न्यायालय के पद मुद्रा एवं हस्ताक्षर से जारी किया गया है।
जारी दिनांक 07/12/2021
पेशी दिनांक 07/01/2022
सील
नजूल अधिकारी
कबीरधाम

**कार्यालय, जोन क्रमांक-10, नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)**
**:: द्वितीय निविदा आमंत्रण सूचना ::**
क्रमांक 72/न.पा.नि./जोन-10/21-22 रायपुर, दिनांक 06.12.2021
मैनुअल पद्धति निविदा आमंत्रित की जाती है :-
01. निविदा प्रपत्र हेतु आवेदन तिथि - 15.12.2021 कार्यालयीन समय 5.00 बजे तक
02. निविदा प्राप्त करने की तिथि - 16.12.2021 कार्यालयीन समय 5.00 बजे तक
03. निविदा जमा करने की तिथि - 21.12.2021 कार्यालयीन समय 3.00 बजे तक
04. निविदा खोलने की तिथि - 21.12.2021 कार्यालयीन समय 5.00 बजे तक
**कार्य का विवरण निम्नानुसार है :-**

| क्र. | कार्य का नाम | आगणित राशि (लाख में) | अमानती राशि | निविदा प्रपत्र मूल्य | ठेकेदार की श्रेणी | प्रपत्र एवं एस.ओ.आर. का विवरण | समयावधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | गुरू घासीदास वार्ड क्र. 49 अंतर्गत शताब्दी नगर में ब्रेकर लगाने का कार्य। | 0.99 | 2000/- | 300/- | 'डी' एवं इससे ऊपर | प्रपत्र 'अ' (पी.डब्ल्यू.डी. रोड दिनांक 01.01.2015 संशोधित एस.ओ.आर.) | 01 माह |
| 02 | गुरू घासीदास वार्ड क्र. 49 अंतर्गत नगर में स्वागत द्वार मरम्मत एवं संधारण एवं साईन बोर्ड मरम्मत कार्य। | 3.50 | 3500/- | 750/- | 'डी' एवं इससे ऊपर | प्रपत्र 'अ' (पी.डब्ल्यू.डी. भवन दिनांक 01.01.2015 संशोधित एस.ओ.आर.) | 02 माह |
| 03 | ले. अरविंद दीक्षित वार्ड क्र. 56 अंतर्गत कृष्णा नगर में सामुदायिक भवन मरम्मत कार्य। | 3.50 | 3500/- | 750/- | 'डी' एवं इससे ऊपर | प्रपत्र 'अ' (पी.डब्ल्यू.डी. भवन दिनांक 01.01.2015 पर संशोधित एस.ओ.आर.) | 03 माह |

1. नगर पालिक निगम, रायपुर द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु लोक निर्माण विभाग छ.ग. शासन रायपुर में एकीकृत पंजीयन प्रणाली से सक्षम श्रेणी में पंजीकृत तथा कार्य के अनुभवी ठेकेदारों से तीन लिफाफा पद्धति जमा करना है।
2. लिफाफा (अ) में अमानती राशि का एफ.डी.आर. व शपथ पत्र एवं चाही गई समस्त दस्तावेज।
3. लिफाफा (ब) में निविदा प्रपत्र भरकर सीलबंद करना होगा।
4. (अ)+(ब) एक अन्य तीसरे लिफाफा (स) में भरकर ही स्पीड पोस्ट के द्वारा प्राप्त किया जावेगा।
5. सर्वप्रथम लिफाफा (स) खोलने के पश्चात लिफाफा (अ) खोली जावेगा जिसमें अमानती राशि का एफ.डी.आर. एवं अन्य चाही गई दस्तावेज होने पर ही निविदा प्रपत्र की लिफाफा (ब) खोली जावेगी तथा लिफाफे में अ,ब, स अंकित होगा अनिवार्य है।
6. निविदा जमा करने की तिथि एवं खोलने के तिथि में किसी वजह से अवकाश घोषित होता है तो वह कार्यालयीन दिवस में किया जावेगा।
7. सक्षम श्रेणी का ई-रजिस्ट्रेशन, बैंक सालवेंसी, लास्ट तीन साल का आईटीआर एवं क्लीयरेंस डिटेल, पेन कार्ड, जीएसटी रजिस्ट्रेशन एवं लास्ट तीन माह का क्लीयरेंस डिटेल, अमानती राशि का एफ.डी.आर. के साथ जमा करना अनिवार्य होगा।
8. 100 रुपए के स्टाम्प पेपर पर शपथ पत्र नोटरी द्वारा सत्यापन सहित प्रस्तुत करना होगा।
9. किसी भी निविदा को स्वीकार अथवा अस्वीकार करने का अधिकार नगर निगम रायपुर के पास सुरक्षित है।
10. निविदा संबंधी अन्य शर्तें एवं जानकारियों कार्यालय अवधि/ दिवस में प्राप्त की जा सकती है।

घरों से निकलने वाले गीला और सूखा कचरे को सफाई मित्र (वाहन) को देवें

कार्यपालन अभियंता,
जोन क्रमांक- 10,
नगर पालिक निगम, रायपुर

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व संपादक यशवंत धोटे* द्वारा बंसल स्कूल कैम्पस, अशोक विहार कॉलोनी, पण्डरी से मुद्रित कर ब्रिस्टल चौक छोटापारा रायपुर से प्रकाशित, प्रबंध संपादक - चन्द्रशेखर धोटे
फोन व फैक्स : 0771-4035602, डाक पंजीयन क्रमांक सी.जी./आर.वाई.पी. डीएन/40/2019-2021

# 2 लाख 17 हजार क्विंटल धान की खरीदी

**गरियाबंद/नवप्रदेश।** कलेक्टर ने अधिकारियों की बैठक में जिले में धान खरीदी के साथ ही समय-सीमा प्रकरणों की समीक्षा की। समीक्षा के दौरान खाद्य अधिकारी ने अवगत कराया गया कि जिले में अब तक 2 लाख 17 हजार क्विंटल धान की खरीदी की गई है। उक्त खरीदी में 1086 गठान बारदाना उपयोग में लाई गई है। जिले में अब तक 9 लाख 64 हजार पीडीएस बारदाना व 8 लाख 27 हजार मिलर्स से बारदाना प्राप्त हुई है। वर्तमान में धान खरीदी हेतु पर्याप्त मात्रा में बारदाने की उपलब्धता है। कलेक्टर श्री क्षीरसागर ने सभी एसडीएम को धान उपार्जन केन्द्रों में बारदाने की उपलब्धता व धान के उठाव पर विशेष ध्यान देने कहा। उन्होंने कहा कि जिले के बड़ी समिति, जहां किसानों की पंजीयन संख्या अधिक हो ऐसे उपार्जन केन्द्रों में बारदाने की समुचित व्यवस्था रखी जाए। आगामी दिनों में बारदानों की उपलब्धता सुनिश्चित करने पीडीएस दुकानों से जल्द राशन वितरण कराकर समितियों में उपलब्ध कराई जाए। ओडिसा प्रदेश के सीमा से लगे उपार्जन केन्द्रों में किसानों को जारी टोकन तिथि अनुसार ही धान की खरीदी की जाए। यदि कोई किसान निर्धारित तिथि में धान नहीं बेच पाता, ऐसे किसानों की संख्या प्रशासन की संज्ञान में लायी जाए। कलेक्टर ने धान खरीदी हेतु नियुक्त नोडल अधिकारियों को गत वर्ष की भांति इस वर्ष भी अपने दायित्व का बेहतर ढंग से निर्वहन करने के निर्देश दिये। उन्होंने अधिकारियों को जिले के पिछड़ी जनजाति कमार, भुंजिया वर्ग को शासन द्वारा संचालित योजनाओं से लाभान्वित कराने निर्देश दिये। कलेक्टर ने जिले में निर्मित सभी गौठानों में गोबर खरीदी, कम्पोस्ट खाद निर्माण व बिक्री तथा चारागाह विकास हेतु सभी जनपद सीईओ निर्देशित किया है। उन्होंने जिले में कोविड-19 वैक्सीनेशन बढाने, आयुष्मान कार्ड में प्रगति लाने हेतु बेहतर कार्य योजना के साथ कार्य करने सीएमएचओ को निर्देशित किया। कलेक्टर ने कहा कि जिले में अनुकंपा नियुक्ति के प्रकरण लंबित न रखे, सभी पात्र आवेदकों का अनुकंपा नियुक्ति सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने शासन की फ्लैगशीप योजना के क्रियान्वयन हेतु संबंधित विभागों को राशि की आवश्यकता संबंधी प्रस्ताव सीईओ जिला पंचायत को प्रस्तुत करने कहा।

## लंबित आवेदनों का निराकरण करने अधिकारियों को दिए निर्देश

### उपार्जन केन्द्रों से धान के उठाव में लायें तेजी : कलेक्टर

**बेमेतरा/नवप्रदेश।** कलेक्टर विलास भोसकर संदीपान ने आज मंगलवार को कलेक्टोरेट सभाकक्ष मे समय सीमा की बैठक लेकर विभागीय कार्यो की काम काज की समीक्षा की। इस दौरान विभागवार लंबित आवेदनों के बारे में भी जानकारी ली। समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के संबंध मे खाद्य एवं सहकारिता विभाग के अधिकारियों से जानकारी ली तथा उपार्जन केन्द्रों से धान के उठाव मे तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने उपार्जन केन्द्र के लिए नियुक्त नोडल अधिकारियों को निर्देशित किए कि वे जिम्मेदारीपूर्वक धान उपार्जन केन्द्रों का निरीक्षण करें, ताकि धान उपार्जन केन्द्रों मे सुचारु रुप से धान खरीदी कार्य जारी रहे। भोसकर ने 4 दिसम्बर को कोविड टीकाकरण महाभियान के सफल आयोजन के लिए आम नागरिकों एवं अधिकारियों/कर्मचारियों को बधाई दी। कलेक्टर ने पिछड़ा वर्ग एवं आर्थिक रुप से कमजोर वर्ग से संबंधित अधिकारियों/कर्मचारियों का डाटा आयोग की वेबसाईट मे दर्ज करने के निर्देश नगरीय निकाय के सीएमओ एवं जनपद पंचायत के सीईओ को दिए। शासन द्वारा सर्वे एवं डाटा संग्रहण कार्य 15 जनवरी 2022 तक बढ़ा दिया गया है। कोविड टीकाकरण के द्वितीय डोज का प्रतिशत बढ़ाने के निर्देश मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को दिए।

कलेक्टर ने 11 दिसम्बर को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत के संबंध मे जानकारी देते हुए कहा कि विभागीय अधिकारी अपनी सहभागिता सुनिश्चित करें। जिलाधीश ने सभी विभाग प्रमुखों से कहा कि आवेदन जो आम जनता के द्वारा मुख्यमंत्री जनचौपाल, कलेक्टर शिकायत शाखा, केन्द्रीकृत लोक शिकायत निवारण और निवारण प्रणाली (सीपी ग्राम्स), जन शिकायत पीजीएन एवं लोक सेवा गारंटी आदि के माध्यम से प्राप्त हुए हैं। उन्होंने राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता वाले कार्यक्रमों एवं योजनाओं पर विशेष ध्यान देने को कहा साथ ही आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल निर्माण की प्रगति, गोधन न्याय योजना, वर्मी कंपोस्ट उत्पादन एवं विक्रय, चारागाह विकास की जानकारी की समीक्षा की।

## श्रीमद भागवत कथा कलश यात्रा के साथ कथा प्रारंभ

**भटगांव/नवप्रदेश।** नगर पंचायत भटगांव के वरिष्ठ नागरिक प्रदीप देवांगन के माताजी स्व. मीना देवांगन की स्मृति में भव्य श्रीमद भागवत कथा का आयोजन देवांगन परिवार द्वारा किया जा रहा। इस आयोजन में राष्ट्रीय संत श्री चिन्मयानंद बापू जी के मुखार बिंद से कथा का वाचक की जाएगी। भव्य शोभा कलश यात्रा निकाली गई जो प्रदीप देवांगन निवास से निकलकर तालाब में जल भरते और नगर भ्रमण करते सीधे कथा स्थल पहुंचा। इस दौरान नगर के लोगों ने जगह -जगह बापू जी का भव्य स्वागत किया।

## शराब पीकर गाली गलौज करने वाले आरक्षक को एसपी ने किया निलंबित

**भाटापारा/नवप्रदेश।** लाहोद प्रशिक्षण केंद्र में शराब पीकर हंगामा करते हुए प्रशिक्षण अधिकारी से मोबाइल पर गाली गलौज, अभद्र व्यवहार करने वाले आरक्षक को पुलिस अधीक्षक दीपक झा ने निलंबित कर दिया है। आरक्षक चंद्रपाल बर्मन की लाहोद प्रशिक्षण केंद्र में ड्यूटी लगाई गई थी। 5 दिसंबर की रात्रि में शराब पीकर मोबाइल फोन पर प्रशिक्षण केंद्र प्रभारी अधिकारी सूबेदार अशोक गिरी से अश्लील गाली गलौज किया था। सूबेदार की शिकायत पर आरक्षक का तुरंत मेडिकल मुलाहिजा कराया गया जिसमें उसके शराब पीने की पुष्टि हुई। उक्त आरक्षक द्वारा ड्यूटी के दौरान शराब पीकर वरिष्ठ अधिकारियों से अश्लील गाली गलौज कर अनुशासनहीनता प्रदर्शित करने के फलस्वरुप वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने आरक्षक को निलंबित कर दिया है।

## उतई में एक पार्षद पद के लिए पांच प्रत्याशी मैदान में

**उतई/नवप्रदेश।** नगर पंचायत उतई के वार्ड क्रमांक 5 के रिक्त पार्षद पद हेतु 20 दिसम्बर को मतदान बेलैट पेपर के आधार पर होगा जिसके लिये सोमवार को दोपहर 3 बजे तक नाम वापसी का समय निर्धारित था। नामांकन भरे पांच पार्षद प्रत्याशियों में से किसी ने अपना नाम वापस नहीं लिया। भाजपा के पार्षद प्रत्यासी चंदू देवांगन को कमल, कांग्रेस के प्रत्यासी सोनचन्द वर्मा को पंजा, निर्दलीय सतीश पारख को आलमारी, निर्दलीय सतीश चन्द्राकर को उगता सूरज व निर्दलीय ममता सेन को सीढ़ी चुनाव चिन्ह मिला है। नगर पंचायत उतई के रिटर्निंग आफिसर प्रीतम सिंह चौहान ने बताया की पार्षद पद हेतु मतदान 20 दिसम्बर की सुबह 8 बजे से संध्या 5 बजे तक होगा। मतों की गिनती 23 दिसम्बर की सुबह 9 बजे से शासकीय महाविद्यालय उतई में की जायेगी।

## पुरानी पेंशन की मांग को लेकर ज्ञापन

**खरोरा/नवप्रदेश।** प्रदेश शिक्षक कल्याण संघ इकाई तिल्दा के द्वारा विकास खंड शिक्षा अधिकारी बीएल देवांगन एवं तहसीलदार सरिता मढ़रिया तिल्दा नेवरा को मुख्य मंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा गया। वर्ष 1998-99 से कार्यरत शिक्षाकर्मी 1, 2, 3 की भर्ती स्कूल शिक्षा विभाग में शासकीय विद्यालयों में व्याख्याता/शिक्षक/ सहायक शिक्षक के स्वीकृत एवं रिक्त पदों के विरुद्ध की गई थी। वर्तमान मे छत्तीसगढ़ राज्य में कुल संख्या 14 हजार है। सेवा नियमिति करण के पश्चात वर्त्तमान मे भी शिक्षा विभाग में निरंतर जारी है। एक ही विभाग में लगातार 23-24 वर्षो से कार्य करने के बाद भी सेवानिवृत्ति हुए शिक्षकों को मात्र 1 हजार से 15 सौ रुपए पेंशन मिल रहा।

# कलेक्टर ने ली राजनैतिक दलों एवं अभ्यर्थियों की बैठक

### वार्ड नंबर 17 पार्षद निर्वाचन के लिए चुनाव चिन्ह आबंटित किया

**राजनांदगांव/नवप्रदेश।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने नगर निगम निर्वाचन 2021 उप निर्वाचन वार्ड नंबर 17 में पार्षद चुनाव के लिए अभ्यर्थियों एवं निर्वाचन अभिकर्ताओं को चुनाव चिन्ह आबंटित किया। वार्ड नंबर 17 में पार्षद चुनाव के लिए दो अभ्यर्थियों को चुनाव चिन्ह आबंटित किया गया है। इंडियन नेशनल कांग्रेस से श्रीमती चन्द्रकला देवांगन और भारतीय जनता पार्टी से सरिता रमेश सिन्हा को चुनाव चिन्ह आबंटित किया। इसके पश्चात अभ्यर्थियों एवं राजनैतिक दलों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में निर्वाचन संबंधी जानकारी दी गई। कलेक्टर ने निर्वाचन के दौरान कोविड-19 के नियमों का पालन करने कहा। राजनैतिक दलों एवं अभ्यर्थियों द्वारा रैली एवं जुलूस निकालने के पूर्व अनुविभागीय अधिकारी राजस्व से अनुमति लेना अनिवार्य होगा। निर्वाचन के दौरान व्यय की जाने वाली राशि की जानकारी दी गई और व्यय लेखा रजिस्टर में प्रतिदिन संधारित करने कहा गया। इस दौरान उन्होंने अभ्यर्थियों को निःशुल्क काजपत्र, निर्वाचन लड़ने वाले अभ्यर्थियों की सूची, मतदान केन्द्रों की सूची, आदर्श आचार संहिता की प्रति, अभ्यर्थी पहचान पत्र, निर्वाचन व्यय (लेखा संधारण और प्रस्तुति 2019 की प्रति), निर्वाचन व्यय के संबंध में प्रचार संबंधी सामग्री एवं अन्य दरों की मानक सूची प्रदान की गई। साथ ही मतदान अभिकर्ता, गणन अभिकर्ता, निर्वाचन अभिकर्ता, मतगणना संबंधी निर्देश एवं अभ्यर्थियों के लिए मार्गदर्शिका दिया गया। इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी वीरेन्द्र सिंह, संयुक्त कलेक्टर इंदिरा देवहारी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## कलेक्टर की अध्यक्षता में कानून व्यवस्था की गई समीक्षा

**गरियाबंद/नवप्रदेश।** गरियाबंद जिले में कानून व्यवस्था सुव्यवस्थित बनाये रखने अधिकारियों की बैठक आयोजित की गई। कलेक्टर निलेश क्षीरसागर की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में पुलिस अधीक्षक जेआर ठाकुर, जिला पंचायत सीईओ संदीप अग्रवाल, अपर कलेक्टर जेआर चौरसिया, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक चन्द्रेश ठाकुर और सभी एसडीएम सम्मिलित हुए। कलेक्टर ने अधिकारियों को जिले में बेहतर कानून व्यवस्था बनाये रखने के निर्देश दिये। उन्होंने धान खरीदी के दौरान उत्पन्न स्थिति पर विशेष नजर रखने, उपार्जन केन्द्रों में बेहतर व्यवस्था, किसान पंजीयन, धान बिक्री हेतु टोकन वितरण, बैंकों से किसानों को राशि भुगतान आदि के संबंध में किसी प्रकार की कमी होने पर प्रशासन के संज्ञान में लाने की बाते कही। उन्होंने कहा कि कोई भी सहकारी समिति प्रशासन के संज्ञान में लाये बिना धान खरीदी बंद नहीं कर सकती। उन्होंने हर ऐसी घटनाओं पर भी बारीकियों से नजर रखने कहा, जिससे जिले में कानून व्यवस्था की स्थिति निर्मित हो सकती है। पुलिस अधीक्षक ने अधिकारियों से सहयोग की अपेक्षा करते हुए जिले में बेहतर कार्य प्रणाली विकसित करने, निचले स्तर के अधिकारियों के मार्फत ही समस्या का समाधान होने पर बल दिया। बैठक में संयुक्त कलेक्टर ऋषा ठाकुर सहित समस्त विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

## कस्टम मिलिंग के लिए अनुबंध नहीं करने वाले मिलर्स के विरूद्ध कार्रवाई करने के दिए निर्देश

### 0 धान उपार्जन केन्द्र में जाम की स्थिति नहीं बननी चाहिए, धान के उठाव कार्य में लाए गति : कलेक्टर

**राजनांदगांव/नवप्रदेश।** जिले में धान खरीदी का कार्य व्यवस्थित तरीके से किया जा रहा है। समितियों में किसानों को टोकन दिया जा रहा है तथा नवीन बारदाना, पीडीएस बारदाना एवं किसान बारदाना में धान की खरीदी की जा रही है। कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा ने धान खरीदी की व्यवस्था, कस्टम मिलिंग की अनुमति एवं अनुबंध की समीक्षा की। उन्होंने कस्टम मिलिंग के लिए अनुबंध नहीं करने वाले मिलर्स के विरूद्ध कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने खाद्य अधिकारी को समस्त अरवा मिलर्स का कस्टम मिलिंग के लिए अनुबंध कराया जाना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि धान उपार्जन केन्द्र में जाम की स्थिति नहीं बननी चाहिए। इसके लिए धान के उठाव कार्य में गति लाए। कलेक्टर सिन्हा ने धान खरीदी केन्द्रों में पेयजल, छांव, प्रकाश, आर्द्रतामापी यंत्र, इंटरनेट कनेक्टीविटी, कम्प्यूटर आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि धान उपार्जन केन्द्रों में धान तौलाई के लिए कांटा-बांट आवश्यकतानुसार बढ़ा सकते हैं। धान की सुरक्षा के लिए आवश्यक व्यवस्था करने के लिए तथा ड्रेनेज सिस्टम के लिए कहा। उन्होंने अन्य राज्यों से धान के अवैध परिवहन पर कड़ी कार्रवाई करने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि अन्य राज्यों से कोचियों द्वारा धान खपाने की आशंका बनी रहती है। इसके मद्देनजर सीमावर्ती बार्डर के चेकपोस्ट में कोचियों पर विशेष निगरानी रखें।

## जनचौपाल में मिले 25 आवेदन, कलेक्टर ने दिए त्वरित निराकरण के निर्देश

**गरियाबंद/नवप्रदेश।** कलेक्टर निलेश क्षीरसागर ने जन चौपाल में जिले के ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों से पहुंचे 25 नागरिकों की समस्या सुनकर सम्बंधित विभागों को त्वरित निराकरण के निर्देश दिए। जन चौपाल में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी संदीप अग्रवाल, संयुक्त कलेक्टर ऋषा ठाकुर, रितु वर्मा, शीतल बंसल, एवं जिला अधिकारी मौजूद थे। जनचौपाल में छुरा से पहुंचे हेमनारायण ध्रुवा ने अतिक्रमण हटाने, जान मॉल की सुरक्षा, झूठा आरोप एवं समयमान वेतनमान हेतु आवेदन दिया। कलेक्टर ने उनकी समस्याओं को गंभीरता पूर्वक सुनते हुए जांच कर कार्रवाई का भरोसा दिलाया। वहीं ग्राम दा बरीभाठा एवं बरही मार्ग तक ग्रामीणों ने सड़क मरम्मत एवं सड़क निर्माण सम्बन्धी आवेदन दिया। उहोंने संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए।ग्राम कापसीडीह के दयाराम साहू ने सीमांकन और ग्राम बारुला के धनेश्वरी ने अपनी आवास समस्या और अपने जमीन पर जबर्दस्ती ट्रैक्टर चलाने के कारण उतपन्न हुए जीविकोपार्जन की समस्या का निराकरण करने हेतु गुहार लगाई। कलेक्टर द्वारा सभी आवेदकों की समस्या पर सुनवाई करते हुए नियमानुसार कार्रवाई करने का भरोसा दिलाया एवं विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया।

## हरि कथा का आज होगा समापन

**कवर्धा/नवप्रदेश।** दिव्य ज्योति जागृति संस्थान द्वारा आशुतोष महाराज के शिष्य द्वारा तीन दिवसीय हरि कथा का आयोजन 6 से 8 दिसंबर तक रणवीरपुर चारभांठा में किया गया है जिसका समय 2 से शाम 5 बजे तक है। कथा के प्रथम दिन स्वामी अखिलेशानंद द्वारा प्रवचन में मानव जीवन का उद्देश्य सुनाया मनुष्य की आर्थिक स्थिति अच्छी हो और मगर मानसिक स्थिति अच्छी ना हो जीवन का आनंद नहीं मिल सकता उसी तरह संसार में हर व्यवस्था हो साधन हो तो जीवन में लक्ष्य ना हो और साथ में जीने की दिशा ना हो तो दशा ठीक नहीं हो सकती उसी तरह मानव जीवन के अंदर मनुष्य सुखी तभी रह सकता है जिसके जीवन में संत महापुरुष मार्गदर्शक हो तो दिशा के साथ दशा स्वयं ही सुधर जाती है। इसलिए मानव जीवन में जब तक वास्तविक भक्ति नहीं होगी तब तक सुख शांति की प्राप्ति नहीं हो सकता। प्रथम दिन में कलश यात्रा महिलाओं द्वारा निकाली गई गांव भ्रमण किया गया जिसमें सैकड़ों देवी स्वरूप महिलाओं ने कलश उठाया और पुण्य के भागी बने। कार्यक्रम का आज समापन होगा।


न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी एवं भू परिवर्तित अधिकारी डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव (छ.ग.)

**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र. 202110092100180/ अ-2 वर्ष 2020-21

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक विजेन्द्र बोरकर आ. श्री राभाऊ बोरकर एवं अन्य एक निवासी वार्ड नं. 2 जोधसिंग कालोनी डोंगरगढ़ तहसील डोंगरगढ़, जिला राजनांदगांव (छ.ग.) द्वारा अपने भूमि स्वामी हक की ग्राम उरईडबरी प.ह.नं. 43, स्थित भूमि खसरा नं. 138/9 रकबा 0.174 हेक्टेयर भूमि स्थित है। छ.ग.भू.रा. संहिता 1959 की धारा 172 अंतर्गत उक्त भूमि का उद्योग प्रयोजनार्थ (बायो डीजल पंप) व्यपवर्तन हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतएव उक्त भूमि के व्यपवर्तन किए जाने में किसी को कोई दावा, उजर आपत्ति हो तो वह पेशी दिनांक 17.12.2021 तक स्वयं उपस्थित होकर अपना दावा उजर या आपत्ति न्यायालय में मेरे समक्ष पेश कर सकते हैं, नियत अवधि बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 29.11.2021 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

सील

अनुविभागीय अधिकारी
एवं भू-परिवर्तित अधिकारी
डोंगरगढ़



कार्यालय सम्पदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-1, सिरपुर भवन, व्यवसायिक परिसर कबीर नगर, रायपुर
email ID-eocghbzone1@gmail.com

**आम सूचना**

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल द्वारा पं. दीनदयाल उपाध्याय नगर डंगनिया रायपुर में निर्मित 75 एचआईजी-1 योजना के अंतर्गत भवनें/भूखंडों में से भवन/भूखंड क्रमांक एचआईजी-1/88 सेक्टर-1 में श्रीमती संगीता सक्सेना पति श्री अनिल कुमार सक्सेना को स्ववित्तीय/ एकमुश्त आधार पर आबंटित/ नामांतरित किया गया है। आबंटी द्वारा दिनांक 27.08.2012 को विक्रय विलेख निष्पादित कर लिया गया।

आबंटी उक्त भवन/भूखंड के विक्रय हेतु दिनांक 29.11.2021 को निष्पादित विक्रय इकरारनामा की छायाप्रति प्रस्तुत कर भवन/भूखंड श्रीमती दिव्या ठाकुर पति श्री बलराम सिंह ठाकुर के नाम से विक्रय करने के लिए विक्रय अनुमति की मांग की है।

अतः किसी भी व्यक्ति शासकीय/ अर्द्ध शासकीय/ वित्तीय संस्था इत्यादि को उक्त भूखण्ड/ भवन के विक्रय के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस कार्यालय में लिखित रूप से प्रमाणित दस्तावेज सहित इस आम सूचना प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर स्वतः उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त आपत्ति मान्य नहीं की जावेंगी।

सम्पदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,
सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-01
कबीर नगर, रायपुर



कार्यालय संपदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-4, सेजबहार, रायपुर (छ.ग.)
email ID: eocghbzone5@gmail.com

**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल द्वारा कालोनी सेजबहार, जिला रायपुर में निर्मित दीनदयाल आवास योजनांतर्गत भवन क्र. एलआईजी-452 श्री प्रकाश चंद साहू पिता श्री टेकराम साहू के नाम पर इस कार्यालय का आबंटन आदेश क्र. 4951 दिनांक 11.10.2006 के माध्यम से स्ववित्तीय आधार पर आबंटित है। आबंटी द्वारा भवन का पूर्ण मूल्य जमा कर दिनांक 12.09.2008 को लीजडीड पंजीकृत करा लिया गया है। वर्तमान में आबंटी श्री प्रकाशचंद साहू पिता श्री टेकराम साहू निवासी- अवंति बाई चौक, लोधीपारा कांपा, रायपुर तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) के द्वारा उक्त भवन को क्रेता श्री जितेन कुमार पिता श्री शिबलाल कुमार, निवासी-एलआईजी-826 हाऊसिंग बोर्ड कालोनी, सेजबहार, रायपुर तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) के पक्ष में विक्रय करना चाहते हैं। विक्रय अनुमति हेतु आवेदन पत्र, विक्रय इकरारनामा की छायाप्रति एवं आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत किया गया है। प्रस्तुत दस्तावेज के आधार पर उक्त भवन को क्रेता श्री जितेन कुमार पिता श्री शिबलाल कुमार के पक्ष में विक्रय हेतु अनुमति प्रदान किया जाना है।

अतः किसी भी व्यक्ति, शासकीय/ अर्धशासकीय संस्था, निकाय, बैंक अथवा वित्तीय संस्था इत्यादि को उक्त भूखंड/भवन के विक्रय करने हेतु अनुमति प्रदान करने में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो, इस कार्यालय में स्वयं उपस्थित होकर लिखित रूप से प्रमाणित दस्तावेज सहित इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अंदर आपत्ति प्रस्तुत करें, अन्यथा नियत समयावधि पश्चात आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी।

सम्पदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,
प्रक्षेत्र-04, सेजबहार, रायपुर (छ.ग.)


## छग संस्कृति को बढ़ावा देने आर्टिकल मानवता फाउंडेशन पुस्तक का हुआ विमोचन

**खरोरा/नवप्रदेश।** ग्राम घिवरा खरोरा परीक्षेत्र के निवासी कोविड-19 के चलते छात्रों की सहायता छात्र शक्ति संगठन समूह बनाकर वह सभी को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने के लिए उन्होंने आदर्श स्वच्छता समिति घिवरा का निर्माण करके वह महापुरुषों का दिवसों को मना कर लोगों में जागरूकता लाना वैक्सीनेशन के प्रति जागरूकता लाना इस प्रकार के तमाम कार्य किए हैं जिनका नतीजा आज देखने को मिला है और छत्तीसगढ़ संस्कृति ला बढ़ावा देना अर्थात छत्तीसगढ़ के संस्कृति हमारे पहचान हरे जिसमें सियान मन के चिन्हा और संस्कृति ला बचावा योजना के शुभारंभ किया जो मानवता फाउंडेशन के पुस्तक में प्रकाशित हुआ।

## नेशनल लोक अदालत का आयोजन 11 दिसम्बर को

**बेमेतरा/नवप्रदेश।** नेशनल लोक अदालत का आयोजन 11 दिसम्बर को किया जाना है। उक्त नेशनल लोक अदालत पूरे देश में आयोजित किया जायेगा। नेशनल लोक अदालत जिला न्यायालय बेमेतरा के साथ-साथ तालुका न्यायालय साजा में भी आयोजित की जायेगी। वर्ष 2021 के अंतिम नेशनल लोक अदालत को सफल बनाने तथा अधिक से अधिक प्रस्तुत किये जा रहे प्रकरणों के निकराकरण के संबंध में जिला एवं सत्र न्यायाधीश जयदीप विजय निमोणकर द्वारा बैठक ली जा रही है। उक्त बैठक जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जिला न्यायालय परिसर में आयोजित की जा रही है। उक्त बैठक में न्यायाधीशगण, कलेक्टर बेमेतरा, पुलिस अधीक्षक, बीमा कंपनी के अधिकारीगण, बैंक अधिकारीगण, विद्युत विभाग अधिकारी तथा अन्य विभाग के अधिकारी, वरिष्ठ अधिवक्ता, बीमा कंपनी के अधिवक्ता सम्मिलित हुए। नेशनल लोक अदालत के माध्यम से न्यायालय में राजीनाम योग्य आपराधिक प्रकरणों, धारा 138, पराक्रम्य लिखित अधिनियम, मोटर दुर्घटना दावा प्रकरण बैंक रिकवरी प्रकरण, सिविल प्रकरण का निराकरण किया जाना है। पूर्व के नेशनल लोक अदालत के भांति इस बार भी अधिक से अधिक राजस्व प्रकरणों का निराकरण किया जाना है, जिसके संबंध में अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा कलेक्टर बेमेतरा विलास भोसकर संदीपान के साथ बैठक में चर्चा की।


कार्यालय अधीक्षण अभियंता,
लोक निर्माण विभाग, रायपुर मण्डल क्रमांक 1 (छत्तीसगढ़)

**निविदा सूचना**
(षष्टी आमंत्रण)

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु ऑनलाईन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती है :-

| एन.आई.टी. क्र./सिस्टम टेन्डर नं. | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत रु. (लाख में) |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| 69/87312 | Construction of Approach Road Under Mukhyamantri Sugam Sadak Yojna at Gudiyari Area.(Total Length-2.00 km) Khamtarai Cg Electric Board To Gondwara Road Sinha Kirana Store, (Length-500m) 2) Janghel Health Club To Prem Nagar Hanuman Mandir Gudiyari Raipur. (Length-500m) 3) Sulabh Souchalaya Gandhi Nagar To Lalwani Dispensary Gudiyari. (Length-500m) 4) Jhanda Chowk To Guru Ghasidas Primary School Gudiyari.(Length-500m) | रु. 53.83 लाख |

**निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि दिनांक 14.12.2021 समय सायं 5.30 बजे तक**

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी https://eproc.cgstate.gov.in पर देखी जा सकती है एवं डाउनलोड की जा सकती है।

**नोट :- इस निविदा में आचार संहिता का उल्लंघन नहीं हो रहा है।**

जी-65652/3

अधीक्षण अभियंता
लो.नि.वि. रायपुर मण्डल क्र.-1
रायपुर (छ.ग.)

# महानदी किनारे बसे गांव के खेतों में पहुंचा तेंदुआ, मचा हड़कंप

## दहशत के चलते ग्रामीण घरों में कैद, वन विभाग ने कराई मुनादी

**रायगढ़/नवप्रदेश।** छत्तीसगढ़ रायगढ़ जिले के बरमकेला अंतर्गत महानदी के भीतर कछार जमीन पर नौघटा निवासी कृषक के मूंगफली लगे खेत में किसी जंगली जानवर के पदचिन्ह दिखे जाने के बाद आसपास गांव में सनसनी मची हुई है. मामले की जानकारी मिलने पर वन विभाग बरमकेला की टीम पहुंची लेकिन किस जानवर के पदचिन्ह है इसे बता पाने में असफल रही. फिलहाल विभाग के अधिकारियों ने किसी हिंसक जानवर आने की आशंका में गांवों में सतर्कता हेतु मुनादी कराई जा रही है



सोमवार सुबह दो -तीन फोटो वायरल होने लगा. जिसमें वन परिक्षेत्र के ग्राम नौघटा व पिहरा के महानदी किनारे खेत पर हिंसक जानवर तेंदुआ दिखने व उसके पदचिन्ह के बताए गए. ऐसे में इसकी सूचना वन विभाग बरमकेला को दी गई. एक टीम काफी देर में यानि दोपहर तीन बजे मौका स्थल पर पहुंची. महानदी के भीतर मूंगफली लगे खेत पर किसी जंगली जानवर के पदचिन्ह मिले. लेकिन टीम के अधिकारी अर्जुन लाल मेहर वन परिक्षेत्राधिकारी बरमकेला व वनरक्षक प्रकाश खूंटे इस पदचिन्ह को पहचानने में असफल रहे. हालांकि ग्रामीणों का मानना है कि पिछले सप्ताह के रविवार को सीमावर्ती जिले महासमुंद के सराईपाली के बोंदा में तेंदुए देखा गया था और सारंगढ़ गोमर्डा अभ्यारण के अधिकारियों ने उससे लगे हुए गांवों में सतर्कता बढ़ा दी थी. ऐसे में यहां भी उसी हिंसक जानवर के आ धमकने की आशंका से ग्रामीण चिंतित है. ग्रामीणों की माने तो तेंदुए या चिता के पदचिन्ह है. फिलहाल वन विभाग के अधिकारी भी इस मामले में चुप्पी साध रखी है. परंतु गांव आसपास में सतर्कता हेतु मुनादी कराने की बात कही जा रही है. वही पदचिन्ह चार दिन पहले की होना बताया जा रहा है. फिर भी आसपास में किसी जंगली जानवर को लेकर सनसनी व दहशत मची हुई है.

### नहीं बुलाए सरपंच और खेत मालिक को

सरपंच गजपति डनसेना ने बताया कि पदचिन्ह पहचान के लिए वन विभाग की टीम ने किसी स्थानीय जनप्रतिनिधि अथवा खेत मालिक देवनाथ पटेल को बगैर बुलाए चुपचाप चली गई. इससे विभाग की कार्यशैली को लेकर सवाल उठने लगे है. टीम कब आई और चली गई पता भी नहीं चला? मामले की पुष्टि के लिए वन परिक्षेत्राधिकारी अर्जुन लाल मेहर से सम्पर्क करने की कोशिश की गई लेकिन उनका मोबाइल स्वीच आफ बताया.

# डीजीपी के आश्वासन पर पुलिस परिवार के महिलाओं का आंदोलन हुआ खत्म

- **दफ्तर बुलाकर भोजन कराया और कहा मांगें पूरी कराएंगे**

**रायपुर/नवप्रदेश।** छत्तीसगढ़ पुलिस में कार्यरत चतुर्थ वर्ग पुलिस कर्मियों की लंबित 22 मांगों पर डीजीपी अशोक जुनेजा ने संज्ञान लिया है। डीजीपी ने पुलिस परिवार को आश्वासन दिया कि अब जल्द ही उनकी मांगे पूरी हो जाएंगी। मंगलवार को नवा रायपुर स्थित पुलिस मुख्यालय में पुलिस परिवार के प्रतिनिधिमंडल ने डीजीपी अशोक जुनेजा से मुलाकात की। पीएचक्यू पहुंचे प्रतिनिधि मंडल में करीब 11 सदस्य शामिल थे। प्रतिनिधिमंडल ने अपनी 22 मांगों की सूची डीजीपी के सामने रखी और बीते कई सालों से उनकी कोई भी मांग अब तक पूरी नहीं होने की जानकारी दी। इस दौरान डीजीपी ने सभी मांगों पर विस्तार से चर्चा की। साथ ही उन्होंने सहानुभूतिपूर्वक मांगों को जल्द पूरा करने का आश्वासन दिया है।

### पुलिस परिजन की मुख्य मांग

पुलिस परिवार की मांग है कि निचले स्तर के पुलिसकर्मियों शोषण पूरी तरह से बंद हो, इसके साथ ही उनसे पुलिस अफसरों द्वारा जो घरेलू तथा अपने निजी कार्य कराए जाते हैं, उस पर रोक लगाई जाए। वेतन विसंगति दूर करने के साथ अन्य सरकारी विभाग के कर्मचारियों को जो सुविधाएं मिलती हैं, उस तरह की सुविधाएं निचले स्तर के पुलिसकर्मियों को भी दी जाए। साथ ही पुलिस परिवार की सबसे बड़ी मांग है पुलिसकर्मियों को अनिवार्य रूप से साप्ताहिक अवकाश देने के साथ काम का समय निर्धारित किया जाए।

**गृहमंत्री ने भी लिया संज्ञान** : इधर गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू ने इस मामलें में मिडिया से चर्चा के दौरान कहा कि जिन लोगों ने घेराव किया है, उनमें से अधिकांश बस्तर और कांकेर के तरफ के लोग हैं। उनकी मांग है कि बस्तर में सहायक आरक्षक, जो पहले एसपीओ हुआ करते थे, जिन्हें समय के साथ पदोन्नति भी दी गई। अब एसपीओ की डिमांड है कि इन्हें आरक्षक बनाए जाए। पुलिस परिवार के लिए जितने भी वादे और दावे किए गए थे, उनको लेकर बैठक हो चुकी है। कई नियम लागू भी हो चुके हैं। कुछ आंशिक नियम बचे हैं जिसे भी जल्द लागू किया जायेगा।

### महिलाओं ने घेरी सड़कें

पिछले शासन काल और वर्तमान शासन में भी चतुर्थ वर्ग के पुलिस कर्मचारियों पर राज्य सरकार द्वारा ध्यान नहीं देने का आरोप लगाया है। सोमवार को प्रदेशभर के करीब 3 हजार से भी अधिक पुलिस परिवार के सदस्यों ने पीएचक्यू घेराव करने नवा रायपुर पहुंचे तो थे लेकिन उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया था, हालांकि सभी को रिहा भी कर दिया गया था। लेकिन गुस्साएं परिवार की महिलाओं ने मंगलवार को नई राजधानी के चीचा गांव की सड़क में ही बैठकर प्रदर्शन करने लगी। प्रदर्शन की सूचना मिलते ही पुलिस बल भेजकर इन्हे समझाया गया। करीब 2 घंटे तक महिलाओं का हंगामा जारी रहा, जिसके बाद डीजीपी ने इनके प्रतिनिधिमंडल को बुलाया और चर्चा की। बीते कई वर्षों से प्रदेश के चतुर्थ वर्ग पुलिस कर्मियों का परिवार कई मसलो को लेकर राजधानी में आंदोलित पुलिस परिवार को थोड़ी राहत मिली। प्रतिनिधिमंडल की बात सुनने के बाद डीजीपी ने पुलिस परिवार के सदस्यों के साथ भोजन भी किया।

# कलेक्टर को चौथी की जयेश्वरी ने सुनाई कविता, हरी डाल पर परी'

- **कलेक्टर ने कहा पढ़ लिखकर परी की तरह बने अच्छा इंसान**

**कोरबा/नवप्रदेश।** कलेक्टर रानू ने सोमवार को प्रयास आवासीय विद्यालय का निरीक्षण किया। इस दौरान बालिका आश्रम में चौथी कक्षा में पढ़ने वाली छात्रा जयेश्वरी ने कलेक्टर को स्वयं ही आगे आकर कविता सुनाने की इच्छा जाहिर की। कलेक्टर ने 'हरी डाल पर परी' कविता सुनाई। बिना रूके जयेश्वरी की सुनाई कविता से कलेक्टर खासी प्रभावित हुई और उन्होंने शाबाशी देते हुए जयेश्वरी का हौसला बढ़ाया। कलेक्टर ने सभी बच्चों को पढ़-लिख कर परी की तरह ही अच्छा इंसान बनने और हमेशा दूसरे के लिए अच्छे काम करने की समझाईश दी। उन्होंने सभी छोटे बच्चों को मन लगाकर पढ़ने के साथ-साथ खेलकूद में भी आगे बढ़ने को प्रोत्साहित किया। कलेक्टर रानू साहू के प्रयास आवासीय विद्यालय निरीक्षण के दौरान कक्षा ग्यारहवीं की छात्रा शगुफ्ता फातिमा ने कलेक्टर बनने के बारे में पूछा। छात्रा की जिज्ञासा पर कलेक्टर ने सभी विद्यार्थियों को सरल और स्पष्ट तरीके से कलेक्टर बनने की प्रक्रिया को बताया। कलेक्टर ने विद्यार्थियों को मार्गदर्शन दिया और मन लगाकर पढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया तो विद्यार्थियों ने भी रिटर्न गिफ्ट देकर कलेक्टर का आभार माना। रिटर्न गिफ्ट के रूप में कक्षा ग्यारहवीं की छात्रा आंचल बघेल ने कलेक्टर को अपने हाथों से बनाई हुई उनकी स्कैच भेंट किया। अन्य विद्यार्थियों ने भी अपने हाथों से बनाए हुए आकर्षक और कलात्मक शुभकामना कार्ड कलेक्टर को भेंट किए। इस मौके पर कलेक्टर ने कक्षा बारहवीं के पीईटी, पीएमटी की तैयारी कर रहे विद्यार्थियों को निःशुल्क स्टडी मटेरियल भी वितरित किया।

# अब अवैध रेत खनन के खिलाफ आम आदमी पार्टी ने खोला मोचा

- **ग्रामीणों के साथ भरतपुर के कोटडोल स्तिथ नेऊर नदी के तट पर आंदोलन जारी**

**बैकुंठपुर/नवप्रदेश।** कोरिया जिला अवैध रेत उत्खनन को लेकर लगातार सुर्खियों में है। एक ओर ग्रामीण नाराज हैं वहीं अब आम आदमी पार्टी ने भी इसे राजनीतिक मुद्दा बना लिया है। रविवार से आम आदमी पार्टी के नेतृव में ग्रामीणों के सहयोग से भरतपुर के कोटडोल में नेऊर नदी के तट पर स्थित इलाके में अनिश्चित कालीन धरना-प्रदर्शन किया जा रहा। वहीं ग्रामीणों के साथ लिखित शिकायत की भी गई है। हालांकि प्रशासन की तरफ से अब तक कोई एक्शन नहीं लिया गया है। भरतपुर विकासखंड के कोटाडोल में ग्रामीणों के सहयोग से धरना-प्रदर्शन कर आम आदमी पार्टी ने आरोप लगाया है कि कांग्रेस के द्वारा रेत उत्खनन का ठेका देने की वजह से जिले की नदियों का दोहन हो रहा है। तस्कर जिले के नदियों को खोखला कर रहे। इसलिए आम आदमी पार्टी ने ग्रामीणों की शिकायत पर रविवार से नेऊर नदी स्थित इलाके में बड़े आंदोलन का एलान किया है। इस आंदोलन में कार्यवाही नही होने तक यह आंदोलन किया जाएगा और यह चक्काजाम तब तक चलता रहेगा जब तक कलेक्टर, एसपी, जिला खनिज अधिकारी के साथ पूरा सरकारी महकमा मौके पर पहुंचकर अवैध उत्खनन पर रोक नहीं लगाएगा. दोषियों पर कार्रवाई करना होगा. साथ ही बिना अनुमति नदी के लीज को भी खारिज करने पर आवाज उठाया जाएगा।

### मुख्य सड़क को नुकसान फिर भी अधिकारी अंजान

आम आदमी पार्टी ने आरोप लगाया कि अवैध रेत उत्खनन से नदियों के साथ ही मुख्य सड़क को भी नुकसान पहुंचाया जा रहा फिर भी अधिकारियों को भनक तक नहीं लग रही जिससे अधिकारियों के ऊपर भी सांठगांठ का आरोप लग रहा। जबकि ग्रामीण सड़कों पर 12 टन से अधिक वाहनों का चलना भी नियम में नहीं है। इसके बावजूद ऊंची कमाई से नियम कानून भी तोड़ दिए जा रहे जिसका ही परिणाम हैं अब यह ग्रामीण सड़कें चलने लायक भी नहीं है फिर भी शिकायत के बाद कोई कार्रवाई नहीं होने से ग्रामीणों में आक्रोश है।

# मंडी शुल्क वृद्धि को भाजपा ने कहा सरकार का किसानों पर वज्रपात, कांग्रेस का पलटवार - मंडी शुल्क किसानों पर नहीं होगा लागू

**रायपुर/नवप्रदेश।** छत्तीसगढ़ में किसानों पर राजनीति रुकने का नाम ही नहीं ले रही है। धान खरीदी, बारदाना में कमी और अब मंडी शुल्क में वृद्धि को लेकर भाजपा ने राज्य सरकार पर हमला बोल दिया है। वहीं सत्ताधारी दल कांग्रेस इसे भाजपा द्वारा किसानों को भ्रमित करने का मुद्दा बताया है।

भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के राष्ट्रीय कार्यसमिति सदस्य व प्रदेश किसान मोर्चा प्रभारी संदीप शर्मा ने मंडी शुल्क में 150 प्रतिशत वृद्धि करने को लेर पत्रकार वार्ता किया। संदीप शर्मा का साफतौर पर कहना है कि मंडी शुल्क में 150 फीसदी बढ़ोतरी करके भूपेश सरकार ने किसानों पर भारी वज्र पात किया है। शुल्क बढ़ोतरी के आदेश से ऐसा लगता है मानो पहले धान में लगने वाले शुल्क 2 रु को बढ़ाकर 5 रु कर कर दिया गया है जबकि सच्चाई यह है कि 2018 में भाजपा की रमन सरकार के समय जिस धान के समर्थन मूल्य पर प्रति क्विंटल 31 रु शुल्क लगता था वहीं आज बढ़े हुए नए शुल्क के चलते अब धान समर्थन मूल्य पर अब 98 रु शुल्क लगेगा। जो कि 2018 की तुलना में तीन गुना से अधिक है। इसकी मार आखिरकार किसानों को ही पड़ती है।

### किसान हैं परेशान

मंडी शुल्क में बढ़ोतरी का दुष्परिणाम बढ़ोतरी के दूसरे ही दिन दिखने लगा जब मंडियों में 1450 से 1480रु तक बोली लगने वाले धान की बोली राजिम मंडी सहित तमाम मंडियों में 1000 रु से शुरू किया जाकर 1250-1280 रु में रुक गई। मंडी शुल्क बढ़ने से मंडियों में धान के भाव अचानक 200 रु नीचे आ गए हैं। इस बात से आक्रोशित होकर अनेक मंडियों में किसानों ने धान बेचने से मना कर दिया है। चर्चा में हमेशा यह कह गुमराह किया जाता है कि मंडी शुल्क तो व्यापारी देता है , किसान नही देता, जबकि सच्चाई यह है कि मंडी शुल्क किसानों के ही जेब से जाता है। इसका प्रत्यक्ष प्रमाण है धान के दाम में अचानक 200 रु की कमी आ जाना।

### यूपी चुनाव पर फोड़ा ठीकरा

संदीप शर्मा ने आरोप लगते हुए कहा कि अतिरिक्त शुल्क को भूपेश टेक्स माना जाय तो कोई गलती नहीं होगी। इसे यूपी चुनाव के लिए जबरदस्ती का लिया गया योगदान माना जा सकता है। उत्तर प्रदेश में जाकर झूठी आत्म प्रशंसा करने वाले मुख्यमंत्री किसानों के जेब के पैसा से ही किसानों के बर्बादी की इबारत लिख रहे हैं। इस टेक्स वृद्धि से राज्य की सरकार केंद्र सरकार से 1000 करोड़ रुपये और राज्य के किसानों से 1000 करोड़ वसूलने के जुगत बना लिया है। हम मांग करते हैं कि यह सरकार शीघ्र बढ़े हुए मंडी शुल्क वापस ले और मंडियों की अव्यवस्था दूर करते हुए मंडियों में हो रहे किसानों के शोषण पर लगाम लगाए, साथ ही साथ पंजीयन में हुए गड़बड़ी को सुधारते हुए समितियों में धान खरीदी व्यवस्था दुरुस्त करे।

### घड़ियाली आंसू बहा रही है भाजपा - सुशील आनंद शुक्ला

भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के मंडी शुल्क में बढ़ोत्तरी के आरोप को कांग्रेस ने भाजपा का भ्रम फैलान करार दिया है। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा है कि छत्तीसगढ़ में किसान धान बेचने में मशगूल है उन्हें उनकी फसल की भरपूर कीमत मिल रहा है। भूपेश सरकार खरीदी केंद्रों में चाक चौबंद व्यवस्था कर किसानों से धान खरीद रही है।